कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 01:15 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 30 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 254, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप व हैरिस ने एक-दूसरे पर किए तीखे हमले 14

सोने के गहनों में परंपरा की खूबसूरती : रश्मिका 13

## विमानों को बम की धमकी एक आरोपी की पहचान

नागपुर, एजेंसी

- नागपुर का रहने वाला है आरोपी आतंकवाद पर लिखी है किताब



महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस ने राज्य के गोंदिया निवासी 35 वर्षीय व्यक्ति की पहचान एयरलाइनों के विमानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी देने वाले के रूप में की है।

नागपुर शहर की पुलिस की विशेष शाखा ने आरोपी की पहचान जगदीश उइके के रूप में की है जो आतंकवाद पर एक किताब का लेखक है। उसे एक मामले में 2021 में गिरफ्तार किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि धमकी भरे ईमेल का उइके से संबंध होने का पता चलने के बाद से वह फरार है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्वेता खेडकर के नेतृत्व में की गई जांच में उइके के ईमेल से जुड़े विस्तृत तथ्य सामने आए। उइके ने प्रधानमंत्री कार्यालय, रेल मंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री, एयरलाइन कंपनियों के कार्यालयों, डीजीपी और रेलवे सुरक्षा बल सहित विभिन्न सरकारी संस्थाओं को धमकी भरे ईमेल भेजे।

## राम के आगमन पर जन-जन के घर दीप से हो उजियारा : योगी

### मुख्यमंत्री ने अयोध्या के दीपोत्सव को राष्ट्रव्यापी बनाने का किया आह्वान, राममंदिर बनने के बाद पहले दीपोत्सव का लखनऊ-मेरठ से जगाया उत्साह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दीपावली के एक दिन पहले अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव को राष्ट्रव्यापी बनाने की तैयारी है। लखनऊ और मेरठ के कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 500 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद राम मंदिर बनने के बाद पहले दीपोत्सव देशभर में उत्साह जगाते हुए आह्वान किया कि राम के आगमन पर बुधवार को भी जन-जन के घर दीपक से उजियारा हो।

अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव की नींव पहली बार मुख्यमंत्री की बागडोर संभालते हुए योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में डाली थी। इसके पहले त्रेतायुग की रामनगरी में यह आयोजन सिर्फ रामायण, रामचरित मानस आदि धार्मिक ग्रंथों के जरिए ही लोगों की जेहन में था। जब आतताई लंकापति रावण का वध करके 14 वर्ष का वनवास पूरा कर राम, पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण और सेना समेत पुष्पक विमान से अयोध्या लौटते हैं तो लोगों ने भव्य दीपोत्सव के माध्यम से खुशियां मनाई थी। किंतु, मुख्यमंत्री योगी ने इसे प्रांतीय आयोजन का दर्जा देते हुए लगातार आठवीं बार सरकार और जनसहभागिता से भव्यता दे रहे हैं। उन्होंने इस बार 500 वर्षों की प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने की खुशी में अयोध्या के साथ ही इसे देशभर में सभी को अपने घरों में दीप जलाने की अपील की है। अयोध्या में अध्यात्म, संस्कृति व परंपरा के इस संगम में सुबह रामायण के प्रसंगों पर झांकियां निकलेगी। कई प्रदेशों के कलाकार अपनी संस्कृति से रूबरू कराएंगे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में श्रीराम का अभिषेक और पतित पावनी सरयू के तट महाआरती के बाद आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव का नया विश्व कीर्तिमान बनेगा।

अयोध्या में 35 लाख से अधिक व राम की पैड़ी पर 25 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित करने की तैयारी है। केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत राज्य के मंत्री भी साक्षी बनेंगे। मंगलवार को पूरी अयोध्या नगरी का दुल्हन की तरह श्रृंगार किया जा चुका है।

### दीपोत्सव के लिए आज अयोध्या पहुंचेंगे मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** दिव्य दीपोत्सव में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दोपहर 2:40 बजे अयोध्या पहुंचेंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री राजवीर सिंह सहित अन्य के आने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री राम कथा पार्क में प्रदर्शनी और झांकियों का अवलोकन करेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों के बाद राम की पैड़ी सरयू तट पर आरती में शामिल होंगे।

### यह प्रतीक्षा 500 वर्ष बाद पूरी हो रही: प्रधानमंत्री मोदी

नौवें आयुर्वेद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस व धन्वंतरि जयंती की शुभकामना देते हुए अयोध्या धाम की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने बहुत दीपावली देखी है, लेकिन यह दीपावली ऐतिहासिक है। 500 साल बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला के जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाए जाएंगे। अद्भुत उत्सव होगा। यह ऐसी दीपावली होगी, जब हमारे राम एक बार फिर अपने घर आए हैं। इस बार यह प्रतीक्षा 14 वर्ष बाद नहीं, बल्कि 500 वर्ष बाद पूरी हो रही है।

### एक नजर

#### बंबीहा गिरोह के दो शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक व्यवसायी के घर पर गोलीबारी करने के मामले में वांछित कौशल चौधरी-बंबीहा गिरोह के दो शार्प शूटरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों ने उत्तरी दिल्ली में एक व्यवसायी के रानी बाग स्थित घर पर कथित रूप से गोलीबारी की थी। पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के रहने वाले 22 वर्षीय बिलाल अंसारी और 21 वर्षीय शुहेब को मंगलवार सुबह एक अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रणव तायल ने बताया कि 28 और 29 अक्टूबर की दरमियानी रात गुप्त सूचना मिली कि शूटर अपने साथियों से मिलने के लिए ककरोला इलाके में आएंगे।

#### सट्टेबाजी में संलिप्त वेबसाइट पर फिर छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि आईपीएल क्रिकेट मैचों के अवैध प्रसारण के अलावा 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर कथित रूप से ऑनलाइन सट्टेबाजी करने में लिप्त एक वेबसाइट के खिलाफ धनशोधन मामले में उसने फिर छापेमारी की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि मुंबई और गुजरात के कच्छ में 25 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान अभियोजनयोग्य दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों और अचल संपत्ति संबंधी कागजातों के अलावा चार करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, बैंक जमाराशि एवं चांदी के छड़ें जब्त की गई हैं।

## अब 70 से अधिक उम्र वालों को भी पांच लाख का मुफ्त इलाज

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की आयुष्मान भारत विस्तार योजना की शुरुआत

- योजना को लागू न करने पर दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकारों पर साधा निशाना
- 12,850 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में एक लाभार्थी को आयुष्मान वय वंदना कार्ड सौंपते प्रधानमंत्री। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में अब 70 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों का हर साल 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त कराया जा सकेगा। इसके लिए कोई शर्त नहीं रहेगी। राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत विस्तार योजना की शुरुआत की।

उन्होंने आयुष्मान योजना लागू नहीं करने पर दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि इन दोनों राज्यों के बुजुर्गों को इसके विस्तारित कार्यक्रम के तहत मुफ्त इलाज का लाभ नहीं मिल पाएगा। इस योजना से सभी आय वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं दिल्ली और पश्चिम बंगाल के 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग से क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। क्योंकि अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकार आयुष्मान भारत योजना से जुड़ नहीं रही हैं। मोदी ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा और उन्हें आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। धन्वन्तरी जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर लगभग 12,850 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद मोदी ने कहा कि इस साल के आम चुनावों के दौरान उन्होंने वादा किया था कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाया जाएगा।

### 51 हजार युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अब ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे हर युवा को अवसर मिले। यहां रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में हाल में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

### यू-विन प्लेटफार्म की शुरुआत की

मोदी ने यू-विन प्लेटफॉर्म की शुरुआत करते हुए कहा कि यह भारत को स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीकी रूप से उन्नत सुविधा प्रदान करेगा। कहा कि दुनिया ने महामारी के दौरान हमारे को-विन प्लेटफॉर्म की सफलता देखी और यूपीआई भुगतान प्रणाली की सफलता एक वैश्विक कहानी बन गई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का लक्ष्य डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में इस सफलता को दोहराना है।

## गाजियाबाद जिला कोर्ट में बवाल, पुलिस चौकी फूंकी

### जिला जज और पूर्व बार अध्यक्ष के बीच कहासुनी ने पकड़ा तूल

- अधिवक्ताओं पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, एक दर्जन घायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजियाबाद जिला कोर्ट में मंगलवार को बवाल हो गया। कोर्ट में पुलिस ने वकीलों पर लाठियां बरसाईं। लाठीचार्ज के दौरान 12 से अधिक वकील घायल हो गए। बवाल जिला जज और पूर्व बार अध्यक्ष के बीच कहासुनी के बाद बढ़ा। जिसके बाद पूरे कोर्ट में अराजकता का माहौल बन गया।

मंगलवार सुबह एक जमानत अर्जी को दूसरे कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग पर जिला जज अनिल कुमार और पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष नाहर सिंह यादव के बीच बहस हो गई। इससे नाराज होकर जज डायस से नीचे आ गए। पूर्व बार अध्यक्ष के साथ मौजूद वकीलों ने कहासुनी के बाद जिला जज से बदसलूकी की। इस पर हंगामा शुरू हो गया। कोर्ट रूम में पुलिस को बुला लिया गया। वकीलों ने हंगामें के दौरान कामकाज बंद कर दिया। सूचना मिलते ही भूतल पर तैनात पीएसी के जवान भी पहुंच गए। वकील इस दौरान पुलिस अधिकारियों से उलझ गए। इस पर पीएसी ने लाठियां भांजनी शुरू कर दी। नाराज वकीलों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पूरे परिसर में भगदड़ की स्थित बन गई।

हंगामे और लाठीचार्ज के दौरान कचहरी परिसर में स्थित पुलिस चौकी में आगजनी की घटना हो गई। आग लगते ही अफरा-तफरी का माहौल हो गया। वकीलों का आरोप है कि जिला जज कोर्ट रूम में उन्हें दरवाजे बंद करवाकर पिटवाया। इसमें कई वकील गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश अधिवक्ता एसोसिएशन ने नाराजगी जाहिर करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिस के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में गाजियाबाद पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि वकीलों के एक समूह ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान जिला जज पर दबाव डाल रहे थे। इस दौरान उन पर हमला करने का प्रयास किया। बाद में वकीलों ने कचहरी परिसर की चौकी में भी आग लगा दी।

### कोर्ट परिसर में लाठीचार्ज के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**प्रयागराज।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने गाजियाबाद न्यायालय परिसर के अंदर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट से उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का आरोप है कि जिला जज, गाजियाबाद ने हाईकोर्ट को सूचित किए बिना या बार काउंसिल को सूचित किए बिना ही पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को बुलाकर अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज कराया। इस मनमाना कार्यवाही पर बार काउंसिल ने अपना विरोध दर्ज करते हुए प्रकरण की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच के लिए एक विशेष जांच समिति गठित की, जिसे जांच कर अपनी रिपोर्ट बार काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बार काउंसिल ने 30 अक्टूबर को भी बैठक आहूत की है, जिसमें अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्णय लिया जा सके। उपरोक्त जानकारी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने दी है।

### राज्य कर्मचारियों का तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ा

- सरकार ने दिया दिवाली गिफ्ट

**देहरादून।** दीपावली पर धामी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता यानी डीए बढ़ाकर बड़ी सौगात दी है। धनतेरस के मौके पर वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने आदेश जारी किए हैं। महंगाई भत्ता अब 50% से बढ़कर 53% फ़ीसदी कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के तकरीबन तीन लाख से ज्यादा कर्मचारी व पेंशनर सीधे-सीधे लाभान्वित होंगे। जिनके वेतन भत्तों व पेंशन में बढ़ोतरी होगी। सचिवालय संघ के अध्यक्ष सुनील लाखेड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का आभार जताते हुए कहा कि निश्चित तौर से यह प्रदेश के राजकीय कर्मचारियों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कर्मचारी संघ की ओर से सरकार का धन्यवाद किया है। लखेड़ा ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारी संघ इस मांग को लेकर आंदोलनरत रहा है।

## सलमान, जीशान को धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार

मुंबई/नोएडा, एजेंसी

- 20 साल के आरोपी को पूछताछ के लिए मुंबई ले जा रही पुलिस

मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में नोएडा से 20 वर्षीय एक युवक को सोमवार को गिरफ्तार किया।

मंगलवार को निर्मल नगर थाने के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पहले विधायक जीशान सिद्दीकी के हेल्पलाइन नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा और बाद में वॉयस कॉल किया, जिसमें उसने सिद्दीकी और अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी। तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को जांच के लिए मुंबई लाया जा रहा है। नोएडा के थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नोएडा और मुंबई पुलिस ने सेक्टर 92 स्थित एक निर्माणाधीन मकान से तैयब अंसारी को गिरफ्तार किया। आरोपी से घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

### बरेली का रहने वाला है तैयब

**बरेली।** सलमान खान को धमकी देने वाला मो. तैयब बरेली में भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया हाफिज का रहने वाला है। नोएडा में उसकी गिरफ्तारी के बाद थाना पुलिस, एसओजी और खुफिया टीमों ने उसके घर जाकर पूछताछ की।

## एनसीआर में मादक पदार्थ लैब का भंडाफोड़

- तिहाड़ जेल के वार्डन समेत पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नोएडा में मेक्सिको के एक मादक पदार्थ गिरोह से जुड़ी एक मेथम्फेटामाइन (एक किस्म का मादक पदार्थ) लैब का भंडाफोड़ कर तिहाड़ जेल के वार्डन और दिल्ली के दो व्यापारियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के कासना औद्योगिक इलाके में 25 अक्टूबर को एक मादक पदार्थ लैब का भंडाफोड़ कर वहां से तरल एवं ठोस स्वरूप में लगभग 95 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन बरामद की गई। गिरोह का नेटवर्क राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई इलाकों में फैला हुआ है।

## पूर्व आईजी डीके पांडा से आठ लाख रुपये ठगने का प्रयास

संवाददाता, लखनऊ/प्रयागराज

- राजस्थान के ठगों का निवेश के नाम पर जालसाजी का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी डीके पांडा के साथ राजस्थान के साइबर जालसाजों ने निवेश के नाम पर आठ लाख रुपये ठगने का प्रयास किया। आरोप है कि पांडा का पासपोर्ट, आधार कार्ड व अन्य गोपनीय दस्तावेज का प्रयोग टेरर फंडिंग में करने की धमकी दी थी। पांडा ने प्रयागराज के धूमनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलतः ओडिशा के निवासी 1971 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे देवेंद्र किशोर पांडा धूमनगंज इलाके में प्रीतमनगर एलडीए कालोनी में रहते हैं। आईजी के पद पर तैनाती के दौरान वर्ष 2015 में स्वयं को दूसरी राधा बताते हुए महिला वेशभूषा धारण किया और नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। पांडा ने प्रार्थना पत्र में लिखा कि उनको 26 अक्टूबर को दोपहर 3.25 बजे एक कॉल आई। कॉलर ने खुद का परिचय राजस्थान के आरव शर्मा के रूप में दिया। वह सीवाईसीईसी कंपनी साइप्रस में काम करता है। बताया कि पांडा को 381 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। यह रकम चाहिए तो आठ लाख रुपये उसके बताए खाते में जमा करा दें। पांडा ने रुपये देने से मना किया तो आरव ने धमकी दी कि उनके पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड का प्रयोग कर टेरर फंडिंग करेगा। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने बताया कि ठगों ने 381 करोड़ का लालच देकर पांडा से आठ लाख रुपये ठगने का प्रयास किया। उनके प्रार्थना पत्र पर धूमनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

## काशीपुर के व्यापारी व भाजपा नेता ने खुद को गोली मारी, मौत

संवाददाता, काशीपुर



- कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** प्रतिष्ठित व्यापारी व भाजपा नेता दीपक अग्रवाल ने खुद को गोली मार कर खुदकुशी कर ली। सुबह घर पर हुई इस घटना की सूचना फैलते ही शहर में सनसनी फैल गई। पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन मौत के कारण का पता नहीं चल सका है।

गिरीताल कॉलोनी निवासी दीपक अग्रवाल (46) का मेंथा का व्यापार था। वर्तमान में उनकी टाइल्स फैक्टरी के अलावा कई दूसरे व्यवसाय हैं। दीपक अग्रवाल परिवार में दो भाइयों में बड़े थे। उनका परिवार भाजपा में सक्रिय है। मंगलवार को दोनों भाइयों को अपने परिचितों को दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए देहरादून जाना था। सुबह करीब साढ़े पांच बजे दीपक अपने घर के अंदर स्थित बगीचे में टहल रहे थे। अचानक फायर की आवाज आने से घर में हड़कंप मच गया। भाई उदित व अन्य परिजनों ने जाकर देखा तो दीपक का शव बगीचे में पड़ा था। शव के पास ही उनका लाइसेंसी रिवाल्वर भी पड़ा था। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी अभय सिंह, कोतवाल विक्रम राठौर टीम समेत पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। एएसपी ने सुसाइड की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी कारण पता नहीं चल सका है।बताया जाता है कि दीपक अग्रवाल कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। परिवार में पत्नी दीप्ति के अलावा पुत्र दिव्यांशु व पुत्री रिद्धि है। जसपुर विधायक आदेश चौहान, संदीप सहगल, केके अग्रवाल, योगेश जिंदल, प्रमोद तोमर, सर्वेश शर्मा, प्रवीण सेठी, आशीष अग्रवाल, वाशु शर्मा, संजीव आकाश, गौरव गर्ग, अरविंद सक्सेना आदि ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

## दीपोत्सव के दीये बिछाने में भी अयोध्यावासियों ने बनाया रिकॉर्ड

### 30 हजार स्वयंसेवकों ने 100 घंटे में 55 घाटों पर बिछाए 28 लाख दीये, 22 समितियों, 55 घाट प्रभारियों, 300 से अधिक शिक्षकों का भी योगदान

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** 'राम की उपस्थिति' में होने जा रहे पहले दीपोत्सव में विश्व रिकॉर्ड बनने से पहले ही डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के मार्गदर्शन में एक और रिकॉर्ड बना दिया। 30 हजार स्वयंसेवकों ने चार दिन में महज 100 घंटे में 55 घाटों पर 28 लाख दिए बिछा दिए।

रामनगरी के घाटों पर बुधवार शाम जब एक साथ 28 लाख दिए प्रज्ज्वलित होंगे तब उसकी आभा में स्वयंसेवकों और विश्वविद्यालय प्रशासन का परिश्रम भी परिलक्षित होगा। इससे नकारा नहीं जा सकता है कि दीपोत्सव में अवध विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहली बार है कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने अपने कार्यकाल के दूसरे दीपोत्सव की तैयारी के लिए दो माह से अनवरत बैठकों के जरिए मार्गदर्शन दिया। इस रिकॉर्ड में 55 घाट प्रभारियों, 22 समितियों के जिम्मेदारों, 14 महाविद्यालयों के साथ 37 इंटर कॉलेज, 40 स्वयंसेवी संस्थाओं का भी योगदान रहा। हर ब्लॉक में 256 दीए बिछाने में स्वयंसेवकों की एक-एक टीम को दो से तीन घंटे लगे। चार दिनों तक चले दीये बिछाने के कार्य में एक लाख 20 हजार से अधिक लंच पैकेट और दो लाख से अधिक पानी की बोतलों का वितरण भी एक नये रिकॉर्ड के रूप में दर्ज किया गया है।



राम की पैड़ी पर दीपोत्सव के लिए बिछाए गए दीये।

### जलते दीयों की होगी गिनती

इस बार दीयों में तेल भरने की क्षमता 40 से घटाकर 30 मिलीलीटर कर दी गई है। इन्हें जलाने के लिए 91 हजार लीटर सरसों के तेल का इस्तेमाल होगा। 30 अक्टूबर की शाम सभी घाटों पर एक साथ स्वयंसेवक दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। दीपों को 30 मिनट में प्रज्ज्वलित करना जरूरी है। इसके बाद 5 मिनट तक जलते दीपों की गिनती होगी।

### दीपोत्सव पर हरे रंग की पोशाक में दर्शन देंगे रामलला

राम मंदिर में विराजमान श्रीरामलला दीपोत्सव के दिन बुधवार को हरे रंग की पोशाक धारण करेंगे। जिसे दिल्ली से विशेष कारीगरों द्वारा तैयार करके अयोध्या लाया गया है। दिवाली के दिन पीले वस्त्र धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। 500 साल बाद आए इस महत्वपूर्ण पल का उल्लास पूरी नगरी में दिख रहा है। गर्भगृह में 21 दीप और अखंड ज्योति को प्रकाशित किया जाएगा। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली दिवाली भव्यता के साथ मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि परिसर में दो दिन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान रामलला का विशेष श्रृंगार होगा। दीपोत्सव के दिन छोटी दीपावली और हनुमान जी की जयंती भी मनाई जाएगी। राम मंदिर पूजन व्यवस्था के प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि सुबह अभिषेक के बाद भव्य श्रृंगार किया जाएगा। वस्त्र तैयार करने वाले मनीष त्रिपाठी ने बताया कि सिल्क कपड़े से सुंदर वस्त्र तैयार किए गए हैं।

> दीपोत्सव की सभी तैयारियां समय पर पूरी हो गई हैं। अब गणना का कार्य किया जा रहा है। निश्चित रूप से 30 अक्टूबर को विश्व रिकॉर्ड बनेगा। सभी स्वयंसेवकों और टीम ने अथक परिश्रम किया।
>
> -**प्रो. एसएस मिश्र**, नोडल अधिकारी, दीपोत्सव।

## सार-संक्षेप



रंगोली मेकिंग कार्यक्रम में भाग लेते द्रोण पब्लिक स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

### द्रोण स्कूल के बच्चों ने बनाये सुंदर दीये व रंगोली

**हल्द्वानी** : टनकपुर रोड स्थित द्रोण पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर दीया व रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों ने सुंदर दीये बनाये। जबकि कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों ने सुंदर दीये व रंगोली बनाई। स्कूल के प्रबंधक तरुण मठपाल और प्रधानाचार्या ज्योति चावला ने बच्चों की बनाई गई रंगोली की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में नेहरू हाउस प्रथम, पटेल हाउस द्वितीय और गांधी हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इस मौके पर किरन बिष्ट, सुनीता भाकुनी, पूजा बिष्ट, विदुषी अग्रवाल मौजूद रहे।



संजय परगांई को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कवि संजय को मिला गोमती साहित्य रत्न सम्मान

**भीमताल** : उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर मोहम्मदी में सुप्रसिद्ध संस्था कथाकुंज ने राष्ट्रीय काव्य महोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें देशभर से साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान और सक्रिय भागीदारी करने वाले 15 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नैनीताल जिले के सुरंग गांव निवासी युवा कवि संजय परगांई को साहित्य समर्पण भाव और कम उम्र में साहित्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियों को देखते हुए गोमती साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा 11 कवियित्रियों को केतकी साहित्य रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, ब्रांन्ड अंबेसडर नीमा पंत आदि मौजूद रहे।



बिजी बीज स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### गरबा नृत्य की प्रस्तुति ने बढ़ाया मेले का आकर्षण

**हल्द्वानी** : जज फार्म स्थित बिजी बीज स्कूल में दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावक व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभिभावकों ने शानदार धुनों पर गरबा नृत्य की प्रस्तुति से मेले का आकर्षण और बढ़ा दिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की निदेशक रश्मि रौतेला ने दीप प्रज्जवलित कर की। आयोजन में अभिभावकों के लिए विशेष स्टेज प्रतियोगिताएं भी रखी गईं। कार्यक्रम में अनेक प्रकार के व्यंजन, हस्त निर्मित दीपावली से संबंधित सजावट का सामान, मनोरंजक खेल आदि स्टॉल लगाए गए। बच्चों को प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र कुमार रौतेला, सुरेश रौतेला, महिपाल रौतेला, ओम पाल रौतेला, महेश जोशी, अकेडमिक कोर्डिनेटर बीबी जोशी, कॉर्डिनिटर प्रदीप मित्रा, एससी मिश्रा, अश्वनी सारस्वत, तुलिका रस्तोगी, अनिका वर्मा, एसएस कपकोटी, दीपक जोशी, मनीषा जोशी, गीता कर्णाटक, मंजरी मेहरा मौजूद रहे।

### दीपावली से पहले एक हुए तीन परिवार

**हल्द्वानी** : पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मंगलवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की अध्यक्षता में महिला ऐच्छिक ब्यूरो का मासिक काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में 7 परिवारों की काउंसलिंग की गई। दीपावली से ठीक पहले हुई काउंसलिंग में 3 परिवार फिर से एक साथ हंसी-खुशी रहने को राजी हो गये। काउंसलिंग सत्र में उपस्थित सदस्यों में मनोचिकित्सक डॉ. युवराज पंत, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा बहादुर सिंह बिष्ट, शिक्षाविद डॉ. प्रभा पंत और अधिवक्ता राम सिंह बसेड़ा रहे। महिला समाधान केंद्र की प्रभारी सुनीता कुंवर ने काउंसलिंग के दौरान 7 मामले रखे। 3 मामलों में पति-पत्नी ने हंसी-खुशी अपने घर लौटने का निर्णय लिया। जबकि 4 मामलों में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि पुलिस परिवारों के बीच समझौता और शांति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, आगे भी इस दिशा में कार्य करते रहेंगे।

### नोवा कंपनी के पनीर में धांधली, जुर्माना लगाया

**हल्द्वानी** : नोवा कंपनी के पनीर में बड़ी धांधली का मामला सामने आया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कंपनी के पनीर के पैकेट पकड़े, जिसमें एक दिन बाद की निर्माण तिथि लिखी थी। जिस पर कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है। बीती 28 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम रामपुर रोड में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक वाहन आता दिखाई दिया। जिसमें नोवा कंपनी के पनीर के साथ ही दूध और घी के पैकेट रखे थे। टीम ने जांच की तो पता चला कि नोवा कंपनी के 200 ग्राम के पनीर के पैकेट पर निर्माण तिथि 29 अक्टूबर लिखी थी। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र टम्टा ने सभी पनीर के पैकेटों को जिले में बिक्री के लिये प्रतिबंधित कर दिया। कंपनी प्रबंधक को जब इसकी सूचना मिली तो गलती स्वीकार करते हुए उक्त बैच के सभी पनीर के पैकेटों को वापस मंगा लिया। कासगंज की एक फर्म के वाहन से माल भेजा जा रहा था।

### आमपड़ाव क्षेत्र में पलटा कूड़ा वाहन

**नैनीताल:** शहर के आमपड़ाव क्षेत्र में कूड़ा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि वाहन चालक व सवार को कोई गंभीर चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहन सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर भवाली पालिका का कूड़ा वाहन कूड़ा लेकर हल्द्वानी की ओर जा रहा था। आमपड़ाव क्षेत्र में मोड़ पर अचानक वाहन अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गया। जिससे सड़क पर यातायात भी बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची ज्योलीकोट पुलिस ने वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि पुलिस से पहुंचने से पूर्व ही चालक मौके से जा चुका था।

# देवभूमि रजतोत्सव में हर नागरिक की भागीदारी हो सुनिश्चितः रतूड़ी

## मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मंडलायुक्त व जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी/ नैनीताल



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े मंडलायुक्त दीपक रावत।

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मंगलवार को सचिवालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का राज्य तथा जिला स्तर पर भव्य आयोजन किया जाए।

मंडलायुक्त दीपक रावत ने मुख्य सचिव को बताया कि जनपद नैनीताल में राज्य स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष राज्य के स्थापना के 24 वर्ष पूरे हो जाएंगे तथा 25वीं रजत जयंती की शुरुआत होगी, इसलिए प्रदेशवासियों के लिए इसका विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आमजन, अन्य प्रदेशों व विदेश में रहने वाले प्रवासियों, राज्य के विकास में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भागीदार बनने वाले सभी लोगों को देवभूमि रजतोत्सव में भागीदार बनाया जाए। इस वर्ष 9 नवंबर से अगले वर्ष 9 नवंबर तक पूरे वर्ष मनाने वाले 'देवभूमि रजतोत्सव' की शुरुआत होगी। इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का आयोजन लगभग 6 नवंबर से शुरू होकर सप्ताह भर तक किए जाने का प्रस्ताव है, जिसकी शुरुआत नई दिल्ली में उत्तराखंड सदन में रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्तराखंड मूल के अधिकारियों, कार्मिकों व प्रवासियों की भागीदारी से किया जाना है। अगले क्रम में प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन, भव्य खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण की थीम पर विशेष उत्सव, जरूरतमंदों के लिए बहुउद्देशीय शिविर, मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, दिव्यांगों के लिए विशेष कार्यक्रम, विभिन्न सम्मान व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम, राज्य आन्दोलकारियों व शहीदों की गौरवगाथा जैसे विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने 24 वर्षों में राज्य की उपलब्धियों एवं विकास की संभावनाओं पर स्कूल व कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है। मंडल तथा जिला स्तर पर राज्य स्थापना दिवस को भव्यता से किए जाने के लिए विशेष तैयारियों के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव विनय शंकर पांडे, दीपेंद्र कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे वर्चुअली जुड़े रहे।

## सावधान...दीपावली पर साइबर क्रिमिनल न निकाल दें दिवाला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीपावली तक बाजार में लुभावने ऑफर्स की भरमार होती है। चूंकि दौर डिजिटल मार्केट का है तो आपके मोबाइल, लैपटॉप पर भी तरह-तरह के ऑफर्स आ रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन खरीदारी करने से पहले पुलिस का यह पोस्टर जरूर देख लें और दी गई हिदायतों को दिमाग में बैठा लें। कहीं ऐसा न हो कि साइबर क्रिमिनल दीपावली पर आपका दिवाला निकाल दें।

नैनीताल पुलिस ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्टर जारी करते हुए लिखा है कि न चांदी जैसा रंग, न सोने जैसे बाल, साइबर ठग पल भर में कर देंगे कंगाल...। पुलिस ने इस पोस्टर के माध्यम से दीपावली के दौरान लालच भरे कॉल और इससे होने वाली साइबर ठगी से बचने को ये पहल की है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि त्योहरी सीजन में साइबर अपराधी सक्रिय रहते हैं।

लोगों को फोन कॉल्स या लिंक भेजकर त्योहारी सीजन में खरीदारी या अन्य वस्तुओं का लालच देकर साइबर ठगी का प्रयास करते हैं। ऐसे कुछ एक मामले सामने भी आए हैं। साइबर अपराध से बचने के लिए पोस्टर की मदद लेकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें पुलिस ने लिखा है कि किसी अनजान व्यक्ति, फोन कॉल या एसएमएस में आई हुई अंजान लिंक को क्लिक न करें। अंत में पुलिस के इस पोस्टर में लिखा है कि यदि अनजाने में साइबर ठगी के शिकार हो गए हों तो www.cybercrime.gov.in या 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## पूर्व प्रशासनिक अधिकारी की छत से गिरकर मौत



नवल किशोर पंत।

**हल्द्वानी :** सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी घर की तीसरी मंजिल से गिरकर घायल हो गये थे। 10 दिन चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। भवाली गांधी कॉलोनी निवासी नवल किशोर पंत (69) उद्यान विभाग से प्रशासनिक पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

उनकी पत्नी रेनू पंत एडीजे कोर्ट में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनके बेटे वैभव पंत ने बताया कि पिता को बागवानी का शौक था। वह प्रतिदिन सुबह बालकनी में रखे पौंधों में पानी डालते थे। 19 अक्टूबर को इसी दौरान वह तीसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गये। उन्हें नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। नवल किशोर की मौत से उनके घर में मातम है। घर में पत्नी, एक लड़का और एक लड़की हैं। लड़का वैभव एलएलबी कर रहा है। लड़की हिमाद्री एचसीएल कंपनी में जॉब करती हैं। उनका अंतिम संस्कार सुबह नौ बजे भवाली शिप्रा नदी के घाटमें कियाजाएगा।

# मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए घरों में बनने लगे सुंदर ऐपण

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** दीपावली के मौके पर कुमाऊं के हर घर घर में इन दिनों पारंपरिक ऐपण बनाये जा रहे हैं। जो अपने आप में खास है। दीपावली की रात इन्ही ऐपण की चौकी पर मां लक्ष्मी की पूजा भी की जाती है और मां इस चौकी पर विराजती हैं।

पौराणिक समय से उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में शुभ कार्यक्रम के लिए एपण बनाई जाते हैं। खासकर दीपावली के दौरान घरों में ऐपण का विशेष महत्व रहता है। घर की महिलाओं द्वारा दहलीज, घरों की दीवार और मंदिरों में एपण किए जाते हैं। जिसमें गेरू और चावल को पीसकर बनाए गए घोल (बिस्वार) का प्रयोग होता है। ऐपण में विभिन्न तरह की चौकियां बनाई जाती हैं। अलग-अलग शुभ कार्यों के लिए अलग-अलग चौकियों पर ऐपण की जाती है। पूजन के दौरान भगवान के आसन से लेकर शादी विवाह तक ऐपण का महत्व है। जिसे एक तरह से शुभ आकृति माना जाता है। संस्कृति के जानकार बृजमोहन जोशी बताते हैं कि ऐपण उत्तराखंड की यह पौराणिक लोक चित्रकला है। जिसमें दीपावली के दौरान लक्ष्मी चौकी, जनेऊ चौकी, पार्थिव पूजन चौकी, शिव पूजन, नव दुर्गा, लक्ष्मी नारायण चौकी, विवाह चौकी का निर्माण किया जाता है। उत्तराखंड के हर तीज त्यौहार व सांस्कृतिक उत्सव के लिए अलग-अलग ऐपण चौकी हैं।



ऐपण से देहली पर पांव की आकृति बनाती महिला। ● अमृत विचार

### गेरू और चावल के बिस्वार को भूले लोग

बृजमोहन जोशी बताते हैं कि ऐपण अब अपना मूल स्वरूप खोती जा रही है। ऐपण में गेरू और चावल के घोल (बिस्वार) का प्रयोग अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। पिछले कुछ सालों से घरों की दहलीज, दीवारों और मंदिरों में किए जा रहे ऐपण में आधुनिक लाल और सफेद पेंट का प्रयोग किया जा रहा है। गेरू और बिस्वार का प्रयोग अब काफी कम हो चुका है। अब ऐपण के कंप्यूटराइज्ड स्टीकर बाजार में पहुंच गये हैं। कंप्यूटर में ऐपण बनाकर उनके स्टीकर बनाये गये हैं जिन्हें सीधे घरों की दहलीज में चिपकाया जा सकता है। बाजारवाद के चलते उत्तराखंड की पारंपरिक लोक चित्र कला ऐपण का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। इसी के साथ उत्तराखंड की एक पौराणिक लोक चित्र कला लगभग विलुप्ति की कगार पर पहुंच गई है।













**आज का मौसम**

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 29.0° | 21.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.23 | सूर्यास्त 17.27 |

## एक नजर

### दीपावली का अवकाश कल

**हल्द्वानी :** राज्य सरकार ने दीपावली के अवकाश में संशोधन किया है। सामान्य प्रशासन सचिव दीपेंद्र चौधरी ने बताया कि पूर्व में दीपावली का अवकाश 1 नवंबर को था, जो अब 31 अक्टूबर कर दिया गया है। एक नवंबर को सरकारी कार्यालय यथावत खुलेंगे।

### एसटीएच में दांतों के एक्स-रे की सुविधा बंद

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में दांतों के एक्स-रे की सुविधा बंद हो गई है। जिस वजह से मरीज बाहर एक्स-रे कराने को मजबूर हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि शीघ्र ही दांतों के एक्स-रे की सुविधा शुरू कर दी जायेगी। इधर, बेस अस्पताल में दंत चिकित्सक के अवकाश पर जाने से मरीज परेशान हैं। हालांकि यहां फिलिंग, एक्स-रे और रूट केनाल की कोई सुविधा नहीं हैं। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग को पुनः पत्र लिखा जायेगा।

### पालिका टीम ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण

**नैनीताल :** शहर में सरकारी संपत्ति पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने का सिलसिला नहीं थम रहा। अंडा मार्केट क्षेत्र में निवासरत व्यक्ति की ओर से अवैध निर्माण किया जा रहा था। पालिका टीम ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि अंडा मार्केट क्षेत्र में महिला की ओर से अवैध निर्माण कराने की सूचना मिल रही थी। विभागीय टीम को मंगलवार को मौके पर भेजा तो पाया कि दो भवनों के बीच निर्माण कार्य किया जा रहा है। टीम ने तत्काल कार्य रुकवाकर अवैध निर्माण ध्वस्त करा दिया है।

### कच्ची और अंग्रेजी शराब के साथ तीन दबोचे

**हल्द्वानी :** कोतवाली और मुखानी पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुखानी पुलिस ने चेकिंग के दौरान गुजरौड़ा रोड के पास से 84 पाउच कच्ची शराब के साथ सोनू सिंह निवासी ग्राम अरसान सहमत बाजपुर ऊधमसिंह नगर को दबोचा। वहीं, दूसरे मामले में भी मुखानी पुलिस ने 75 पाउच कच्ची शराब के साथ रोशनपुर थाना गदरपुर निवासी जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया। इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने 24 अंग्रेजी शराब की बोतलों के साथ गोविंदपुरा सुभाष नगर हल्द्वानी निवासी गुरप्रीत सिंह को पकड़ा है।

# धनतेरस पर बाजार में 350 करोड़ की धनवर्षा

## सोना-चांदी, ऑटो मोबाइल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, बर्तन, कपड़ा बाजार में हुआ करोड़ों का कारोबार

**260** करोड़ रुपये का हुआ ऑटो मोबाइल्स का कारोबार 12 करोड़ के

**10** करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के कारोबार का अनुमान, कारोबारियों के चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धनतेरस पर बाजारों में जमकर धन की बारिश हुई। ऑटोमोबाइल्स, सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, बर्तन और कपड़ा बाजारों में 350 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। वहीं, बाजार में भीड़ उमड़ने से कारोबारियों के चेहरे खिल उठे।

मंगलवार को धनतेरस को लेकर बाजार सुबह से ही सज गए थे। दोपहर बाद बाजार में रौनक बढ़ना शुरू हुई। शहर के मुख्य बाजारों पटेल चौक, बर्तन बाजार, कारखाना बाजार, मीरा मार्ग खरीदारों से पट गए। लोगों ने धनतेरस पर शुभ व समृद्धि के प्रतीक के तौर पर बर्तन, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, सोना-चांदी के जेवरात आदि की खरीदारी की। इधर, सोना चांदी में 60 करोड़, बर्तन में 12 करोड़, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद टीवी-मोबाइल, घरेलू उपकरण में 10 करोड़, कपड़ा पांच करोड़, अन्य सामान पूजन सामग्री व आतिशबाजी में तीन करोड़ की धूम धड़ाका हुई।

सर्राफा कारोबारियों की माने तो पिछले वर्ष की अपेक्षाकृत इस बार लोगों ने खरीदारी की। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऑटोमोबाइल सेक्टर ने बाजी मारी। धनतेरस पर 260 करोड़ की कार-बाइक बिकने का अनुमान है।



धनतेरस पर पटेल चौक स्थित एक दुकान से स्वर्ण आभूषण की खरीदारी करने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### ऑनलाइन कारोबार ने भी तोड़े रिकॉर्ड

**हल्द्वानी :** इस वर्ष ऑनलाइन भी रिकॉर्ड बिक्री हुई है। लोगों ने दीपावली पर मोबाइल, कपड़े, जूते, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अलावा उपहार देने के लिए परफ्यूम, किताबें, अन्य आइटम की ऑनलाइन खरीद की। एक अनुमान के मुताबिक हल्द्वानी मंर एक ही दिन एक करोड़ से अधिक का टर्नओवर हुआ है।



हल्द्वानी बाजार में धनतेरस पर बर्तन की खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## कालाढूंगी-कोटाबाग बाजार में उमड़ी भीड़

**कालाढूंगी:** धनतेरस पर कालाढूंगी, कोटाबाग व बैलपड़ाव बाजारों में दिन से रौनक देर शाम तक लगी रही। लोगों ने बर्तनों के साथ सोना-चांदी की खूब खरीदारी की। दुकानदारों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए आर्फर निकाले हैं। मंगलवार को धनतेरस पर बाजारों में धर व भीड़ दोनों देखने को मिला। आभूषणों के साथ-साथ नये बर्तन भी खरीदना शुभ माना जाता है। सुबह के समय बाजार में भीड़ कम थी जिसे देख दुकानदारों में मायूस थे।

जैसे-जैसे दिन बढ़ता रहा कालाढूंगी-कोटाबाग व बैलपड़ाव बाजारों में ग्राहकों की संख्या बढ़ते ही बाजार में रौनक रही। देर शाम तक बाजारों में भीड़ लगी रही। धनतेरस पर व्यापारियों को बाजार से अच्छी उम्मीद है। कोटाबाग व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि धनतेरस पर उम्मीद से अधिक भीड़ व खरीदारी हुई है। बर्तन व्यापारी गोविंद पांडे ने बताया कि पिछले साल से इस धनतेरस पर अच्छी बिक्री हुई है। लोगों ने वाहन, जेवर, बर्तन, दीये, इलेक्टॉनिक सामान, कपडे.सहित अन्य सामान की खरीदारी की।



कालाढूंगी बाजार में बर्तनों की दुकान पर खरीदारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### धनतेरस पर बाजार पूरी तरह से रहे पैक

**रामनगर :** धनतेरस पर बाजार में उम्मीद से ज्यादा भीड़ देखने को मिली। नगर एवं आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में देर रात तक बाजार में खरीदारी करते नजर आए। पुलिस प्रशासन ने पूरी चाक चौबंद व्यवस्था करते हुए बाजार में दुपहिया वाहनों तक के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगाई थी। भीड़भाड़ वाले पूरे बाजार में सादी वर्दी में भी पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। मिष्ठान भंडार, सुनार, खील बताशों की दुकानों सहित कोई ऐसी दुकान ऐसी नहीं थी जहां भीड़ न हो। कुल मिलाकर पिछले दिनों से पसरा सन्नाटे की कसर धनतेरस ने पूरी कर दी। देर रात तक लोगों ने भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना करते पूजा अर्चना भी की। उधर आतिशबाजी की दुकानों पर भी खरीदारी करते लोग दिखाई दिए। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था को लेकर लोग संतुष्ट दिखाई दिए।



रामनगर में देर रात तक बाजार में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

# डायवर्जन के बावजूद रेंगा यातायात, जाम में फंसे लोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**व्यवस्था**

- शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर राहगीरों को झेलनी पड़ी फजीहत
- तय पार्किंग के उलट यहां-वहां वाहन खड़े करने में उलझे लोग

**अमृत विचार :** धनतेरस के दिन यातायात व्यवस्था पटरी से न उतरे इसके लिए पुलिस प्रशासन ने पहले ही डायवर्जन प्लान जारी कर दिया था, लेकिन ऐन वक्त पर व्यवस्थाएं धरी की धरी रह गईं। आलम यह था कि शहर की सभी प्रमुख सड़कें वाहनों के बोझ तले दब गईं और खरीदारों के साथ राहगीरों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी।

जारी डायवर्जन के अनुसार शहर में भारी वाहनों के साथ आवश्यक वाहनों का प्रवेश भी वर्जित था। पुलिस ने किया भी ऐसा ही, लेकिन सुबह 9 बजे के बाद अचानक वाहनों का बोझ बढ़ना शुरू हुआ और 11 बजे तक सड़कों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें नजर आने लगीं। बाजार में व्यवस्था न बिगड़े, इसके लिए बाजार को चारों ओर से बैरिकेडिंग कर कवर किया गया था। हर बैरिकेडिंग पर पुलिस कर्मी भी तैनात किये गये थे, ताकि दोपहिया वाहन सवार वाहन के साथ बाजार में न जा सकें। ऐसे में बाजार के एंट्री प्वाइंट पर लोगों को समझाने और रोकने में पुलिस को खासी जद्दोजहद करनी पड़ी। जिसे जहां स्थान मिला वाहन पार्क कर बाजार चला गया। जबकि पुलिस ने बाजार के आस-पास तमाम स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की थी।

हालांकि कुछ पार्किंग बाजार से काफी दूर थीं। जैसे रामपुर रोड से बाजार जाने वालों के लिए एचएन इंटर कॉलेज पर पार्किंग थी, लेकिन यहां से पैदल बाजार जाना लोगों ने मुनासिब नहीं समझा। जिसके चलते मुख्य शहर में यातायात का दबाव बढ़ा और यातायात रेंगने लगा। मंगलपड़ाव से लेकर तिकोनिया और काठगोदाम में वाहन की कतारें लगी रहीं। कालाढूंगी तिराहे से लेकर कुसुमखेड़ा तक वाहन रेंगते नजर आये। इधर, एसपी यातायात हरबंस सिंह ने बताया कि वाहनों का दबाव बढ़ने से हल्के जाम की स्थिति रही।

## बिंदुखत्ता में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**लालकुआं:** बिंदुखत्ता निवासी युवक ने पंखे की कुंडी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। संजय नगर प्रथम निवासी हरीश चंद्र जोशी (28 वर्ष) के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो उसकी बुआ ने आस पड़ोस के लोगों को बुलाया। दरवाजा तोड़ कर देखा तो हरीश कमरे के पंखे में फंदा लगाकर लटका था और उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस में मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारकर 108 से हल्द्वानी अस्पताल भेजा। लोगों ने बताया कि हरीश की मां पहाड़ में रहती है। वह डिप्रेशन का शिकार था। मंगलवार को खरीदारी के लिए बुआ से पैसे मांग रहा था। बैंक से पैसे निकालने में देर हुई तो उसने उसने कमरा अंदर से बंद करके जीवन लीला समाप्त कर ली।

# अच्छे कारोबार की उम्मीद में फूल कारोबारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीपावली त्योहार को लेकर फूलों का बाजार भी सज गया है। फूल कारोबारी इस दीपावली अच्छा कारोबार होने की उम्मीद में हैं। इसके लिए उन्होंने बरेली से गेंदे के फूलों और अशोक के पत्ते की मालाएं मंगवा ली हैं।

फूलों कारोबारियों ने शहर के अलावा विभिन्न स्थानों पर दुकानें सजाई हैं। जिनमें गेंदे के अलावा गुलाब और अशोक के पत्तों की मालाएं उपलब्ध हैं। गौलापार और कठघरिया क्षेत्र से भी कई स्थानों से फूल बिक्री के लिए बाजार में लाये गये हैं, लेकिन जिले में फूलों की खेती कम होने के कारण कारोबारियों को हर बार बाहर से फूल मंगवाने पड़ते हैं। बाजार में गेंदे के फूल की माला 25 रुपये और 80 रुपये किलो में फूल बिक रहे हैं। अशोक के पत्तों की माला 15 से 20 रुपये में मिल रही है। सुबह बरेली से पांच से छह क्विंटल मालाएं और फूल मंगवा रहे हैं, जो कि शाम तक खत्म हो जा रहे हैं।



मंगलपड़ाव में सजी फूलों की दुकान से खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

> पिछले साल दीपावली पर गेंदे के फूल की अधिक मांग थी। सबसे अधिक गेंदे की माला बिकती हैं। स्थानीय और बरेली के अलावा अन्य मंडियों से फूल मंगवाए जा रहे हैं।
> **– योगी**, फूल कारोबारी मंगलपड़ाव

> इस बार कारोबार पिछले साल की अपेक्षा अच्छा होने की उम्मीद है। मांग को देखते हुए बरेली के अलावा दूसरी मंडियों में गुलाब और गेंदे के फूलों की बुकिंग की जा चुकी है।
> **– राजेश कुमार**, फूल कारोबारी

# रात नौ से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा अल्मोड़ा-क्वारब मार्ग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-क्वारब राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक रात्रि नौ बजे से सुबह छह बजे तक यातायात बंद रहेगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष आलोक पांडेय ने बताया कि एनएच-109 पर अल्मोड़ा-क्वारब मार्ग पर 56 किमी के पास हिल साइड की ओर से लगभग 200 मीटर लंबाई में भूस्खलन जोन बन रहा है। मलबा व बोल्डर सड़क पर गिर रहे हैं, जहां पर 30 मीटर लंबाई में सड़क धंस रही है। उक्त हिस्सा कभी भी नदी में समा सकता है। इस वजह से इस सड़क की चौड़ाई महज तीन मीटर रह गई है। ऐसे में इस मार्ग पर रात्रि में आवाजाही सुरक्षित नहीं है। जेसीबी से भी रात्रि में मरम्मत नहीं कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन व बोल्डर्स गिरने के खतरे को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के अंतर्गत 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक रात्रि नौ बजे से सुबह छह बजे तक मार्ग पर यातायात प्रतिबंध रहेगा। पांडेय ने कहा कि इस आदेश का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यदि प्रतिबंधित समय पर सड़क दुर्घटना होती है तो संबंधित पुलिस थाना एवं चौकी इसके लिए जिम्मेदार होंगे। सिर्फ एंबुलेंस व अन्य आवश्यकीय सेवाएं इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

# बल्दियाखान के पास कार खाई में गिरी, तीन घायल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग में बल्दियाखान के समीप एक कार खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार तल्लीताल क्षेत्र निवासी तीन युवक कार संख्या यूके 04 एबी-9039 से हल्द्वानी की तरफ जा रहे थे। बल्दियाखान के समीप पहुंचते ही कार अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

सीओ प्रमोद साह, एसओ रमेश बोहरा व ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खाई से तीनों युवकों को बाहर निकालकर हल्द्वानी भेजा। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि कार में तल्लीताल धोबीघाट निवासी अंचन, करण चौधरी व अमन सवार थे। तीनों घायलों का हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## ट्रेन में युवक से नगदी और दस्तावेज लूटे

**हल्द्वानी :** चलती ट्रेन में लगातार लूट और चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बार घटना बाघ एक्सप्रेस में हुई है। एक युवक अपने पिता के साथ काठगोदाम से बिहार जाने के लिए बाघ एक्सप्रेस में सफर कर रहा था और रास्ते में चोर ने उसका बैग पार कर दिया। जिसमें हजारों की नगदी और अहम दस्तावेज थे। ग्राम तरवन बिहटा पटना बिहार निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र साधु शरण यादव ने जीआरपी काठगोदाम को दी तहरीर में कहा कि वह बीते दिन ट्रेन संख्या 13020 के जनरल कोच में काठगोदाम से लखनऊ तक अपने पिता के साथ यात्रा कर रहा था। इसी दौरान काठगोदाम से बरेली के बीच रात 11.55 बजे के आसपास किसी अज्ञात शख्स ने उसके बैग में रखे 10 हजार रुपये, शैक्षणिक कागजात, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पासबुक, चेक बुक व दो एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन, पैन कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, वोटर कार्ड, आईडी कार्ड, लेबर कार्ड, श्रम कार्ड, एक आधार कार्ड समेत अन्य जरुरी दस्तावेज चोरी कर लिए। जीआरपी काठगोदाम ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## सार-संक्षेप



मंडलायुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपते चोरगलिया के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### चोरगलिया के ग्रामीणों ने सौंपा मंडलायुक्त को ज्ञापन

**चोरगलिया :** विधायक प्रकरण में चोरगलिया ग्राम के चारों ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य व महिलाओं व ग्रामीणों ने दो मांगों को लेकर कुमाऊं कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। इसमें तीन लोगों के खिलाफ दर्ज कराए गए झूठे मुकदमे को निरस्त करने की मांग की गई है। साथ ही पशु वैक्सीनेटर भुवन पंत को चोरगलियां पशु चिकित्सालय में बहाल करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में भुवन पोखरिया, हेमू बजेठा, दीपक चौसली, मुकेश थुवाल, हेमा बिष्ट, सरिता भट्ट, गीता थुवाल, कमला रुवाली, गुड्डू आर्या, कैलाश राज, बल्लू दसौनी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



प्राचार्य डॉ. अंजना श्रीवास्तव का स्वागत करते महाविद्यालय के प्राध्यापक।

### नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. अंजना ने संभाला कार्यभार

**हल्दूचौड़ :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजना श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्राचार्य का प्राध्यापक डॉ. हेम चन्द्र पाण्डे, हरीश चन्द्र जोशी, दिनेश जोशी, बीना सनवाल, गणेश दत्त जोशी, उमाशंकर दुम्का, जयपाल सिंह, राकेश कुमार, अब्दुल कादिर आदि ने स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के उपरान्त नवनियुक्त प्राचार्या ने समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और दीपावली अवकाश के उपरान्त विद्यार्थियों को नियमित रूप से महाविद्यालय गणवेश में कक्षाओं में उपस्थिति दर्ज करने और विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाओं की तैयारी एवं समय पर कुमाऊं विश्वविद्यालय पोर्टल और समर्थ पोर्टल पर परीक्षा आवेदन पत्र को पूर्ण करने के निर्देश दिये।



दीपावली मेले के समापन अवसर पर मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

### रंगारंग कार्यक्रमों के साथ दीपावली मेले का समापन

**हल्द्वानी :** आकृति सोसायटी की ओर से आयोजित दीपावली मेले का मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है। विधायक बंशीधर भगत, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला और पवन जोशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद संस्कृति विभाग देहरादून से आई हिमालय कला केंद्र की टीम, शेर सिंह दानू और सुप्रसिद्ध गायक राकेश जोशी के नेतृत्व में पहुंची टीमों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समापन अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में हेमा हर्बोला, मंजू पांडे उदिता, नीमा डालाकोटी, शांति जीना, शर्मिला मित्रा, ममता बिस्ट, गीता बिस्ट, भगवती बिस्ट, गरिमा शर्मा, डॉ. नीरज वार्ष्णेय, अमित भारद्वाज, शोभा बिनवाल, हिमानी पंत, कोमल कार्की, तनिष्का राठौर कर्णवीर दिगारी, अर्जिता सिंह उर्वशी बोरा के अलावा सोसायटी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन हर्ष वर्द्धन पांडे ने किया।



रामलीला का मंचन करते छोटे बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने दीपावली महोत्सव पर किया रामलीला का मंचन

**रामनगर :** किड्जी प्ले और माउंट लिट्रा स्कूल में दीपावली महोत्सव के साथ रामलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की डायरेक्टर अनीता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर की। सीनियर केजी एवं माउंट लिट्रा विद्यार्थियों ने रामलीला नाट्य की प्रस्तुति दी। जिसमें बच्चों ने अद्भुत किरदारों को निभाते हुए सभी का मन मोह लिया। नर्सरी और जूनियर केजी के छात्रों ने शिल्पकला पर आधारित कई आकर्षक क्रियाकलाप किए। प्रधानाचार्य रितु पंत ने बच्चों को राम के आदर्शों के बारे में बताया। डायरेक्टर स्पर्श अग्रवाल ने सभी को दीपावली की बधाई दी। मंच संचालन रश्मि गैरोला और उमा तिवारी ने किया। इस दौरान उमा तिवारी, पूनम देवराड़ी, रूबी नेगी, प्रभजोत साहनी, आयुषी अग्रवाल, अर्चना रावत मौजूद रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी।

### जनता में अपना वजूद खो चुकी है धामी सरकार: सुमित

**रामनगर :** युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि धामी सरकार का जनता के बीच जनाधार खिसकने लगा है। इसलिए वह चुनाव कराने कतरा रही है। लोहनी ने आरोप लगाया कि समय पर न तो निकाय चुनाव किए जा रहे हैं और न ही पंचायत चुनाव की तिथि अब तक घोषित गई है। जिससे साफ जाहिर होता है कि जमीन में अब जनता के बीच चुनाव कराने से प्रदेश सरकार घबरा रही है। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि छात्र संघ चुनाव प्रदेश में जल्द से जल्द कराए जाएं ताकि छात्रों के उग्र तेवर शांत हो सके। इस दौरान विधान सभाध्यक्ष अमित कुमार, विकास कुमार, चेतन पंत, सोनू तिवारी, मयंक पपनै, ललित कड़कोटी, विनय, शिवम बिष्ट, हर्षवर्धन पांडे मौजूद रहे।

### रोवर्स रेंजर्स समागम में भाग लेकर लौटी कॉलेज की टीम

**रामनगर :** 14वें प्रादेशिक रोवर्स/रेंजर्स समागम में स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविघालय लोहाघाट ( चम्पावत) में रामनगर महाविद्यालय के 12 सदस्यीय टीम प्रतिभाग करके लौटी है। समागम में प्रदेश के 22 महाविद्यालयों के 315 से अधिक रोवर्स/रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के 8 रोवर्स शौर्य भण्डारी, सूरज, रितेश, दीपक, प्रियांशु, अंकुश, नीरज, संजय व 4 रेंजर्स पूजा मेहरा, पूजा आर्या, नीतू, जिया ने प्रतिभाग किया। यूनिट के टीम लीडर डॉ. जेपी त्यागी व रोवर लीडर शौर्य भण्डारी और रेंजर लीडर पूजा मेहरा थी। रोवर्स ने 12 प्रतियोगिताओं में व रेंजर्स ने 14 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे द्वारा प्रतिभाग करने वाले समस्त रोवर्स रेंजर्स और यूनिट लीडर डॉ. जेपी त्यागी को खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

# पुलिस ने ली शपथ, एकता के संदेश के साथ लगाई दौड़

**नैनीताल पुलिस ने आयोजित किया रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम**

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर एसएसपी ने दिलाई अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन में सभी अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसके बाद लोगों ने कोतवाली से रन फॉर यूनिटी के लिए दौड़ लगाई।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम पूरे जिले में एक साथ मनाया गया। जिले के सभी थानों और चौकियों में पुलिस कर्मियों ने शपथ ली। एसएसपी ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी को उनके अद्वितीय जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति प्रेरित किया। हल्द्वानी कोतवाली से हरी झंडी दिखाकर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने धावकों को रवाना किया। इस दौड़ में लगभग 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें छात्रों से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक शामिल हुए। ओपन दौड़ 3 और 5 किमी की दो श्रेणियों में आयोजित की गई। इसके अलावा एसपी क्राइम/ट्रैफिक नैनीताल ने पुलिस लाइन नैनीताल से मल्लीताल रिक्शा स्टैंड तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया। शपथ ग्रहण समारोह में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम/ट्रैफिक हरबंस सिंह, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल आदि मौजूद थे।




रन फॉर यूनिटी के लिए हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना करते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र। ● अमृत विचार

**विजेताओं की सूची**

| तीन किमी जूनियर | पांच किमी सीनियर | क्रॉस कंट्री |
|---|---|---|
| बालक वर्ग : मेहताब | पुरुष वर्ग : सुरेंद्र सिंह बिष्ट | नीमा बिष्ट ( 64 वर्ष) |
| बालिका वर्ग : मेघा गोस्वामी | महिला वर्ग : अंजली फर्त्याल | गिरीश बिष्ट ( 62 वर्ष) |

# कॉर्बेट जिप्सी एसोसिएशन ने किया डीएफओ का घेराव

**नाराजगी**

- फाटो रेंज में पर्यटन व्यवस्था को ऑनलाइन करने पर जताया रोष
- जोन का बहिष्कार और धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** फाटो रेंज में पर्यटन व्यवस्था को ऑनलाइन किए जाने की मांग को लेकर कॉर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश आर्य का घेराव किया गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश छिमवाल ने बताया कि तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फ़ान्टों जोन को खुले हुए लगभग तीन वर्ष हो गए तब से लेकर अब तक इस जोन में गेट से ही बुकिंग हो रहीं है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और रामनगर वन प्रभाग के सभी पर्यटन जोन ऑनलाइन है। विगत काफी समय से इस जोन को ऑनलाइन करने के लिए लगातार विभाग से मांग की जा रही थीं पर हर बार विभाग की और से आश्वासन दिए जाने के बाद भी हमारी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे सभी जिप्सी स्वामियों में आक्रोश है।

कहा कि यदि अगले 15 दिन के अंदर पाटो जोन को ऑनलाइन नहीं किया गया तो जिप्सी एसोसिएशन इस जोन का बहिष्कार करेगी और धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मो. फैसल, सचिव उमर मोहम्मद, कोषाध्यक्ष नूर मोहम्मद खान, उपसचिव राजेश कुमार, गिरीश धस्माना, पवन पूरी, उमेद सिंह नेगी, संतोष, कमल, फईम, वसीम, नईम इकराम मौजूद रहे।



रामनगर में डीएफओ का घेराव करते जिप्सी एसोसिएशन के लोग। ● अमृत विचार

### वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारी शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में इस बार भी निरंकारी परिवार का 77वां वार्षिक संत समागम 16, 17 और 18 नवंबर 2024 को होगा।

यह समागम सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सानिध्य में होगा। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समागम के समन्वयक जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि समागम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। समागम में पहुंचने वाले संतों के रहने, भोजन, शौच, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आगमन-प्रस्थान और अन्य सभी मूलभूत सेवाओं की तैयारी की जा रही हैं। राज्य के प्रशासन से भी हर प्रकार का सहयोग प्राप्त हो रहा है। समागम के आयोजन से जुड़े हर वैधानिक पहलू को ध्यान में रखते हुए सारी व्यवस्था की जा रही है। कुछ दिनों में आध्यात्मिक स्थल एक भक्ति के नगर का रूप ले लेगा, जहां विश्व से लाखों संत महात्मा सम्मिलित होंगे।

### दिवाली को लेकर ऊर्जा निगम की तैयारी पूरी


**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दीपावली को लेकर ऊर्जा निगम ने कमर कस ली है। त्योहार के दौरान उपभोक्ताओं को परेशानी न हो इसका खास ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए चार दिन तक शहर और ग्रामीण वितरण खंड के बिजलीघरों से 24 घंटे मॉनिटरिंग होगी। विद्युत वितरण खंड नगर के ईई प्रदीप कुमार बिष्ट ने बताया कि 13 बिजलीघरों में शाम पांच से नौ बजे तक अवर अभियंता ड्यूटी पर रहेंगे। 29 अक्टूबर से एक नवंबर तक लाइन स्टॉफ 24 घंटे तक मॉनिटरिंग करेगा।










## सार-संक्षेप



वैद्य राहुल गुप्ता को सम्मानित करते डॉ. एमएस गुंज्याल। ● अमृत विचार

### आयुर्वेद में गंभीर बीमारियों का भी उपचार संभव

**हल्द्वानी :** धन्वंतरि जयंती के अवसर पर आयुष चिकित्सालय में 9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के भविष्य पर चर्चा हुई। आयोजन में आयुर्वेद चिकित्सकों ने अपने विचार रखे। कहा कि आयुर्वेद में गंभीर बीमारियों का भी उपचार है। आयुर्वेद ही ऐसी विधा है, जिसमें यह कामना की जाती है कि व्यक्ति हमेशा निरोगी रहे। संगोष्ठी में श्री : विश्व प्रांगण आयुर्वेद चिकित्सालय मुखानी के चिकित्सक वैद्य राहुल गुप्ता एवं वैद्य अंकिता गुप्ता को जिला आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. एमएस गुंज्याल ने सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. प्रदीप मेहरा, डॉ. आशुतोष पंत, डॉ. अतुल राजपाल आदि मौजूद थे।




वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर महत्वपूर्ण जानकारी देतीं हुई न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनमीत कौर।

### गोल्डन विंडो पीरियड में उपचार से रुकता है स्ट्रोक का खतरा

**हल्द्वानी :** कृष्णा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में वर्ल्ड स्ट्रोक डे के अवसर पर शैक्षणिक वार्ता का आयोजन हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनमीत कौर और अन्य ने स्ट्रोक की रोकथाम, कारणों और उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया। डॉ. मनमीत ने कहा कि स्ट्रोक की वजह से विकलांगता का खतरा रहता है। गोल्डन विंडो पीरियड ऐसी समयावधि है, जिसमें त्वरित चिकित्सा से रोगी ठीक हो सकता है। गोल्डन विंडो पीरियड में थ्रॉम्बोलाइज करने से स्ट्रोक को रोकने में मदद मिलती है। जीवनभर की विकलांगता को रोका जा सकता है। कहा कि कृष्णा हॉस्पिटल में स्ट्रोक संबंधित आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट सपना और डाइटीशियन नताशा ने स्ट्रोक के बाद सुधार, जीवनशैली में बदलाव और आहार के बारे में जानकारी दी।



आरएसएस कार्यालय में हवन-पूजन करते लोग। ● अमृत विचार

### आरएसएस कार्यालय में मनाया गया दीपावली उत्सव

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखानी स्थित कार्यालय में मंगलवार को दीपावली उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन और सामूहिक आरती हुई। इसके बाद प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वदेशी, स्वभाषा एवं स्वावलंबन के आधार पर काम करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रांत सह प्रचारक चंद्रशेखर, जिला संघ चालक डॉ. नीलांबर भट्ट, नगर संघ चालक विवेक कश्यप, सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, सह प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. बृजेश बनकोटी, जिला प्रचारक जितेन्द्र, सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख भगवान सहाय, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, डॉ. नवीन जोशी, रूपचंद्र, बलदेव, जिला कार्यवाह गोधन धौनी,कमलेश, योगेंद्र, पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला, जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया रहे।



एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### एसटीएच व कैंसर संस्थान में रैन बसेरा बनाने की मांग

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) और स्वामी राम कैंसर अस्पताल में रैन बसेरा बनाने की मांग को लेकर लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता योगेश जोशी के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि एसटीएच कुमाऊं का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, तिदिन दो-ढाई हजार मरीजों का उपचार होता है। इनमें पांच से छह सौ मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था है। ऐसे में पहाड़ से आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को बहुत दिक्कत होती है। अधिकांश मरीज निर्बल वर्ग के होते हैं। ऐसे में वे महंगे होटल व गेस्ट हाउस वगैरह नहीं ले सकते हैं। वे लोग जैसे तैसे सड़कों पर रात काटते हैं, लेकिन सर्दियों में उनकी हालत बिगड़ सकती है। उनकी सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए एसटीएच व कैंसर संस्थान में रैन बसेरा बनाया जाए।

### विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार



सीएम धामी का आभार जताते विधायक कैड़ा।

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर बबियाड़ से सिमलिया साननी मोटर मार्ग मिलान करने के लिए उक्त मार्ग को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि बबियाड़ से सिमलिया साननी मोटर मार्ग मिलान करने की मांग ग्रामीण वर्षों से कर रहे थे। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा से बबियाड़ से सिमलिया साननी मिलान की मांग की थी। इस पर विधायक ने मुख्यमंत्री से मोटर मार्ग के मिलान की मांग की, उनकी मांग पर मुख्यमंत्री ने इस मार्ग को अपनी घोषणा में शामिल किया है। कैड़ा ने कहा कि बबियाड़ से सिमलिया साननी मिलान होने के बाद बबियाड़, टपुआ, अमदो, दुदली, पुटगांव, पोखरी, पाटा, कुलोरी, च्यूरीगाड़, सुरंग, सहित दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। किसानों को अपनी उपज हल्द्वानी लाने में कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

### एसटीएच में एनेस्थिसिया विभाग में अंदरूनी कलह

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में एनेस्थिसिया विभाग में अंदरूनी कलह सामने आयी है। यहां डॉक्टरों ने इसकी जानकारी प्राचार्य को दी है। प्राचार्य ने भी मामले को देखने की बात कही है। एनेस्थिसिया विभाग के विभाग में तैनात कुछ असिस्टेंट प्रोफेसर व कुछ सीनियर रेजिटेंड ने विभाग के भीतर के हालातों की जानकारी दी है। एसटीएच में एनेस्थिसिया नहीं मिलने के चलते कई बार मरीजों के इलाज टालने पड़े हैं। डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि डॉक्टरों ने विभाग के अंदर के माहौल व अपनी परेशानियों के बार में लिखा है। इसका हल निकाला जायेगा।

# बसों में सीट के लिए धक्का-मुक्की

## दिल्ली व देहरादून से उमड़ी यात्रियों की भीड़, परिवहन निगम ने 10 अतिरिक्त बसें चलाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीपावली त्योहार को लेकर प्रवासियों के घर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिस वजह से मंगलवार को रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की खासी भीड़ रही। हल्द्वानी से बरेली जाने वाले यात्रियों को बस में सीट के लिए काफी धक्का-मुक्की करनी पड़ी। वहीं, दिल्ली और देहरादून से बड़ी संख्या में यात्री बसों में सवार होकर हल्द्वानी पहुंचे और यहां से गंतव्य को रवाना हुए।

मंगलवार को रोडवेज बस स्टेशन में सुबह से यात्री बसों के इंतजार में खड़े रहे। दिल्ली, देहरादून के अलावा लखनऊ, बरेली, मेरठ और गुरुग्राम आदि शहनों से बड़ी संख्या में प्रवासी हल्द्वानी पहुंचे। पर्वतीय क्षेत्रों में रोडवेज बसों का संचालन बंद होने के कारण यात्री केमू व टैक्सी वाहनों से गंतव्य को रवाना हुए। सबसे अधिक परेशानी बरेली जाने वाले यात्रियों को झेलनी पड़ी। इधर, एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि दिल्ली रूट पर प्रतिदिन 20 से 25 बसें संचालित होती हैं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दिल्ली रूट पर 10 बसें अतिरिक्त चलाई जा रही हैं।



हल्द्वानी रोडवेज बस स्टेशन पर उमड़े यात्री। ● अमृत विचार

### हल्द्वानी-काठगोदाम डिपो को मिली दो-दो बसें

उत्तराखंड परिवहन निगम को बीते दिन 130 नई बसें मिली हैं। पूरे प्रदेश के विभिन्न डिपो को बसें आवंटित की जा रही हैं। इनमें से हल्द्वानी और काठगोदाम डिपो को 2-2 बसें मिली हैं। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि अभी 2 बसें मिली हैं, जो नैनीताल मार्ग पर संचालित की जा रही हैं। शीघ्र ही और नई बसें उपलब्ध होंगी। जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में संचालन फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

### संविदा, आउटसोर्स कर्मियों को होगा अग्रिम भुगतान

**हल्द्वानी :** दीपावली से पहले उत्तराखंड परिवहन निगम के संविदा, विशेष श्रेणी और आउटसोर्स के तकनीकी कार्मिकों को 2500 रुपये अग्रिम भुगतान किया जाएगा। महाप्रबंधक संचालन सीपी कपूर ने मंगलवार को प्रदेश के समस्त मंडलीय प्रबंधक और समस्त डिपो के सहायक महाप्रबंधक को जारी आदेश के माध्यम से बताया कि जो भी कार्मिक अपने नवंबर माह के वेतन का भुगतान दिसंबर के विरुद्ध अग्रिम मांग के लिए लिखित प्रार्थना पत्र देता है, उसे 2500 रुपये का भुगतान किया जाए। इसका समायोजन कार्मिकों को डिपो की दैनिक आय से किये गए भुगतान से किया जाएगा।

# स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस टीम से अभद्रता, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम की स्ट्रीट लाइट ठीक करने गये कर्मचारियों के साथ निवर्तमान पार्षद व अन्य लोगों ने अभद्रता और गाली-गलौज कर दी। कंपनी के जेई ने मुख्य नगर आयुक्त को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर निगम क्षेत्र में कई स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए मेंटेनेंस टीम समय-समय पर प्रभावित क्षेत्रों में जाती है। नगर निगम ने स्ट्रीट लाइटों को लगाने व ठीक करने का जिम्मा ईईएसएल कंपनी को दिया है। कंपनी के जेई संवेदन गुप्त ने मुख्य नगर आयुक्त को दी शिकायत में कहा है कि बीते दिनों वार्ड संख्या 6, 41, 43 और 60 में कंपनी की मेंटेनेंस टीम स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने गई थी। संबंधित वार्ड के निवर्तमान पार्षद व अन्य राजनीतिक लोगों ने टीम को पूरे वार्ड में घुमाया और बेवजह परेशान किया। इतना ही नहीं टीम के साथ गाली-गलौज और अभद्रता भी की। उन्होंने कहा कि कार्य में व्यवधान डालने के कारण स्ट्रीट लाइटें ठीक करने में दिक्कतें आ रही हैं। वेंडर काम नहीं कर पा रहे हैं। इधर, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि कार्मिकों के साथ अभद्रता व गाली-गलौज की शिकायत पर पुलिस को तहरीर दी जाएगी।

## मतदाता सूची 28 नवंबर तक उपलब्ध

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर से 28 नवंबर छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों में सर्वसाधारण के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी। चौहान ने बताया कि 9 व 10 नवंबर और 23 व 24 नवंबर को विशेष अभियान के दौरान सभी बीएलओ मतदेय स्थल पर उपस्थित रहेंगे। इस अवधि में ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे और इसके अतिरिक्त 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी नवयुवक व नवयुक्तियां प्रारूप- 6 भर सकते हैं।

## दमकल कर्मियों की छुट्टियां रद, फायर स्टेशन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**व्यवस्था**

- दीपावली पर संवेदनशीलता को देखते हुए लिया गया फैसला
- संवेदनशील स्थानों पर की गई दमकल कर्मियों की तैनाती

**अमृत विचार :** दीपावली पर संभावित आगजनी की घटनाओं को देखते हुए दमकल कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। हल्द्वानी और लालकुआं के दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित कर दमकल कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। बड़ी घटना के लिए फायर स्टेशन में दमकल वाहन और कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है।

सीएफओ गौरव किरार ने बताया कि दीपावली त्योहार को देखते हुए दमकल की टीम ने बाजार के 14 फायर हाइड्रेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी फायर हाइड्रेंट चलते पाये गये। हल्द्वानी-लालकुआं में 45 दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। छह फायर टेंडर को एमबीपीजी के पास, कोतवाली हल्द्वानी, कोतवाली लालकुआं, ऊंचापुल, रामलीला मैदान में तैनात किया गया है।

उधर, दो बैगपैक सेट को कोतवाली हल्द्वानी और ऊंचापुल में तैनात किया गया है। सीएफओ के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेशानुसार रामलीला मैदान हल्द्वानी में पटाखे की 28 दुकानें लगाई जाएंगी। बाजार क्षेत्र में इसके अलावा कहीं भी पटाखे नहीं बिकेंगे। खाली मैदान में ही पटाखे की बाजार लगाने की अनुमति दी गई है।

## ठेकेदार न मिलने से पैचवर्क कार्य अटका

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिये हैं। शहरी क्षेत्र में सड़कों के सुधारीकरण के लिये नगर निगम ने करीब 1.30 करोड़ रुपये की निविदायें जारी की, लेकिन किसी भी ठेकेदार ने निविदायें नहीं भरीं। जिस वजह से सड़कों का पैचवर्क रुक गया है।


बरसात के मौसम में जलभराव होने से नगर निगम की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। जिस कारण आमजन को खासी परेशानी हो रही थी। मुख्यमंत्री ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिये। जिसके बाद नगर निगम ने निविदायें जारी की और 28 अक्टूबर की अंतिम तिथि रखी। निगम प्रशासन को उम्मीद थी कि ठेकेदार निविदायें भरेंगे और दीपावली के बाद सड़कों पर पैचवर्क शुरू हो जायेगा, लेकिन अंतिम तिथि बीत जाने तक कोई भी ठेकेदार निविदा भरने नहीं आया।




























# नवजात की मौत से गुस्साए परिजनों ने एसडीएम ऑफिस पर दिया धरना

## माता-पिता ने काशीपुर के निजी अस्पताल पर इलाज नहीं करने का लगाया गंभीर आरोप

**रोष**

- पैनल से पोस्टमार्टम कराने व अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में समाजसेवी गगन कांबोज के साथ धरने पर बैठा पीड़ित परिवार।

**अमृत विचार:** एक व्यक्ति ने एक निजी अस्पताल पर नवजात का इलाज नहीं करने पर उसकी मौत होने का आरोप लगाया है। नवजात के माता-पिता ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पर शव को गोद में लेकर धरना दिया। शव का डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराने और अस्पताल के खिलाफ जांच कमेटी बनाकर जांच कराने की मांग की है। एसडीएम के आश्वासन के बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

मंगलवार को समाजसेवी गगन कांबोज के साथ ग्राम ढकिया गुलाबो निवासी मनोज सैनी और उनकी पत्नी नवजात के शव के साथ एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने धरना दिया। इस दौरान एसडीएम को सौंपे शिकायती पत्र में मनोज सैनी ने कहा कि 27 अक्टूबर को सरकारी अस्पताल में उसकी गर्भवती पत्नी ने एक पुत्री को जन्म दिया। अस्पताल में उचित साधन नहीं होने पर चिकित्सकों ने नवजात को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद वह नवजात को लेकर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। लेकिन वेंटिलेटर की सुविधा नहीं होने पर अस्पताल ने भी नवजात को रेफर कर दिया। इसके बाद वह रामनगर रोड स्थित एक अन्य निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी पुत्री को भर्ती कर लिया गया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने उसे पैसों की व्यवस्था करने को कहा। इस पर पीड़ित ने असमर्थता जताई और आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन आयुष्मान कार्ड के साथ ही पैसों की डिमांड कर रहा था। जब उसने असमर्थता जताई तो उन्होंने नवजात को वेंटिलेटर से हटाकर पीड़ित की गोद में दे दिया। इलाज नहीं मिलने पर नवजात ने दम तोड़ दिया। पीड़ित ने नवजात का डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जांच कराने की मांग की। वहीं एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने अस्पताल प्रबंधन की जांच कराने के लिए कमेटी गठित करने को सीएमओ को पत्र भेजा। साथ ही पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद पीड़ित परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

### बस ने युवक को कुचला, मौत

**काशीपुर।** एक निजी बस ने पैदल चल रहे युवक को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। मंगलवार की देर रात लगभग सवा 12 बजे बांसफोड़ान पुलिस चौकी को सूचना मिली कि मुरादाबाद रोड स्थित पुराने ढेला पुल के पास एक निजी बस ने सड़क किनारे पैदल जा रहे एक व्यक्ति को कुचल दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। तब पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 36 साल के आसपास होगी। उसके पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। एसपी अभय सिंह ने बताया बस को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक फरार है।

# भाकियू की पंचायत में समस्याओं पर मंथन

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया और उन्हें शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में मांग की गई कि क्षेत्र की नादेही चीनी मिल का पेराई सत्र नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू किया जाए तथा गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 500 प्रति क्विंटल किया जाए। शरदकालीन गन्ने की बुवाई हेतु खाद, बीज व दवा शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं। गेहूं की बुवाई के लिए एनपीके व डीएपी खाद शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। गांव जगतपुर पट्टी स्थित धान क्रय केंद्र की धान तौल का कोटा 2500 क्विंटल निर्धारित किया गया था, जो पूरा हो चुका है। उक्त क्रय केंद्र की धान तौल का कोटा बढ़ाकर 5000 क्विंटल किया जाए। मासिक पंचायत का आयोजन कृषि उत्पादन मंडी समिति के कार्यालय परिसर में किया गया। इसकी अध्यक्षता भाकियू ब्लाक अध्यक्ष जगीर सिंह ने की व संचालन शीतल सिंह ने किया। इस मौके पर भाकियू वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, युवा भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, चौधरी किशन सिंह, दर्शन सिंह देओल, संजीव चौधरी, मुख्तार सिंह घुम्मन, महाराज सिंह चौहान, गुरविंदर सिंह, गुरशरण सिंह, सहज प्रीत सहोता आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता व पहलवानों को किया गया सम्मानित

**जसपुर।** भाकियू की मासिक पंचायत में नोटरी नियुक्त होने पर दिनेश कौशिक एडवोकेट तथा गांव गढ़ी हुसैन में आयोजित दंगल (कुश्ती प्रतियोगिता) में भाग लेने वाले पहलवानों प्रिंस कुमार, चकित कुमार, हर्ष मलिक व अंकुश कुमार को सम्मानित किया गया।


अधिवक्ता दिनेश कौशिक व पहलवानों को सम्मानित करते भाकियू कार्यकर्ता।

## सार-संक्षेप


खटीमा के दाह ढाकी में बरामद शराब और उपकरण के साथ टीम। ● अमृत विचार

### 12 हजार लीटर लहन किया नष्ट, उपकरण बरामद किए

**खटीमा :** सत्रहमील पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दाह ढाकी वन क्षेत्र में सघन कांबिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को जंगल क्षेत्र में शराब बनाने की चार भट्टियां मिलीं। वहीं आसपास छिपाकर रखा गया करीब 12 हजार लीटर लहन भी बरामद हुआ। इसे पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। जंगल क्षेत्र में नदी के किनारे चल रहे इस कारोबार में लिप्त वहीं के निवासी कृष्णा कौर और धर्मेंद्र सिंह मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 100 लीटर अवैध शराब सहित शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, पूरन चंद्र पांडे, हरेंद्र थापा, विपिन कुमार, त्रिभुवन पलड़िया, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

### आईटीआई पुलिस ने गुम हुए मोबाइल लौटाए

**काशीपुर :** आईटीआई पुलिस ने बीते दिनों क्षेत्र से गुम हुए मोबाइल को ढूंढकर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया है। इससे मोबाइल स्वामियों में खुशी का माहौल है। मंगलवार को आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि बीते दिनों क्षेत्र से कई लोगों के फोन गुम हुए थे। जिसके बाद मोबाइल स्वामियों ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 90 हजार रुपये की कीमत के चार मोबाइल पुलिस ने बरामद किए हैं। बताया कि सभी मोबाइल फोन को मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द कर दिया है।

### 8 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर गाय की मौत

**बाजपुर :** वार्ड नंबर 12 भौना कॉलोनी में एक घर के समीप 8 फीट गहरा गड्ढा सेफ्टी टैंक पानी भरा था। मकान मालिक ने इसे अधूरा बनाया था। इसी कारण गाय मंगलवार समय 12 बजे 8 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। पानी अधिक होने के चलते गाय की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंचे लोगों ने गाय को गड्ढे से बाहर निकाला। घटना का पता चलने पर स्थानीय लोगों ने रोष जताया और इसके बाद गाय का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान समाजसेवी सीताराम तिवारी ने लोगों के अनुरोध करते हुए कहा कि सेफ्टी टैंक बनवाते समय ही उसको ढकने का प्रबंध जरूर करें।

### नहीं रहे मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के संस्थापक अजय विज


अजय विज।

**बाजपुर :** मदर इंडिया पब्लिक स्कूल बाजपुर एवं मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल रुद्रपुर के संस्थापक अजय कुमार विज का मंगलवार को लंबी बीमारी के चलते 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 30 अक्टूबर (बुधवार) की सुबह करीब 11.30 बजे बाजपुर शमशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वह अपने पीछे दो बेटों गौरव विज व अनमोल विज का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा से जोड़ने के लिए सन् 1998 में मदर इंडिया स्कूल व राज्य निर्माण के बाद रुद्रपुर में मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल की स्थापना की थी। उनकी पत्नी रश्मि विज भी विद्यालय संचालन में अपना सहयोग प्रदान करती हैं। उनके निधन पर उपकार सिंह नरवाल सहित कई लोगों ने दुख प्रकट किया है।


पंतनगर थाने में आयोजित सद्भावना बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष शर्मा।

### महिला अपराध नहीं होगा बर्दाश्त : शर्मा

**शांतिपुरी :** पंतनगर थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने मंगलवार को दीपावली पर बीट अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की संयुक्त सद्भावना बैठक बुला कर उन्हें धनतेरस, दीपावली, भैया दूज एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की मित्र पुलिस अवैध नशाखोरी, महिला अपराध, ट्रैफिक रूल्स एवं बाहरी लोगों के सत्यापन पर विशेष फोकस कर रही है। थानाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड सरकार का लक्ष्य प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का है। जिस पर पुलिस गंभीरता से काम कर रही है। बैठक में ग्राम प्रधान रोहित तिवारी, प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा, भाजपा मंडल महामंत्री अनिल यादव, सेवानिवृत्ति एलआईयू अधिकारी त्रिलोक सिंह रावत, विक्की पाठक, हरीश पाठक, शेखर कोरंगा, एसआई हेमचंद्र हरडिया, एसआई अशोक कुमार, एसआई दिनेश रावत, एसआई प्रदीप कोहली, कांस्टेबल भोपाल सिंह तड़ागी, राजेंद्र सिंह कोरंगा, जीवन भट्ट आदि मौजूद रहे।

### संजय रुहेला को किया गया नोटरी नियुक्त

**काशीपुर:** वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रुहेला को केन्द्र सरकार के अधीन विधि मंत्रालय द्वारा नोटरी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

मंगलवार को एडवोकेट संजय रुहेला ने बताया कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा से निभाते हुए नोटरी का कार्य, सरकार के निर्देशानुसार विधिक रूप से संपन्न किया जाएगा। नोटरी नियुक्त किये जाने पर बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह पाल, बार एसोसिएशन काशीपुर के अध्यक्ष अवधेश चौबे, सचिव नृपेंद्र चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश जोशी, कमल सक्सेना, नीरू उपाध्याय, हीरा बंगारी, तरन्नुम जहां, हिमांशु विश्नोई आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### भगवान धन्वंतरि की जयंती पर की गोष्ठी

**काशीपुर :** उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। चौधरी नवनीत सिंह समेत वक्ताओं ने कहा कि भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना करने से रोगों से मुक्ति मिलने के साथ-साथ उन्हें आरोग्यता प्राप्त होती है। प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता ने छात्रों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें अपने दैनिक जीवन में अदरक, हल्दी, तुलसी, आंवला, गिलोय जैसे पदार्थों के सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# डीएम ने दिए लंबित वादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

- कहा-न्यायालयों में अभियोजन पक्ष करे प्रभावी पैरवी
- बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर


रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला सभागार में मासिक स्टाफ की बैठक लेते हुए लंबित वादों को त्वरित निस्तारण करने व राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

मंगलवार को बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी समन्वय बनाकर समय-समय पर रात्रि के समय क्षेत्रों में भ्रमण भी करें। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला अपराध को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एआरटीओ व पुलिस विभाग प्रभावी कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों के साथ समन्वय स्थापित कर आरसी का मिलान करते हुए वसूली बढ़ाने व बड़े बकायेदारों से सूची बनाते हुए सख्ती से वसूली करने के निर्देश दिए। खनन विभाग के अधिकारियों को प्राप्त राजस्व वसूली लक्ष्य को समय से पूर्ण करने और आबकारी अधिकारी को कच्ची शराब व अवैध मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारियों को बैंको के आरसी देयकों की वसूली करने और वसूली चार्ज भी जमा करने के निर्देश दिए।

### ये लोग रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट आसिमा गोयल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, कौस्तुभ मिश्र, रविंद्र बिष्ट, रविंद्र जुआठा, अभय प्रताप सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडे, डॉ.अमृता शर्मा, डीजीसी बरीत सिंह, मनोज तिवारी, उप निदेशक खनन अमित गौरव, अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा, जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान, एआरटीओ विमल पांडे, चक्रपाणी मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अग्निशमन उपकरणों के साथ गश्त करेंगे फायर फाइटर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन पर पुलिस विभाग के साथ अब अग्निशमन कर्मी भी भीड़भाड़ इलाके में गश्त करेंगे। एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

सोमवार की देर रात्रि एसएसपी मणिकांत मिश्रा अचानक रुद्रपुर स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय पहुंचे। सूचना मिलते ही सीएफओ ईशान कटारिया सहित अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसएसपी ने अग्निशमन उपकरणों के रखरखाव के अलावा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीएफओ को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारी सीजन को देखते हुए फायर फाइटर अपने आधुनिक अग्निशमन उपकरणों के साथ भीड़भाड़ वाले इलाके में तैनात रहेंगे। इसके अलावा उपकरणों के साथ ही क्षेत्र में गश्त करेंगे। सूचना मिलते ही गश्त के दौरान कम समय में राहत टीम पहुंच सके। उन्होंने कहा कि दमकल की गाड़ियों का टैंक भरा होना चाहिए।

दमकल कर्मी चौबीस घंटे अलर्ट मोड में रहें। ताकि बिना समय गंवाए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर भीषण आग को बढ़ने से रोका जा सके।

### निजी क्लीनिक का काटा दस हजार का चालान

**काशीपुर :** नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी व नगर निगम की संयुक्त टीम ने बाजपुर रोड पर स्थित एक निजी क्लीनिक पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान क्लीनिक पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर क्लीनिक के पास कूड़ा भी जलाने पर चालानी कार्रवाई की गई। टीम ने क्लीनिक संचालक का दस हजार रुपये का चालान काटा। डॉ. साहनी ने बताया कि क्लीनिक भी सीज किया जाएगा।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**काशीपुर :** ग्राम प्रतापपुर निवासी एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# प्रधान पर जानलेवा हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गांव लंबाखेड़ा के ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला प्रकरण में पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद तीन आरोपी गांव के ही हैं।

ग्राम जाफरपुर निवासी राम सिंह ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात्रि साढ़े दस बजे उसका भाई विक्रम सिंह जो कि गांव का प्रधान है। खाना खाकर घर के बाहर टहल रहा था कि तभी धारदार हथियार के साथ कुछ लोगों ने प्राण घातक हमला कर दिया। आरोप था कि हमलावरों ने तलवार से गर्दन पर वार करना चाहा, लेकिन भाई ने हाथ से बचाव किया तो हाथ कटकर लटक गया। इसके बाद हमलावरों ने ताबड़तोड़ प्रहार कर लहूलुहान कर अधमरा कर दिया। आनन-फानन में भाई को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि घटना को अंजाम गांव के रहने वाले निजाकत, इस्लाम नबी, रेहान ने अपने तीन-चार साथियों के साथ दिया है। आरोप था कि इससे पहले भी आरोपी कई बार भाई को जान से मारने की धमकी भी दे चुके हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# व्यापारियों, आरोपी छात्रों व परिजनों से हुई पूछताछ

**पंतनगर:** जीबी पंत कृषि विवि परिसर के बड़ी मार्केट में शनिवार की शाम इंजीनियरिंग के जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर की पिटाई के मामले में विवि प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मामले में मंगलवार को बड़ी मार्केट के आठ व्यापारियों, आरोपी छात्रों व उनके अभिभावकों से कुलसचिव कार्यालय में पूछताछ हुई।

कार्यालय में कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, डीएसडब्ल्यू डॉ. एएस जीना, डीन टेक्नोलॉजी डॉ. अलकनंदा अशोक, अपर निदेशक प्रशासन डॉ. विवेकानंद व एसीपीओ डॉ. गौहर ताज के पैनल ने व्यापारियों आनंद पांडेय, दीपक देउपा, विनोद गुप्ता, हमजा फोटोस्टेट अमन गाबा व असद खान आदि से बड़ी मार्केट में शनिवार को हुई छात्रों के बीच मारपीट और रविवार को सीनियर छात्रों के प्रदर्शन संबंधी जानकारी ली। व्यापारियों ने भी उस दिन के घटनाक्रम की सारी जानकारी अधिकारियों से साझा की। व्यापारियों से उस दिन के घटनाक्रम की जानकारी लेने के आधार पर विवि प्रशासन आगे की जांच करेगा। व्यापारियों से लगभग डेढ़ घंटे पूछताछ के बाद आरोपी छात्रों और उनके परिजनों को भी बुलाकर उनका मौखिक और लिखित में पक्ष लिया गया।

### कई वीडियो हो रहे वायरल

**पंतनगर :** बड़ी मार्केट में सीनियर छात्रों की पिटाई, उसके बाद छात्रों का सुरक्षा विभाग का घेराव, देर रात छात्रावास में छात्रों का प्रदर्शन, आरोपी छात्रों की कथित रैगिंग में पिटाई व छात्रों व सुरक्षा गार्डों के बीच संघर्ष सहित अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना वक्तव्यों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिससे लगता है मामला अभी खत्म नहीं हुआ है और आशंका है कि छात्रों के त्योहार के बाद परिसर में वापस आने पर मामला एक बार फिर तूल पकड़ेगा।


**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम-पंकज सिंह चौधरी-7081828333, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- जनेश्वर प्रसाद-9917778324

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000416 **श्री शेलेंद्र कुमार और श्री बंकेश बत्रा, दोनोंः** वार्ड नं. 04, कैनल कॉलोनी, किच्छा, अर्धनगरी, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 | 13-08-2024 / 28-10-2024 सांकेतिक | ₹ 16,33,851/- दिनांक 17-07-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खाता सं. 837, खसरा सं. 133 मिन, वार्ड सं. 8, पंत कॉलोनी, किच्छा, पुलिस स्टेशन-किच्छा, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 263148, क्षेत्रफल 638 वर्गफुट अर्थात 59.27 वर्ग मी. चौहद्दीः उत्तर में - श्रुति यादव का प्लॉट, दक्षिण में - चौधरी जी का मकान, पूरब में - 4.26 मी. रोड, पश्चिम में - त्रिलोचन सिंह का प्लॉट |
| 2 | आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000463 **श्री हरीश चंद्र और श्रीमती सीमा देवी, दोनोंः** वार्ड नं. 16 आर्य वाटिका बिगवाड़ा रुद्रपुर, अर्धनगरीय, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153 | 13-08-2024 / 28-10-2024 सांकेतिक | ₹ 10,57,822/- दिनांक 17-07-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खाता सं. 47 खेत सं. 251/4 मि. बिगवाड़ा रुद्रपुर, सेमिअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153, 1000 वर्गफुट अर्थात 92.93 वर्ग मी. चौहद्दीः उत्तर में - चरणजीत सिंह की भूमि, दक्षिण में - 9.14 मीटर रोड, पूरब में - विक्रेता की संपत्ति, पश्चिम में - राम सिंह की भूमि |
| 3 | आवेदन नं. UP/HDW/HDWN/A000000441 **श्री अमानत हुसैन और श्रीमती प्रवीण बेगम दोनोंः** वार्ड नं. 1 रजा मस्जिद गैसएजेंसी के पास किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 | 13-08-2024 / 28-10-2024 सांकेतिक | ₹ 11,81,273/- दिनांक 17-07-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खेत नं. 110 मिन, वार्ड नं. 7, गैसएजेंसी के पास, किच्छा, पुलिस स्टेशन- किच्छा, यू.एस. नगर, उत्तराखंड 263148, 807 वर्ग फुट या 74.97 वर्ग मी. चौहद्दीः पूरब में - 8 फीट रोड, पश्चिम मे - प्लॉट जय प्रकाश, उत्तर में - प्लॉट क्रेता, दक्षिण में - 8 फीट रोड |
| 4 | आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000457 **श्री बाल किशन और श्रीमती आभा देवी दोनोंः** वार्ड नं. 10 गांधी कॉलोनी रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153 | 13-08-2024 / 28-10-2024 सांकेतिक | ₹ 12,50,315/- दिनांक 17-07-2024 तक + ब्याज इत्यादि | 1, खसरा नं. 19 मिन, प्लॉट नं. डी-67, कस्तूरी वाटिका फेज-1, जनपथ रोड, रुद्रपुर, पुलिस स्टेशन- रुद्रपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 263153, क्षेत्रफल 770 वर्ग फीट चौहद्दीः उत्तर में - प्लॉट नं. डी-68 दक्षिण में - प्लॉट नं. डी-66 पूरब में - 9मी. रोड पश्चिम में - प्लॉट नं. डी-62 |

दिनांक : 29-10-2024, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण

**स्मृतियाँ शेष**

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

**साइज व रेट**

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


रुद्रपुर में बर्तन की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


दिनेशपुर में धनतेरस पर्व पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


बाजपुर में धनतेरस पर्व पर बर्तनों की खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# धनतेरस पर धनवर्षा : रुद्रपुर शहर में 150 करोड़ का कारोबार

## मुख्य बाजार में सुबह से नजर आयी भीड़, ग्राहकों के आने से कारोबारियों के चेहरे खिले, जाम और अव्यवस्थाओं से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा

उत्साह

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जिले में धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भीड़ से कारोबारियों के चेहरों पर खुशी नजर आयी। ग्राहकों ने बर्तन, सोना-चांदी से लेकर, कार-बाइक, फर्नीचर, कपड़ों की खूब खरीदारी की। धनतेरस पर रुद्रपुर शहर में करीब 150 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। वहीं मुख्य बाजार में जाम और अव्यवस्थाओं से निपटने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

मंगलवार को धनतेरस का पर्व होने से सुबह से ही बाजार गुलजार रहे। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान बाजार पहुंचे लोगों ने स्टील की चम्मच, प्लेट, लोटा, तांबे और पीतल के बर्तन और लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, ज्वेलरी, कपड़े, लइया, खिल, बताशे और अन्य सामान की खरीदारी की। इस दौरान सबसे अधिक भीड़ बर्तनों की दुकानों में नजर आयी। कारण धनतेरस पर्व पर घर में नया बर्तन खरीदने की मान्यता है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक धनतेरस पर करीब 150 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। आभूषण का कारोबार करीब 28 से 30 करोड़, फर्नीचर 12 से 15 करोड़, बर्तन 2.75 से तीन करोड़, इलेक्ट्रॉनिक का करीब 18-20 करोड़, गिफ्ट का डेढ़ से दो करोड़, मिठाई का 4-5 करोड़, ड्राई फूड दो करोड़, झाड़ू एक करोड़, खिला-बताशा 50 से 60 लाख और फूलों का 15 से 20 लाख का कारोबार होने की उम्मीद है। वहीं रुद्रपुर शहर में करीब 60 करोड़ रुपये से अधिक के वाहनों की बिक्री होने की संभावना है।


रुद्रपुर में बंसल ज्वैलर्स की दुकान से खरीदारी करते ग्राहक। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में बाजार में भ्रमण कर खरीदारी करते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में धनतेरस पर रही चहल- पहल

**दिनेशपुर,अमृत विचार :** धनतेरस पर्व पर लोगों ने जरूरत के सामान की खरीदारी की। लेकिन दुकानदारों ने बताया कि लोगों ने जरूरी सामान ही खरीदे। दोपहिया वाहनों की बिक्री कम रही। डीलरों ने बताया कि लोगों ने वाहनों की बुकिंग कर रखी है। वो लोग बुधवार को वाहन लेकर जाएंगे। ज्यादातर लोगों ने गिफ्ट, बर्तन, इलेक्ट्रिक सामान, दीए, घर की सजावट का सामान, पटाखे, मिठाई, प्रसाद सामग्री व फल की खरीदारी की। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य बाजार में ई-रिक्शा थ्रीव्हीलर व मैजिक आदि वाहनो के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रखा था। जिससे बाजार में लोगों को जाम से निजात देखने को मिला। इधर किसानों की धान की फसल न बिकने पर आवश्यक सामान ही खरीदने देखे गए। दीपावली पर्व पर बाजार में दुकानदारों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों व घरों को बिजली की झालरों से सजाया हुआ है।


जिला आयुर्वेद कार्यालय में हवन-पूजन करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### विधायक अरोरा ने किया मुख्य बाजार का पैदल भ्रमण

**रुद्रपुर :** विधायक शिव अरोरा ने मंगलवार शाम को मुख्य बाजार का पैदल भ्रमण किया और बडे.व्यापारियों के अलावा फड़-ठेला व्यवसायी से भी मुलाकात की। उन्होंने ठेला व्यवसायियों से बाजार में बनी सफेद पट्टी के पीछे रहकर ही रोजगार किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में ही छोटे तबके के व्यवसायी अपना रोजगार कर परिवार की आजीविका चलाते हैं। यही कारण है कि प्रशासन ने फड़-ठेला व्यवसायियों को सफेद पट्टी के पीछे स्थान देकर बाजार में बेहतर व्यवस्था बनाई है। इस दौरान विधायक ने बाजार में खरीदारी भी की।

### आयुर्वेद दिवस पर हुई भगवान धन्वंतरि की पूजा

**रुद्रपुर :** भगवान धन्वंतरि जयंती पर जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में हवन पूजन और भगवान धन्वंतरि की मूर्ति को प्राण प्रतिष्ठा के बाद स्थापित किया गया। मंगलवार को जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार शुक्ला ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आयुर्वेद चिकित्सा, पंचकर्म चिकित्सा योग, आहार विहार, दिनचर्या आदि विषयों पर जनता को जागरूक किया। रन फॉर योगा कार्यक्रम के साथ ही बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, एसीओ ऊधमसिंह नगर, डीएचओ ऊधमसिंह नगर समेत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाजपुर में तीन करोड़ से अधिक का व्यापार

**बाजपुर :** धनतेरस पर सोना-चांदी एवं धातु निर्मित वस्तुओं की खरीदारी को शुभ माना जाता है। ग्राहकों की मांग के अनुरूप सजे बाजार में पारंपरिक सोना-चांदी, डायमंड के जेबरात के साथ ही धातु के बर्तन से लेकर इलेट्रानिक बर्तन, साजोसामान की लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस दौरान बाजपुर में अनुमानित तीन करोड़ का व्यापार हुआ है। मंगलवार को एलइडी टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रीज, गीजर, मिक्सी, आयरन म्यूजिक सिस्टम, मिक्सी, माइक्रोवेब ओवेन, गैस चूल्हा, जूसर, इंडक्शन कूकर, मोबाइल फोन आदि तथा बर्तनों की दुकानों पर धातु से निर्मित बर्तनों की काफी मांग रही। दीपावली को ध्यान में रखकर विभिन्न कंपनियों द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए कई आकर्षक उपहार योजना चलाई जा रही हैं। मंगलवार को दो पहिया वाहनों के शोरूम भी सजे देखे गए जिसमें बड़ी संख्या में बाइक-स्कूटी की बिक्री हुई है। धनतेरस पर शुभ माने जाने वाले लक्ष्मी-गणेशजी के सिक्कों के साथ ही चांदी के बर्तनों की मांग भी बाजार में काफी देखने को मिली जिसके चलते चांदी का करोड़ों रुपये का व्यापार सुनारों की दुकानों के माध्यम से हुआ। इस संबंध में सराफा व्यापारी करन मित्तल, रितिक मित्तल, विकास अग्रवाल ने बताया कि इस बार चांदी की वस्तुओं और फेंसी तथा गिफ्ट आइटम की मांग काफी रही है।

# काशीपुर में भी हुई जमकर खरीदारी

पर्व

- खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ रही भीड़, व्यापारियों में खुशी
- बाजार में सजीं कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक, मिठाइयों समेत सभी दुकानें

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** धनतेरस के त्योहार के साथ मंगलवार को देश भर में दीपावली पर्व की शुरुआत हो गई है। वहीं इस साल लोगों में दीपावली का उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में धनतेरस के मौके पर काशीपुर में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं लोगों का उत्साह देखकर व्यापारियों में भी खुशी का माहौल है।

मंगलवार को धनतेरस का उत्साह लोगों में काफी देखने को मिला। लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने के लिए बाजार पहुंचे। इस दौरान काशीपुर के मुख्य बाजार, पालिका बाजार, किला बाजार में लोगों की भारी भीड़ लगी रही। लोगों ने बड़ी संख्या में बाजारों से लक्ष्मी और गणेश जी, इलेक्ट्रिक सामान, कपड़े, सोने और बर्तनों आदि खरीदे। वहीं बाजार के व्यापारियों ने दीपावली पर व्यापार अच्छा होने की उम्मीद जताई है।


काशीपुर में धनतेरस पर बाजार में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


किच्छा के एमपी चौक पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### किच्छा में ज्वेलर्स व बर्तनों की दुकानों पर रही भीड़

**किच्छा।** धनतेरस के पर्व पर नगर के ज्वेलर्स तथा बर्तनों की दुकानों पर महिलाओं की खासी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने धनतेरस पर्व पर सोने चांदी के आभूषणों के अलावा बर्तनों की जमकर खरीदारी की। सनातन धर्म में धनतेरस पर्व पर सोने चांदी के आभूषणों के अलावा बर्तनों की खरीद को काफी शुभ माना जाता है। धनतेरस के त्योहार पर सोने चांदी के सिक्के, माता लक्ष्मी एवं गणेश जी की मूर्ति तथा बर्तनों की जमकर खरीदारी हुई। व्यापारियों द्वारा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपने प्रतिष्ठानों को सुंदर-सुंदर तरीके से सजाया गया है।

### दो दिनों में और अधिक भीड़ होने की उम्मीद

**काशीपुर :** व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रभात साहनी ने कहा कि धनतेरस के साथ ही दीपावली की शुरुआत हो गई। धनतेरस पर लोगों में उत्साह काफी अधिक है। अगले दो दिनों में बाजार में कई गुना भीड़ होने की उम्मीद हैं।

# 'वोकल फॉर लोकल' का दिख रहा असर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** दीपावली रोशनी का त्योहार इस बार कुछ खास होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का भी असर होता दिखाई दे रहा है। तमाम प्रयासों के बाद राज्य में 'वोकल फॉर लोकल' का असर दिखना शुरू हो गया है। इस बार चाइना पर लोकल भारी पड़ता नजर आ रहा है। अधिकांश दुकानदारों ने इस बार भारतीय झालरों, पटाखों व भारत में निर्माण कर रही विश्वव्यापी कंपनियों के उत्पादों को रखा है। इतना ही नहीं भारत की मिट्टी से बने बर्तन भी बाजार में हैं।

दीपावली पर्व को लेकर नगर में तैयारियां पूरी हो गई हैं तथा धनतेरस को लेकर बाजार में हर प्रकार के सामान की खरीदारी होती नजर आई। दुकानों में झालरों, लाइटों और दीयों के साथ ही बर्तन, हरियाली के पॉट आदि की भरमार है। बैटरी चालित एलईडी कैंडल, एसएमडी स्ट्रिप लाइट, इलेक्ट्रिक लैंटर्न, एलईडी पाइप और देशी पट्टे पर बनी पाइप लाइट की खूब डिमांड है। वर्षों से कार्य कर रहे शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी संजीव बंसल उर्फ टिन्ना ने बताया कि चाइनीज झालरों के बहिष्कार में व्यापारी 'वोकल फॉर लोकल' हो गए हैं, जबकि पिछले वर्ष तक करीब 90 प्रतिशत बाजार पर चाइना के उत्पादों का कब्जा था। इस बार बाजार में सर्वाधिक मांग भारतीय उत्पादों की है और चाइनीज लाइट व झालरों को देशी प्रोडक्ट से कड़ी टक्कर मिल रही है। व्यापारियों का मानना है कि इस बार दीपावली पर्व पर शहर में करीब 60-70 लाख की लाइट्स व झालरों की बिक्री होने की संभावना है जिसके लिए मुख्यमार्ग के साथ ही रामराज व बेरिया रोड इन दिनों एलईडी लाइट्स व झालरों की मंडी बनी हुई है। बाजार में इस साल सजावट का सबसे महंगा आइटम एलईडी पाइप है, जो करीब 100 से 120 रुपये मीटर के हिसाब से बिक रहा है। व्यापारियों के अनुसार इस बार बाजार पिछले साल के मुकाबले कुछ मंदा है। व्यापारी पंकज चानना ने बताया दीपोत्सव में हरियाली का विशेष महत्व है जिसके चलते साज सज्जा में भारतीय बेस मैटेरियल से बने पाट के साथ ही रेडीमेड फूलों की विशेष मांग है और उम्मीद से अधिक माल वह बेच चुके हैं।


बाजपुर में रामराज रोड पर सजी स्वदेशी उत्पादों की दुकान। ● अमृत विचार


जसपुर में धनतेरस के पर्व पर बाजार में लगी भीड़। ● अमृत विचार

### जसपुर में धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़

**जसपुर :** धनतेरस पर दुकानों पर सामान खरीदने वालों की काफी भीड़ लगी रही। भीड़ के कारण बाजार में जाम लगने तक की नौबत आ गई। भीड़ को नियंत्रित करने के नगर के मुख्य चौराहों व बाजार में जगह-जगह पुलिस तैनात रही।

लक्ष्य

दिल्ली, टनकपुर और बरेली मार्ग पर रही यात्रियों की अधिक भीड़, डिपो प्रबंधन को लक्ष्य 13 .65 लाख पार होने की उम्मीद

# यात्रियों की भीड़ से रुद्रपुर डिपो प्रबंधन में छायी खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दीपावली पर्व मनाने के लिए घर आने-जाने वालों की यात्रियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। भीड़ को देखते हुए रुद्रपुर डिपो प्रबंधन में काफी खुशी नजर आयी। इस दौरान दिल्ली, टनकपुर और बरेली मार्ग पर यात्रियों की अधिक भीड़ रही। वहीं डिपो प्रबंधन को बुधवार और गुरुवार को यात्रियों की भीड़ उमड़ने के साथ ही लक्ष्य 13.65 लाख से अधिक होने की उम्मीद है।

रुद्रपुर शहर औद्योगिक नगरी होने के चलते यहां बाहरी राज्यों के सैकड़ों लोग सिडकुल में रोजगार करते हैं। त्योहारों के समय यहां से लोगों का आना-जाना लगा रहता है। धनतेरस के दिन संस्थान खुले होने के चलते रोडवेज स्टेशन पर सुबह के समय यात्रियों की भीड़ नजर आयी। इसके बाद यात्रियों की भीड़ कम नजर आयी। हालांकि देर सायं स्थानीय रूटों पर यात्रियों की भीड़ अधिक रही।

रुद्रपुर डिपो के अधिकारियों के अनुसार सुबह के समय दिल्ली, बरेली और टनकपुर मार्ग में यात्रियों की भीड़ रही। सुबह से करीब 15 गाड़ियों टनकपुर मार्ग पर, 14 गाड़ियां बरेली और 17 गाड़ियां दिल्ली भेज चुके हैं। अधिकारियों के अनु सार अगले दो दिन यात्रियों की भीड़ अधिक होने की उम्मीद है। इसके लिए डिपो प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूरी कर रखी हैं।



यात्रियों के इंतजार में रुद्रपुर डिपो में खड़ी बसें। ● अमृत विचार

> धनतेरस पर टनकपुर, बरेली और दिल्ली से आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही। बुधवार और गुरुवार को अधिक भीड़ अधिक होगी। इससे डिपो की आय लक्ष्य 13 .65 लाख से अधिक होने की उम्मीद है। जिस मार्ग पर यात्रियों की भीड़ अधिक होगी वहां बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। दीपावली पर्व पर यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी।
> -केएस राणा, सहायक महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो

# लागू हुई नई यातायात व्यवस्था

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** धनतेरस एवं दीपावली के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा नई यातायात व्यवस्था मंगलवार सुबह से लागू हो गई। प्रशासन ने मंगलवार से गुरुवार तक के लिए नगर के मुख्य बाजार में ई-रिक्शा, चार पहिया तथा बड़े वाहनों की आवाजाही को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

त्योहार के दृष्टिगत नगर के मुख्य बाजार, मनिहारी गली, बोरिंग गली, पुरानी गल्ला मंडी, महाराणा प्रताप चौक आदि क्षेत्रों में लोगों की अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखकर प्रशासन द्वारा तीन दिनों के लिए यह योजना बनाई गई है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में नगर के डीडी चौक, महाराणा प्रताप चौक तथा रेलवे स्टेशन के सामने एवं पुराना बरेली रोड पर बैरिकेडिंग लगाने के साथ ही पुलिस टीम को तैनात किया गया है। इस दौरान आदित्य चौक से महाराणा प्रताप चौक तक मुख्य बाजार को जोड़ने वाले सभी संपर्क मार्गों पर भी पुलिस टीम तैनात नजर आई। नई व्यवस्था के तहत मंगलवार, बुधवार तथा गुरुवार को नगर के मुख्य बाजार में ई-रिक्शा, टुकटुक वाहन, कार सहित बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। जबकि दो पहिया वाहन चालकों को आवाजाही में छूट दी गई है।



किच्छा में दीनदयाल चौक पर की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्ठा करते हैं कि वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# टिकाऊ और संगठित रोजगार

देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस सपने को साकार करने के लिए युवाओं की अहम भूमिका है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मंगलवार को देशभर में 40 स्थानों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में 51 हजार से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थायी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा अब ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे हर युवा को अवसर मिले और वे अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। रोजगार मेला, देश के युवाओं को रोज़गार के मौके देने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देशभर में अक्टूबर 2022 से रोजगार मेले की शुरुआत हुई थी और तब से लेकर अब तक 10 से भी अधिक बार रोजगार मेले का आयोजन हो चुका है। मेले के माध्यम से लाखों युवाओं को नौकरी मिल चुकी है। रोज़गार मेले में नए भर्ती को 'कर्मयोगी प्रारंभ' मॉड्यूल के ज़रिए ट्रेनिंग दी जाती है।

सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में रोजगार सृजन में 2014 के पहले के मुकाबले में दो गुना से भी ज्यादा की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो विकास की परियोजनाएं चलाई हैं, जिस तेज गति से सड़क़, परिवहन, टेलीकॉम, उद्योग, लघु उद्योग आदि का विकास हुआ है उससे करोड़ों नए रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ है। इस संदर्भ में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी सरकार की नीतियों की वजह से युवाओं के लिए रोजागार के अवसर बढ़े हैं। रोज़गार सृजन में कौशल विकास एक अहम कड़ी है। इसलिए युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार काम कर रही है। मेक इन इंडिया का असर दिख रहा है और भारत मोबाइल मैन्युफ़ैक्चरिंग में इतिहास रच रहा है। आर्थिक विकास के लिए मज़बूत आर्थिक आधार बनाने के लिए हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर रोजगार में बढ़ोतरी की जाएगी। इनोवेशन पर जोर देकर नए अवसर पैदा किए जाएंगे। रोजगार मेले से रोजगार टिकाऊ और संगठित स्वरूप का होगा। इसके लिए समावेशी विकास को बढ़ावा देना होगा। कुल मिलाकर रोजगार मेले से लाखों भारतीयों की आकांक्षाएं पूरी होंगी और एक समृद्ध और समावेशी अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त होगा।

# भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे मनपसंद चेहरा राम



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

महाभारत में चित्रकूट और मंदाकिनी का तीर्थ रूप में वर्णन किया गया है– 'चित्रकूट जनस्थाने तथा मंदाकिनी जले/विगाह्य वै निराहारो राजलक्ष्या निषेव्यते। श्रीमद्भागवत, अध्यात्मरामायण, रामचरितमानस (अयोध्या कांड) में चित्रकूट का बड़ा मनोहारी वर्णन किया गया है।

राम की तपोस्थली चित्रकूट में चलने वाला पांच दिवसीय मेला प्रारंभ हो गया है। यहां मंदाकिनी नदी में रामघाट पर दीपदान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि लंकापति रावण पर विजय प्राप्ति पश्चात अयोध्या वापस लौटते समय भगवान श्रीराम ने यहां दीपदान किया था। यह एक तरह से श्रीराम द्वारा उस स्थान को सम्मानित करने के समान है, जहां उन्होंने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय व्यतीत किया था। चित्रकूट में उनके निवास काल के पर्णकुटी के संबंध में गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है "राम लखन सीता सहित सोहत परन निकेत।/ जिमि बासव बस अमरपुर सची जयंत समेत।"

यदि अयोध्या को राम की जन्मभूमि होने का गौरव मिला है तो चित्रकूट वह स्थान है, जहां राम ने अपनी तपस्या के बल पर भगवान राम होने का रास्ता अपनाया। कष्टों में ही तपकर मनुष्य का आत्मबल, चेतना, साहस और अंदरूनी गुणों का निखार आता है। जब प्रयाग में भारद्वाज आश्रम में राम ने महर्षि भारद्वाज से पूछा कि वनवास काल व्यतीत करने के लिए उचित स्थान के बारे में बताएं तो महर्षि भारद्वाज ने चित्रकूट का नाम लिया था, क्योंकि यह स्थान हर दृष्टिकोण से शांत, सुरक्षित और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर था। रामचरितमानस में भी महर्षि वाल्मीकि ने कहा कि "चित्रकूट गिरि करहूं निवासू जहां तुम्हारी सब भांति सुपासू।

मंदाकनी नदी के किनारे बसे चित्रकूट में एक समय अशोक (संस्कृत भाषा में अशोक को चित्र कहते हैं) के पेड़ बहुत हुआ करते थे, जिसके कारण इस स्थान का नाम चित्रकूट पड़ा। चित्रकूट संस्कृत भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ पर्वतीय दृश्यों का अनुपम केंद्र। राम की तपोभूमि चित्रकूट अनादि काल से वाल्मीकि समेत तमाम महान ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रही है। इसी पर्वत पर तप और साधना कर प्रभु राम ने आसुरी ताकतों से लड़ने की दिव्य शक्तियां प्राप्त की थीं। यहां का एक-एक स्थान राम के रंगों में रंगा हुआ है। मंदाकिनी नदी तट स्थित राम घाट पर प्रभु राम नित्य स्नान किया करते थे। इसी घाट पर राम-भरत मिलाप मंदिर है। यही पर "चित्रकूट के कोतवाल" कहे जाने वाले मत गजेंद्र नाथ का मंदिर है। रामघाट से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर मंदाकिनी नदी के किनारे जानकी कुंड स्थित है, जहां सीताजी स्नान करती थी। जानकी कुंड के समीप ही राम-जानकी मंदिर, रघुवीर मंदिर और संकट मोचन मंदिर है। जानकी कुंड से कुछ दूरी पर मंदाकिनी नदी के किनारे ही स्फटिक शिला स्थित है। माना जाता है कि इस शिला पर सीता के पैरों के निशान मुद्रित हैं। कहा जाता है कि जब वह इस शिला पर खड़ी थीं तो जयंत ने काक (कौआ) रूप धारण कर उनके पैरों में चोंच मारी थी। कामदगिरि परिक्रमा पथ पर लक्ष्मण पहाड़ी है, जहां लक्ष्मण निवास करते थे। नगर से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर गुप्त गोदावरी स्थित हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कभी गोदावरी नदी स्वयं यहां प्रकट हुई थी।

कहा जाता है कि जब राम चित्रकूट को छोड़कर जाने लगे तो चित्रकूट पर्वत ने भगवान राम से प्रार्थना की कि "हे प्रभु आपने इतने वर्षों तक यहां वास किया, जिससे ये जगह पावन हो गई, लेकिन आपके जाने के बाद मुझे कौन पूछेगा"। तब प्रभु राम ने पर्वत को वरदान दिया कि अब आप "कामद" यानी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले हो जाएंगे, जो भी आपकी शरण में आएगा, उसके सारे दुःख-विषाद नष्ट होने के साथ-साथ सारी मनोकामना पूर्ण हो जाएंगी।" आज यह कामदगिरी पर्वत के नाम से जाना जाता है और प्रभु राम स्वयं कामतानाथ बन गए। इस अलौकिक पर्वत की महिमा गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में भी की है। यहां से लगभग साठ किमी दूर स्थित ऋषियन आश्रम के बारे में कहा जाता है कि वहां से एक गुप्त रास्ता सीधे चित्रकूट तक आता है, जिसे अब सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया है। इस होकर राम-जानकी और लक्ष्मण यहां आए थे। चित्रकूट से लगभग बीस किमी दूर वाल्मीकि आश्रम में निर्वासन काल में सीता ने लव-कुश को जन्म दिया था और वाल्मीकि रामायण यहीं लिखी गई थी। वस्तुतः चित्रकूट के बारे में एक मान्यता है कि सभी देवी-देवताओं का निवास अभी भी यहां पर है। इस संबंध में कथा है कि जब श्रीराम ने यहां दशरथ घाट पर अपने पिता का श्राद्ध समारोह किया तो सभी देवी-देवता शुद्धि भोज (तेरहवीं) में भाग लेने चित्रकूट आए।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी स्थान पर ऋषि अत्रि और सती अनुसुइया ने तपस्या की थी। यहीं उनका आश्रम भी था, जहां राम अपने भ्राता और पत्नी के साथ उनके दर्शन करने गए थे। कहते हैं ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने चित्रकूट में ही सती अनसुइया के घर जन्म लिया था। तुलसीदास के जन्म स्थान राजापुर में रामचरितमानस की मूल प्रति भी रखी हुई है। चित्रकूट के लोकप्रिय कामतानाथ और भरत मिलाप मंदिर भी यहीं स्थित है। इस स्थान का पहला ज्ञात उल्लेख वाल्मीकि रामायण में है।


महाभारत में चित्रकूट और मंदाकिनी का तीर्थ रूप में वर्णन किया गया है- 'चित्रकूट जनस्थाने तथा मंदाकिनी जले/विगाह्य वै निराहारो राजलक्ष्म्या निषेव्यते। श्रीमद्भागवत, अध्यात्मरामायण, रामचरितमानस (अयोध्या कांड) में चित्रकूट का बड़ा मनोहारी वर्णन किया गया है। जैन साहित्य भगवती टीका में चित्रकूट को 'चित्रकुड़' कहा गया है। बौद्ध ग्रंथ ललित विस्तर में भी चित्रकूट की पहाड़ी का उल्लेख है। फादर कामिल बुल्के ने भी अपनी पुस्तक रामकथा में 'चित्रकूट महात्म्य' का उल्लेख किया है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'रघुवंश' में इस स्थान का सुंदर वर्णन किया है। मेघदूत महाकाव्य में यक्ष के निर्वासन का स्थान चित्रकूट (रामगिरी) था। उन्होंने अद्भुत प्रेम और तादात्म्य की भावना से चित्रकूट के शब्द-चित्र खींचे है। रामचरितमानस, कवितावली, दोहावली और विनय पत्रिका इत्यादि सभी में तुलसीदास और चित्रकूट के बीच एक गहन व्यक्तिगत बंधन प्रदर्शित होता है। उन्होंने चित्रकूट में भगवान राम की पूजा और उनके दर्शन की लालसा में काफी समय व्यतीत किया। अंततः हनुमान जी की कृपा से उन्हें उनके आराध्य प्रभु राम के दर्शन मौनी अमावस्या के दिन प्राप्त हुए। "चित्रकूट के घाट पर भई संतन की भीर। / तुलसीदास चंदन घिसे तिलक देत रघुवीर।" उनके मित्र प्रसिद्ध हिंदी कवि रहीम अर्थात अब्दुर रहीम खान ए खाना जो सैनिक, राजनीतिज्ञ, संत, विद्वान, कवि तथा अकबर के नवरत्नों में से एक थे, ने भी यहां कुछ समय बिताया था। रामचरितमानस के बारे में रहीम लिखते हैं "'रामचरितमानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।"

सन 1683 में मुगल शासक औरंगजेब ने जब अपनी सेना को चित्रकूट के मंदिरों को तोड़ने का फरमान जारी किया, तब उसकी आधे से ज्यादा सेना बीमार पड़ गई, बाद में महंत बालकदास की शरण में जाने पर उसकी सेना को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। कहते हैं कि इसके बाद औरंगजेब ने मंदाकिनी नदी के तट पर बालाजी महाराज के मंदिर का निर्माण करवाया और साथ ही मंदिर को बिना लगान के 330 बीघा कृषि योग्य ज़मीन भी दी थी। ताम्र पत्र में टंकित औरंगजेब का यह फरमान आज भी इस मंदिर में रखा हुआ है। हालांकि चित्रकूट से लगभग 25 किमी दूर स्थित चर गांव स्थित सोमनाथ मंदिर के ध्वंसावशेष इसकी पुष्टि नहीं करते हैं कि औरंगजेब का कहर चित्रकूट के मंदिरों पर नहीं पड़ा था। वस्तुतः भारतीय समाज में राम उस वटवृक्ष की भांति है, जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधक, संबोधक सबके- सब न जाने कितने पीढ़ियों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'राम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे मनपसंद चेहरा है। स्वाभाविक रूप से भारतीय समाज को जिस तरह अयोध्या का राजा राम प्यारा है उसी तरह चित्रकूट का वनवासी और तपस्वी राम भी प्यारा है। इस गहन आस्था को दीपावली के इस दीपदान मेले में देखा जा सकता है, जहां अयोध्या के साथ-साथ संपूर्ण चित्रकूट राममय बना पड़ा है।



## प्रसंगवश

# लक्ष्मी संबोधन में ही शुचिता



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

दीपावली की रात्रि 'कालरात्रि' कही गई है। शिवरात्रि को महारात्रि और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि को मोहरात्रि कहा गया है। लक्ष्मी जी का वाहन ऊलूक है, जिसे दिन में दिखाई नहीं देता, तो क्या सदा चंचला लक्ष्मी दिन में स्थिर रहती हैं, कहीं आती-जाती नहीं। वास्तव में उलूक अज्ञान, तमस, अंधकार का प्रतीक है।

तुलसीदासजी ने लिखा है',जिमि उलूक कर, तम पर नेहू"। उलूक को अंधेरा बहुत प्यारा है। लक्ष्मी जी ऊलूक पर सवारी करती हैं अर्थात अज्ञान को नियंत्रण मे रखती हैं। आज का युग धन-संपदा प्रधान युग है, पर वास्तविक धन क्या है? धन की तीन गति कही गई हैं, दान, भोग और नाश। येन केन प्रकारेण किया गया धन संग्रह दान के लिए तो होता नहीं, नाश न हो, इसलिए उसका उपभोग ही एक विकल्प है। तमाम धन-संपदा और संसाधन के बावजूद अगर आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं, हम आप रुग्ण, लाचार हैं तो भोग का प्रश्न ही नही उठता। अतएव असली धन स्वास्थ्य है। दीपावली पर्व, वर्षा ऋतु और शरद ऋतु के संक्रमण काल का पर्व है। इस संक्रमण काल में प्राकृतिक कारणों से अनेक बीमारियों की संभावना बनी रहती है तथा स्वस्थ रहने हेतु आगामी शीतकाल के लिए तन और मन को सन्नद्ध करना आवश्यक होता है। अतएव पर्व की मूल भावना के अनुरूप अपने स्वास्थ्य की देखभाल हेतु सजग रहना आवश्यक है।

लक्ष्मी केवल रुपया पैसा, सोना-चांदी नहीं हैं, वे श्री, वैभव, ऐश्वर्य, सुख, शांति, समृद्धि की प्रतीक हैं। धन तो वह भी है, जो आयकर विभाग व अन्य एजेंसियों द्वारा छापा मारकर निकाला जाता है, पर ऐसा धन अशांति और दुःख ही देता है। हमारे शास्त्रों धनार्जन के साधनों की शुचिता पर बहुत बल दिया गया है। लक्ष्मी संबोधन में ही शुचिता अंतर्निहित है। विद्वानों ने लक्ष्मी के तीन रूप बताए हैं, महालक्ष्मी, राज्यलक्ष्मी और गृहलक्ष्मी। हम लक्ष्मीजी के वास्तविक स्वरूप को समझें और तदनुसार श्रद्धा भक्ति से उनका पूजन सत्कार करें।

# युद्ध और आधुनिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दूसरे महायुद्ध के बाद महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन से पूछा गया था कि तीसरा विश्वयुद्ध किस प्रकार के आयुधों से लड़ा जाएगा? उसने उत्तर दिया था कि "आज मैं उन विकसित आयुधों की तो कल्पना भी नहीं कर सकता, जिनसे तीसरा महायुद्ध लड़ा जाएगा, लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि "चौथा युद्ध हुआ तो वह पत्थर के अस्त्रों से लड़ा जाएगा।" उस वैज्ञानिक ने तीसरे युद्ध की भयावहता की कल्पना करके कहा था कि उससे मानव सभ्यता नष्ट हो जाएगी, मनुष्य पाषाण युग में चला जाएगा।

महाकवि रामधारी सिंह दिनकर ने "कुरुक्षेत्र" में प्रश्न उठाया है कि मनुष्य ने ज्ञान-विज्ञान में इतना विकास किया, विराट ब्रह्मांड को नापने और खोजने का प्रयास किया, चंद्रमा और वृहस्पति तक अपनी गति का विस्तार किया। प्रकृति की शक्तियों को खोजा, जीवन को सुखमय बनाने के लिए उन शक्तियों और ऊर्जाओं का विनियोग किया, सामाजिक-मूल्यों को पहचाना, वर्गविहीन समाज की परिकल्पना दी, सत्य-अहिंसा, प्रतिष्ठा की और आधुनिकता की अवधारणा दी।

आधुनिकता, जिसे मनुष्य ने सभ्यता के अब तक के इतिहास का शिखर बतलाया। धर्म, दर्शन, अध्यात्म, मार्क्सवाद, समाजवाद, राष्ट्रवाद, गांधीवाद और न जाने कितने-कितने विचारों का वैभव उसके पास है, किंतु क्या कारण है कि युद्ध अभी भी हो रहे हैं। अपहरण, शोषण, बलात्कार, अन्याय, अत्याचार की राक्षसी प्रवृत्तियां अभी भी जीवित हैं और जीवित ही नहीं हैं, बल्कि सुरसा की तरह से बड़ी और बड़ी होती चली जा रही हैं, मानो वे मनुष्यता को ही निगल जाने को संन्नद्ध हो गई हैं।


इतिहासकार आदिम युग के मनुष्य को बर्बर बतलाते हैं, किंतु आदिम युग का बर्बर सामने वाले की ही हत्या करता था। आधुनिक बर्बर बम बरसाता है और सामूहिक विनाश कर देता है। दिनकर के शब्दों में "दग्ध कर पर को, स्वयं भी भोगता दुख-दाह, जा रहा मानव चला अब भी पुरानी राह। द्रोह से अब भी वही अनुराग, प्राण में अब भी वही फुंकार भरता नाग"। संसार की महाशक्तियों के पास विज्ञान भी है और वैज्ञानिक सोच भी है। एक दिन यूक्रेन सोवियत संघ ही था, आज उसी सोवियत के सामान्य नर-नारी तथा आबाल-वृद्धों पर वही रूस विध्वंसक अस्त्र फेंक रहा है। युद्ध की वही आग इजराइल में पसर गई और इतनी प्रज्ज्वलित हो चुकी है कि उसकी चपेट विश्व मानवता को झुलसाने को उद्यत है। संयुक्त राष्ट्र ने युद्ध के विरुद्ध प्रस्ताव पास किया जरूर है, लेकिन विश्वसंस्था स्वयं ही निर्बल हो चुकी है। इसे आधुनिकता कहें? कहीं यह मनुष्य की पहचान में ही चूक तो नहीं है? सचाई यह है कि मनुष्य जीवन किसी व्याकरण से बंधा हुआ नहीं है, भले ही उस व्याकरण का नाम अमुकवाद या तमुक वाद हो या कुछ और हो।

युद्ध से मनुष्य डरता है, परंतु यह भी सत्य है कि युद्ध का जन्म मनुष्य के मन में ही होता है। मनुष्य का विवेक हर बार युद्ध की निंदा करता है। जीवन के प्रवाह में जब मनुष्य की नैसर्गिक-वृत्तियां, आदिम वासनाएं और मनोविकार भूख, रति, तृष्णा, अहंकार, भय, क्रोध, ईर्ष्या, अमर्ष, मोह, ममता, होड़, प्रभुता एक बिंदु पर आ मिलते हैं, तब उनका विस्फोट युद्ध के रूप में होता है। युद्ध अर्थात् हिंसा संहार। रामधारी सिंह दिनकर के शब्द हैं-युद्ध को पहचानते सब लोग हैं / जानते हैं / युद्ध का परिणाम अंतिम ध्वंस है। / युद्ध का उन्माद संक्रमशील है / एक चिनगारी कहीं जागी अगर / तुरंत बह उठते पवन उनचास हैं / दौड़ती, हंसती, उबलती आग चारों ओर से। / चौथा युद्ध हुआ तो वह पत्थर के अस्त्रों से लड़ा जाएगा।"

दूसरे महायुद्ध के बाद महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन से पूछा गया था कि तीसरा विश्वयुद्ध किस प्रकार के आयुधों से लड़ा जाएगा? उसने उत्तर दिया था कि "आज मैं उन विकसित आयुधों की तो कल्पना भी नहीं कर सकता, जिनसे तीसरा महायुद्ध लड़ा जाएगा, लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि "चौथा युद्ध हुआ तो वह पत्थर के अस्त्रों से लड़ा जाएगा।" उस वैज्ञानिक ने तीसरे युद्ध की भयावहता की कल्पना करके कहा था कि उससे मानव सभ्यता नष्ट हो जाएगी, मनुष्य पाषाण युग में चला जाएगा। युद्ध का प्रारंभ अपने वश में होता है, किंतु उसका अंत किसी के वश में नहीं होता। युद्ध का अंत कैसे होगा? कहां होगा? यह कोई भी नहीं जानता। आज स्थानीय स्तर से लेकर वैश्विक स्तर तक मनुष्य के विवेक के सामने सवाल ही सवाल हैं। फिलहाल उत्तर कहीं भी नहीं दिख रहा, समस्त वाद विवादग्रस्त हो चुके हैं। हां,मनुष्यता में भरोसा है। सभी सवालों के उत्तर मिलेंगे, अवश्य मिलेंगे।

## सोशल फोरम

# वैचारिक अवसान की हद



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

भारतेंदु हरिश्चंद्र ने कभी हिंदू -हिंदी के या भारत के अवसान पर रुदन किया था, वही रुदन हममें से कई विद्वान आज भी कर रहे हैं। अपनी भाषा से प्रेम होना चाहिए, सवाल वाजिब है। अपनी भाषा से प्रेम स्वभावतः होता भी है, जब तक कोई हीन भावना से ग्रसित न हो और इससे मुक्ति के लिए कृत्रिमता ओढ़ न रखी हो। किंतु यह भी कैसे कहें, बहुत से अंग्रेजी भाषा के प्राध्यापकों ने हिंदी को बेतरह समृद्ध किया है। नाम लेना प्रासंगिक नहीं।

यहां एक बात पारे की तरह साफ है कि हिंदी या भारतीय भाषाओं में रचनात्मक साहित्य का जो स्तर है, वह ऊंचाई विचारों का नहीं है। वैचारिकी जिसे हिंदी में आलोचना का नाम दिया गया है वह अंग्रेजी के मुकाबले दरिद्र है। देरिदा, बार्थ, फूको का नाम जिस प्रतिष्ठा से लिया जाता है, उस प्रतिष्ठा से भरत मुनि, अभिनव गुप्त, आनंद वर्धन और कुंतक का नहीं लिया जाता है। भारतीय भाषाओं और खासकर हिंदी लेखन में स्पष्टता का घोर अभाव है। लंबे-लंबे आलेख पढ़ जाइए किंतु यह समझ में नहीं आएगा कि बंदा कहना क्या चाहता है? क्या यह सब पूंजी के कारण है? पूंजीवाद यदि न रहे तो सब ठीक हो जाएगा? पूंजीवाद यदि गड़बड़ है तो क्या समाजवाद के आते ही, भाषा स्वतः उन्नत हो जाएगी? यह कथन चोर को न्यायालय में भेजने की बजाय खाप पंचायत से सजा देने और पीट-पीट कर मार डालने जैसा है। रूस में समाजवादी व्यवस्था के बाद कहां कोई दूसरा टाल्सटाय, दोस्तोवस्की और तुर्गनेव पैदा हुआ। गोर्की और लू शुन भी तो समाजवादी पैदा नहीं कर सके। वाम-दक्षिण के चश्मे से देखना और एक-दूसरे पर हिंदी के अवसान के कारणों को थोप देना कोई अक्लमंदी नहीं है।

पूंजीवाद कोई आसमान से नहीं टपका है, यह भौतिकवादी जीवन दृष्टि का स्वाभाविक अनुगमन है। वैचारिक अवसान इस हद तक है कि हम अपने सवालों को ठीक से चिन्हित भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या का समाधान सवालों को सही रूप या सूत्र में ढालने से होता है। केवल शब्दजाल बुनकर इसका निदान नहीं ढूंढा जा सकता।

**-फेसबुक वॉल से**

# हमारी सिया का सिंदूर भीग रहा है, राम आएं भी तो कैसे



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

याद रखिए कि रामराज की अपनी निजता की पहली शर्त है कि हम अपने भीतर की क्रूरता, जड़ता और मूर्खता के तम को भगाकर ही रहेंगे। भारत के समाज में 'सब न करहिं, परस्पर प्रीति'। क्या अब दूर की कौड़ी बन गया है? राम के जंगल -जहान में भी राजनीतिक बाजार का आदमी घुस गया है। आजाद भारत में हर दीपावली पर दीप प्रज्ज्वलन की अवधि और परंपरा क्षीण हो रही हैं। लोग कहते हैं कि महंगाई की मार है, लेकिन सच यह है हम अपने अहंकार की मार से त्रस्त हैं। हमें अंधेरों की लत लग चुकी है।

पूर्वांचल के एक प्रचलित लोकगीत का सार है, जिसे हम अपनी दादी के मुंह से सुना करते थे, जिसमें त्रासद होते जा रहे समाज में राम के घर वापसी का कोई दृश्य हमारी आंखों से ओझल होता जा रहा है। महान मनीषी पंडित विद्यानिवास मिश्र ने इस प्रसंग को ' राम का मुकुट भीग रहा है' नामक अपने ललित निबंध में बड़े ही चित्रमय ढंग से प्रस्तुत किया है। जरा स्वयं भी विचार कीजिए कि लोक केंद्रित समाज में आज भी राम के घर वापसी की अकुलाहट उसी तरह बनी हुई है। यह व्यग्रता लोकगीत, विवाह गीत, बिरह गीत और न जाने कितने संस्कृतिक स्वर में अभी भी जिंदा हैं। ऐसा क्यों लगता है कि राम आएंगे?

राम आए जरूर थे, लेकिन दीपावली का एक दीप जलाकर चले गए। ऐसा दीप, जिसमें लोगों का श्रम और चेतना का झिलमिल प्रकाश तो होता है, लेकिन जब राम की पीड़ा पर रोशनी पड़ने की बेला आती है तब अमावस्या का काला पंजा दीप की बाती मरोड़ कर चला जाता है। राम को पुनः वनवास हो जाता है। दुख और दरिद्र जिसे हम अपने घर से खेदकर दूर भगा आते हैं। राम की अनुपस्थिति की खबर पाकर फिर से लौट आता है। कैफी आजमी ने भी राम के दूसरे वनवास पर एक नज्म लिखी, लेकिन वह राजनीतिक है। हम लोक सत्य की बात कर रहे हैं। सीता का सिंदूर एक ऐसा सत्य है, जो न चाहते हुए भी भीग रहा है। राम यह देखकर व्यथित हैं। अपने भीतर की करुणा से वह भी भीग रहे हैं, लेकिन करें तो क्या? राजधर्म की चादरपोशी में अपने निजी जीवन के सुख के बलिदान के लिए वे कटिबद्ध रहते हैं। भवभूति उत्तर रामचरित में लिखते हैं कि एक बार राम पुनः निर्वासित सीता से उनकी सखियों के माध्यम से संपर्क करते हैं। इतना ही नहीं वह पश्चाताप में भी बिलखते हैं और अपने दाहिने हाथ को शरीर से अलग करने का प्रयास करते हैं, क्योंकि इसी हाथ ने सीता को महल के बाहर का रास्ता इंगित किया था। सीता राम की सहचरी थीं। राम के मूल्य विधान की रक्षा का भार वह स्वयं महसूस करती थीं। उन्होंने समझाया कि करुणा निधान मैं अपने सिंदूर को जैसे-तैसे भीगने से बचा लूंगी, लेकिन आपकी तरफ लोक निंदा की कोई उंगली उठे यह मुझसे देखा न जाएगा।

हताश और आकुल राम पुनः लौट आते हैं। उनका मुकुट सर पर बोझ लगने लगता है। उधर अयोध्या जगमगा रही है। लोग झूम रहे हैं सिवाय राम के। तुलसी लिखते हैं-"नारि कुमुदिनी अवध सर/ रघुपति विरह दिनेश। अस्त भए विकसित भए/ निरखि राम राकेश।।" लेकिन राम का मन तो जंगल में ही है वे अभी भी 'कानन को सत अवध समाना' मानते हैं और जंगल में ही अपनी नियति तलाशने लग जाते हैं। जानकी के लिए वन-वन डहकने हुए भीग जाने के कारुणिक स्पंदन से भर उठे हैं। पूरी अयोध्या में दीपोत्सव का समा अपने स्वर्ण शिखर पर है। राम अपने क्लांत मन से अट्टालिका के अपने कक्ष में चले जाते हैं मुकुट उतार कर रख देते हैं, परंतु लोक भय और जानकी के सिंदूर के भीगने की चिंता उन्हें रोकती हैं। फिर उठ खड़े होते हैं लोकमंगल की संरचना के लिए। उनके मन में एक ऐसे राजधर्म का रेखाचित्र है, जिसमें दीपावली का दीप लोक श्रम से निर्मित है। उसकी ज्योति में एक सम स्पर्शी समाजवाद का आभास है। राम इस ज्योति को बनाए रखना बचाए रखने का दायित्व तदनंतर बाद की पीढ़ियों पर छोड़ जाते हैं। तमाम मीमांसाओं में इस बात पर बल है कि राम लोक क्रांति के पक्षधर हैं, जिसे लोग समझ ही नहीं पाए। हां जंगल के लोगों ने इसे जरूर समझा। हम दीपावली पर प्रकाश की वल्लरियों को यहां-वहां सजाते तो रहे, लेकिन उस प्रस्थान बिंदु को देख ही नहीं पाए, जहां से राम चले थे। शायद यही वजह है कि अभी भी जनमानस के मानस पटल पर जटा जूट, वल्कल और कोदंड धारी राम ही विद्यमान हैं। राम का शासन राजतंत्र होते हुए भी एक विलक्षण लोकतंत्र था, जिसके तमाम मूल्य अभी भी लोकाचरण में आने को व्यग्र है, लेकिन राजधर्म की बाद के दौर में जो व्याख्या हुई उस पर स्वयं राम भी आज लज्जित है। हास्यास्पद है कि हम रामराज की बात करते हैं, लेकिन लोकमंगल के लिए अपनी आहुति के सवाल पर भाग खड़े होते हैं। यह भी स्पष्ट हो चला है कि अब कथनी और करनी के भेद हम कतई नहीं समझेंगे। हमारे लिए सत्ता सर्वोपरि है उसके लिए मंदिर, मस्जिद, दंगा, फसाद, घात, प्रतिघात कुछ भी करना पड़े, चलेगा। लौटकर के एक दिन दीपावली पर कुछ आतिशबाजी कर देंगे। बात खत्म।

याद रखिए कि रामराज की अपनी निजता की पहली शर्त है कि हम अपने भीतर की क्रूरता, जड़ता और मूर्खता के तम को भगाकर ही रहेंगे। भारत के समाज में 'सब न करहिं, परस्पर प्रीति'। क्या अब दूर की कौड़ी बन गया है? राम के जंगल -जहान में भी राजनीतिक बाजार का आदमी घुस गया है। आजाद भारत में हर दीपावली पर दीप प्रज्ज्वलन की अवधि और परंपरा क्षीण हो रही हैं। लोग कहते हैं कि महंगाई की मार है, लेकिन सच यह है हम अपने अहंकार की मार से त्रस्त हैं। हमें अंधेरों की लत लग चुकी है। प्रकाश से डर लगता है। इस सत्य से अलग यदि हम सचमुच एक लोक क्रांति के जरिए आने वाली पीढ़ी को अच्छी दीपावली दे पाए तो कौन जाने राम जी का मन बदले और वे हमारे मन की अयोध्या में लौट आएं।

# कचरा विहीन दिवाली मनाएं



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हर घर में एक चेयर ऐसी जरूर होती है, जिस पर धुले हुए कपड़ों के ढेर लगे होते हैं। आइए इस बार उनकी तह बनाकर उन्हें अलमारी में सजा दें और कुर्सी को हल्का कर दें।

गाड़ी वाला आया, कचरा निकाल। शायद अब तक यह धुन हर सुबह गली-मोहल्ले सुनी जा सकती है। घरों का कचरा रोज ही निकाला जाता है, अब जबकि दिवाली आ चुकी है और छोटी दिवाली को नरका चौदस भी कहा जाता है। यह वो दिन होता है जब घर-घर में सफाई कर धूल और जमा कूड़ा करकट या नरक दूर किया जाता है। दूसरे शब्दों में यह समय कचरा दूर करने का है। सबसे पहली जरूरत अपने दिमाग से सांप्रदायिकता के कचरे को दूर करने की है। यह दिवाली हम सब के भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब के नाम होनी चाहिए।

दूसरे नंबर पर अपने घर की अलमारी और टेबिल की ड्राअर को खोल कर उसमें भरे कचरे को बाहर करें। उसमें भी धूल को साफ करे फालतू पेपर के टुकड़े, टूटे पेन पेंसिल, टूटे कलर्स फटे जुराब और कपड़े छोटे हो चुके कपड़े आदि को बाहर करें। बच्चों की आदत होती है होमवर्क करते और कार्टून देखते हुए टॉफी चाकलेट और चिप्स खा कर उसके रैपर और फटे पैकेट बेड और सोफे के नीचे खिसका देते हैं। इस मौके पर उनको पुराना कचरा निकाल फेकने को प्रेरित करें।

हर घर में एक चेयर ऐसी जरूर होती है, जिस पर धुले हुए कपड़ों के ढेर लगे होते हैं। आइए इस बार उनकी तह बनाकर उन्हें अलमारी में सजा दें और कुर्सी को हल्का कर दें। त्योहार के मौके पर फ्रिज का कचरा साफ करना भी जरूरी है। पुरानी मिठाई , चाकलेट और पुराना हो चुका खाने-पीने का सामान निकाल कर बाहर कर दें। घर और दिमाग से हर तरह का कचरा बाहर कर हल्के हों और कचरा विहीन दिवाली मनाएं।

# पटेल के आदर्श अपनाने का संकल्प

## लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित हुई क्रॉस कंट्री और रन फॉर यूनिटी


स्पोर्ट्स स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम। साथ में खड़े एसएसपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम खेल स्टेडियम व पुलिस लाइन में आयोजित हुए। स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रॉस कंट्री रेस आयोजित हुई जिसमें करीब 60 खिलाड़ियों व स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी उदयराज सिंह व एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने स्टेडियम से क्रॉस कंट्री रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं पुलिस लाइन में एसएसपी ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई व सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मंगलवार को क्रास कंट्री रेस स्टेडियम से प्रारंभ होकर मंडी, कोषागार मोड़, आरटीओ रोड होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। क्रॉस कंट्री रेस में ओपन वर्ग में नीरज नेगी ने पहला, प्रवीन राणा ने दूसरा, मोहित सिंह सौन ने तीसरा, कविंद्र ने चौथा, चंदन बिष्ट ने पांचवां और विनय जोशी ने छठा स्थान प्राप्त किया। बालिका ओपन वर्ग में दीपा ने पहला, वंदना ने दूसरा, अनिता बिष्ट ने तीसरा, रजनी ने चौथा, पूजा विश्वास ने पांचवां व गुंजन ने छठा स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को दीपावली के पड़ने के कारण शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को रन फॉर यूनिटी एवं क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया है। हमें सरदार पटेल के आदर्शों एवं विचारों को अपना कर देश की एकता व विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। एसएसपी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने राष्ट्रीय निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत को कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक सूत्र में बांधने का काम किया। इसी कारण उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाद में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, सीओ संचार आरडी मठपाल, खिलाड़ी, पुलिस जवान, छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते एसएसपी।



काशीपुर में रैली निकालते एनसीसी कैडेट।

### लगभग 200 लोगों ने लिया दौड़ में भाग

**रुद्रपुर :** रन फॉर यूनिटी में लगभग 200 पुलिस जवानों, क्षेत्रीय जनता, खिलाड़ियों, अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। रन फॉर यूनिटी को स्पोटर्स स्टेडियम से जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर यूनिटी स्टेडियम से प्रारम्भ होकर मंडी, कोषागार मोड़ होते आरटीओ रोड होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई।

### काशीपुर में भी निकाली रैली

**काशीपुर :** उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी के तहत एनसीसी और एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर एकता का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू ने किया। प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता ने छात्रों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। वहां पर मेजर मुनीशकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्य, मनोज शर्मा, कौशलेश गुप्ता, नीलम सूंठा आदि मौजूद रहे।



बाजपुर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम में शिरकत करते एसडीएम आरसी तिवारी।

### बाजपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़े युवा

**बाजपुर :** राष्ट्रीय एकता दिवस पर इंटर कालेज बाजपुर के खेल मैदान में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स व नगर के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। दौड़ की शुरुआत एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर की। दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इससे पहले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। वहीं डा.रविंदर सिंह ने आयुर्वेदिक चिकित्सा के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस मौके पर बीईओ सतेंद्र यादव, पैरा एथलेटिक ओलंपिक पदक विजेता मंदीप कौर, एनसीसी प्रभारी लेफ्टीनेंट डा.रविंदर सिंह, रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


छठ पूजा स्थल की सफाई कराते पूर्वांचल सेवा समिति के पदाधिकारी।

### पूर्वांचल सेवा समिति पूजा स्थल की सफाई में जुटी

**खटीमा :** पूर्वांचल सेवा समिति सात नवम्बर को होने वाले छठ पूजन की व्यापक तैयारी में जुटा है। छठ पर्व पर नगर पालिका के संजय रेलवे पार्क के समीप तालाब की स्वच्छता पर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुटे हैं। रेलवे स्टेशन के समीप तालाब के पानी को बदलने हेतु पंपिंग सेट का इस्तेमाल कर साफ पानी भरा जा रहा है। छठ पूजा स्थल पर साफ–सफाई, रंगाई–पुताई, चबूतरों का रंग रोगन किया जा रहा है। पूर्वांचल सेवा समिति अध्यक्ष सुनील रैदानी, पूर्व सभासद विश्वनाथ यादव, समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक उदय प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, महेन्द्र खोलिया, रमेश, नरेन्द्र सिंह, बृजेश प्रजापति, रामसागर यादव आदि मौजूद रहे।

### विधवा एवं वृद्धजनों को त्योहार से पूर्व मिलेगी पेंशन

**खटीमा :** समाज कल्याण विभाग इस बार दीपावली से पूर्व पेंशन भोगियों को पेंशन आवंटित कर रहा है। एडीओ समाज कल्याण विपिन सिंह बिष्ट ने बताया कि सरकार इस बार 30 अक्टूबर तक पेंशन भोगियों के खाते में पेंशन डाल देगी। इसका लाभ विधवा, वृद्धावस्था एवं विकलांगजनों को दीपावली त्यौहार संपन्न कराने में मिलेगा। विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत लगभग पांच हजार से अधिक पेंशन भोगी हैं।


सूर्यनगर ग्राम सभा में दुग्ध उत्पादकों को बोनस वितरण करते समिति पदाधिकारी।

### सूर्यनगर दुग्ध समिति ने बांटा 55713 रुपये बोनस

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर सहकारी दुग्ध समिति में सभी 47 सदस्यों को 55 हजार 713 रुपये बोनस बांटा गया। इसमें प्रथम स्थान पर सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले नंदन सिंह टाकुली को 4691 रुपये, द्वितीय शेर सिंह दानू को 2763 रुपये और तृतीय नंदन मेहता को 2742 रुपये का बोनस दिया गया। बोनस वितरण कार्यक्रम में सभी पशुपालकों को आंचल डेयरी से जुड़ने की अपील की गई। इस मौके पर समिति इंदर रौतेला, खीम दानू, दीपक मेहता, रघुवीर कोरंगा, केदार दानू, विक्रम मेहता, नंदन टाकुली, हर सिंह, कुंदन दानू, दीवान मेहता, पुष्कर मेहता, चेतन सिंह, गोपाल सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।


जसपुर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता।

### महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**जसपुर :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार शाम धनतेरस व दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में जसपुर के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती नत्था सिंह स्थित महर्षि वाल्मीकि के मंदिर में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित किये गए। इस मौके पर भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, अशोक खन्ना, महेंद्र कश्यप, कृष्ण कुमार काका, केशव प्रजापति आशु, दीपक अरोरा, अरुण जोशी, विनोद प्रजापति, महेंद्र राही, ब्रजवीर चौधरी, रूपेश कुमार, रामकिशोर, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों में धूमधाम से मनाई दीपावली

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन द्वारा मां लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यालय में रंगोली, भजन गायन, दोहा चौपाई आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रमेश चंद्र जोशी, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, रेनू उपाध्याय, नरसिंह कुंवर, बालकृष्ण थापा, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली आदि उपस्थित रहे। इधर सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में दीपावली पर रामलीला मंचन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने कलाकारों के विभिन्न किरदार निभा कर सबको मनमोहित कर लिया। बाद में आयोजित प्रतियोगिताओं के जूनियर वर्ग में दिया सज्जा, भजन, पारंपरिक वेशभूषा, झालर बनाओ आदि प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। सीनियर वर्ग में रंगोली, ऐपण, भजन, मंदिर सज्जा, शंख वादन आदि प्रतियोगिताएं हुई। इस अवसर पर चेयरपर्सन ज्योति पाल, नन्द किशोर वर्मा, मंजू अधिकारी, सुशील गुरूरानी, मोहनी मेहरा, दीपा चंद, भावना कलोनी, भावना भट्ट, निर्मला रावत, कविता पन्त, हेमलता, आशा, वैशाली मौर्या, रितू राना, ज्योति मेहरा मौजूद रहे।



एचपीएस स्कूल में बनाई गई रंगोली।

### एचपीएस में बच्चों द्वारा सजाई गई रंगोली ने किया मंत्रमुग्ध

**किच्छा :** धनतेरस एवं दीपावली पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। धनतेरस पर्व पर हल्द्वानी मार्ग स्थित हिमालयन प्रोगेसिव स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा तमाम सुंदर सुंदर रंगोली सजाई गई। स्कूली बच्चों ने विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर में तमाम रंगों के माध्यम से सजाई गई रंगोली सभी को मंत्रमुग्ध करती नजर आई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने रंगोली सजाने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



खटीमा के डायनेस्टी स्कूल में मां लक्ष्मी के आगमन को बनाया वेलकम गेट।


सरस्वती एकेडमी में रामलीला मंचन का दृश्य।


किच्छा में निरीक्षण करती खाद्य विभाग की टीम।

### खाद्य विभाग की टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**किच्छा :** त्योहारों पर सिंथेटिक खाद्य सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों एवं होटलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मिठाई विक्रेताओं के दस्तावेजों की भी जांच की। मावा, बर्फी, पेड़ा, पिन्नी, घी, पनीर आदि के सैंपल कब्जे में लिए। इस दौरान जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार आदि टीम में शामिल रहे। इस दौरान टीम ने नगर के रोडवेज बस स्टैंड पर उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड पहुंचे खाद्य पदार्थों के पैकेट की भी जांच की।

### मैथ्स क्विज में समर स्टडी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**काशीपुर :** डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा मैथ्स-ए-मैजिशियन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें काशीपुर के 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में समर स्टडी हॉल के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में समर स्टडी हॉल के आदित्य कंडारी, अरनव शर्मा, मानवी, और अभय कुमार थापा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल अध्यक्षा मुक्ता सिंह, प्रधानाचार्य अनुज भाटिया व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई दी।

# आतिशबाजी के वक्त रखें बच्चों का ध्यान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सभी जनपदवासियों को दीपावली, धनतेरस, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जनपद के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग खुशियों के त्योहार को अपने परिवार व बच्चों के साथ मनाएं। आतिशबाजी व पटाखे चलाने के दौरान बच्चों पर अधिक ध्यान दें और उनके साथ रहें। ईको-फ्रेंडली दीपावली मनाने व एक दीया देश की समृद्धि के नाम जलाने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष राज्य निर्माण का रजत जयंती वर्ष है। 25 से 15 नवंबर तक स्वच्छता सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोगों से इससे जुड़ने की अपील की। साथ ही दीपावली के दौरान वोकल फॉर लोकल के तहत खरीदारी करने व स्वभाव स्वच्छता: संस्कार स्वच्छता थीम को अपनाते हुए दीपावली त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपावली आपसी सौहार्द का त्यौहार है। सभी लोगों को दीपावली को शांतिपूर्वक व उत्साहपूर्वक मनाना चाहिए।


डीएम उदयराज सिंह।

**अपील**

- जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने लोगों से की अपील
- 15 नवंबर तक चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान

### सांसद अजय भट्ट ने दी दीपावली की शुभकामनाएं



**रुद्रपुर :** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने देशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली प्रकाश पर्व हम सब के जीवन के लिए बेहद पावन पर्व है। इसके साथ ही त्यौहार की शुरुआत धनतेरस आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरि की पूजा से शुरू होती है। सभी पर मां लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

**आस्था** | दिनेशपुर के श्रीबालाजी मंदिर में सजा महाराज का दरबार, बाबा की प्रतिमा पर चढ़ाया स्वर्ण चोला, छप्पन भोग लगाया व भंडारा हुआ

# रखवाला प्रतिपाला, मेरा लाल लंगोटे वाला...

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** श्रीबालाजी मंदिर में दीपावली पर्व पर महंत राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीबालाजी महाराज, श्रीभैरव जी महाराज, श्रीप्रेतराज सरकार की प्रतिमाओं को स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया।

पूजा- अर्चना के बाद छप्पन भोग लगा एवं विशाल भंडारा चलता रहा। मंगलवार को श्रीबालाजी मंदिर में लगे दरबार का शुभारंभ अखंड ज्योत प्रज्वलित कर श्रीगुरु व श्रीगणेश वंदना, श्री प्रेतराज महाराज की आरती, श्रीहनुमान चालीसा के बाद भक्तों द्वारा 'आज मंगलवार है, महावीर का वार है....,' भजन गाकर प्रारंभ किया। दरबार में पहुंचने पर महंत राजेंद्र अग्रवाल का भक्तों द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। महंत अग्रवाल ने 'छोड़ सारी दुनिया में आया तेरे द्वारे..... आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद महंत अग्रवाल पर दूत महाराज का आह्वान हुआ। सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। भजनों की श्रृंखला में भक्त शिव कुमार ने 'रखवाला प्रतिपाला, मेरा लाल लंगोटे वाला.....,' बिट्टू अरोरा ने 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे.....', गदरपुर नपा पूर्व ईओ हरिचरन सिंह ने 'जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे.....,' व 'घाटे वाले तेरा शुक्रिया तूने जीवन में सब कुछ दिया...,'आदि भजन सुना कर माहौल भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात बाबा की चालीसा हुई, श्रीसीताराम महाराज, श्रीबालाजी महाराज व श्री भैरव बाबा की आरती हुई, बाद में बाबा की आरती के छीटे दिए गए। बाबा को भोग लगने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर खैरात कुमार, सुरेश चंद्र, पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, सुधीर गगनेजा, पूर्व ईओ हरिचरन सिंह, मदन खन्ना, बिट्टू अरोरा, शिवकुमार, गौरव अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, सुनील बंसल, मानसिंह कोरंगा, नितिन रस्तोगी, अंकित जोशी मोहित नारंग, अजय जायसवाल, वासुदेव यादव आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर में महंत राजेंद्र अग्रवाल का फूल मालाओं से स्वागत करते भक्त। ● अमृत विचार


दीपावली पर्व पर सजा श्रीबालाजी महाराज का दरबार।

# शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका, धरना दिया

## छात्र नेताओं ने शिक्षा मंत्री पर जानबूझकर छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का लगाया आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर एमबीपीजी कॉलेज में छात्रों ने मंगलवार को भी सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का पुतला भी जलाया। साथ ही छात्रों ने पुलिस के खिलाफ भी नारे लगाकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को छात्र एमबीपीजी कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कॉलेज परिसर में नारेबाजी की और धरना दिया। कहा कि सरकार के छात्र संघ चुनाव नहीं कराने के निर्णय से लंबे समय से आंदोलन की तैयारी कर रहे छात्रनेताओं की उम्मीदों को झटका लगा है। इस दौरान छात्र नेता व उनके समर्थकों ने कॉलेज के मुख्य गेट के सामने नैनीताल रोड पर शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया। छात्रों ने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री जान बूझकर चुनाव नहीं कराने चाहते हैं। जबकि वह भी छात्र राजनीति से यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यदि छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए तो छात्रों की आवाज और कॉलेज व विश्वविद्यालय की समस्याओं को कौन उठाएगा। उन्होंने शीघ्र चुनाव नहीं कराने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर रक्षित सिंह बिष्ट, हर्ष शर्मा, चंदन सिंह, अजय कुमार, हर्षित भारती, उमाशंकर, विशाल भोजक, मनोज सिंह बिष्ट, ललित सिंह, राहुल पांडे आदि मौजूद रहे।



एमबीपीजी कॉलेज गेट के बाहर शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकते छात्र। ● अमृत विचार

## डीडीए के विरोध में समिति ने दिया धरना

**अल्मोड़ा :** जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति ने गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन में डटे रहने की चेतावनी भी दी। मंगलवार को धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नजर अंदाज कर रही है। कहा कि डीडीए लागू होने से लोग परेशान हैं। इसके विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति हर मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर डीडीए को वापस लेने की मांग उठा रही है। लेकिन अब तक सरकार की तरफ से इस पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई। जिससे जनता की परेशानी बढ़ते जा रही है। यहां निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र तिवारी, तारा चंद्र जोशी, ललित मोहन पंत, प्रत्येश पांडे, रोबिन मनोज भंडारी, भारत रत्न पांडे मौजूद रहे।



ग्रामीण टूर्नामेंट में विजेता टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि एसआई प्रियांशु जोशी। ● अमृत विचार

# चकरपुर ने ट्रॉफी अपने नाम की

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** चकरपुर में आयोजित ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में चकरपुर ने पटपुरा को 3–1 से हराया। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। मुख्य अतिथि एसआई प्रियांशु जोशी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट अध्यक्ष हरीश सामंत ने वहां उपस्थित सभी का आभार जताया।

वहां संदीप राणा, सुरेश चन्द, जीवन पोखरिया, किशोर पानू, किशन चंद, शुभम खनका, दीपक यादव, हेमन्त पोखरिया, बॉबी सामंत, सुमित राणा, विपिन राणा, कौशल चन्द, विक्की, पवन, दीपू आदि मौजूद थे।

# डिजिटल वॉल पर हल्द्वानी शहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**सतर्कता**

- शहर के प्रमुख चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर लगे हैं पुलिस के सीसीटीवी

**अमृत विचार :** त्योहार के दौरान बदनियती से शहर की सड़कों पर फिरने वाले सावधान हो जाएं। क्योंकि पुलिस के डिजिटल वॉल की नजर पूरे शहर पर है। सड़क पर कानाफूसी करने वाले भी सावधान रहें। शहर को सुरक्षित करने के लिहाज से निजी सीसीटीवी का कंट्रोल भी पुलिस अपने हाथ में ले सकती है। फिलहाल तो पुलिस ने निजी सीसीटीवी धारकों से अपील की है कि वह अपने सीसीटीवी त्योहार के दौरान 24 घंटे चालू रखें।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में डिजिटल वॉल स्थापित है। इस डिजिटल वॉल पर पूरा शहर दिखाई देता है। सीसीटीवी से जुड़ी इस वॉल पर चौराहों और सड़कों से गुजरने वाले हर एक व्यक्ति को देखा जा सकता है। रामपुर रोड, कालाढूंगी रोड, नैनीताल और बरेली रोड के सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने सीसीटीवी लगाये हैं और इनके जरिये पुलिस 24 घंटे नजर रख रही है। तीन दिन पूर्व पुलिस ने शहर के व्यापारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में पुलिस ने निर्देश दिए थे कि वह दुकानों में लगे सीसीटीवी को न सिर्फ दुरुस्त रखें, बल्कि बाजार बंद होने के बाद सीसीटीवी को रिकॉर्डिंग मोड में चालू रखें। इसके अलावा पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वह अपने घरों के बाहर लगे सीसीटीवी हमेशा चालू रखें, ताकि यदि कोई घटना घटित होती है तो अपराधी को दबोचा जा सके। इसके अलावा पुलिस अपने सीसीटीवी से नजर रखने के साथ ही चौराहों पर लगे लाउडस्पीकर से दिशा निर्देश भी लगातार प्रसारित कर रही है। लाउड स्पीकर भी पुलिस बहुउद्देशीय भवन में बने कंट्रोल रूम से संचालित किए जा रहे हैं, जहां बड़ी डिजिटल वॉल है। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि व्यापारियों को निर्देशित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर निजी सीसीटीवी का डाटा भी सुरक्षित किया जाएगा।

## छात्रा से छेड़छाड़ में कॉलेज प्रबंधक सहित 4 पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) :** निजी इंटर कॉलेज में कक्षा–9 की छात्रा से छेड़खानी के मामले में प्रबंधक, उसकी सहयोगी महिला शिक्षक समेत 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना के बाद से छात्रा का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। सुरजन नगर क्षेत्र के गांव एक निवासी व्यक्ति की पुत्री बिढ़ुआठेर में स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा–9 की छात्रा है। 5 अक्टूबर को वह कॉलेज से रोती बिलखती घर पहुंची थी। उसने बताया था कि डिलारी क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली निवासी कॉलेज के प्रबंधक ब्रजमोहन ने दोपहर 1 बजे उसे एकांत कमरे में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें और छेड़खानी की। छात्रा का आरोप है कि कक्षा अध्यापक राजेश सिंह निवासी दुल्हापुर, केयर टेकर सुमन देवी निवासी सुल्तानपुर खद्दर और प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह निवासी पाइंदापुर ने भी कॉलेज प्रबंधक का सहयोग किया।

# चुनाव के लिए आरओ व एआरओ नियुक्त

संवाददाता, टनकपुर

**कार्रवाई**

- निकाय चुनाव के लिए डीएम ने शुरू की तैयारी
- नगर पालिका लोहाघाट के लिए एसडीएम बने अध्यक्ष

**अमृत विचार :** नगर निकाय के सामान्य निर्वाचन - 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा निर्वाचन अधिकारी (आर.ओ) तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी (ए.आर.ओ) नियुक्त किए गए हैं। डीएम द्वारा नगर पालिका परिषद, टनकपुर के लिए अध्यक्ष पद के लिए एसडीएम आकाश जोशी को तथा सदस्य पद के लिए आरके यादव सहायक अभियंता सिंचाई उपखंड को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नगर पालिका चम्पावत के लिए अध्यक्ष पद के लिए एसडीएम सौरव असवाल तथा सदस्य पद के लिए नंदन प्रसाद आगरी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, नगर पालिका लोहाघाट के लिए अध्यक्ष पद के लिए एसडीएम रिंकु बिष्ट तथा सदस्य पद के लिए वीरेंद्र सिंह बोहरा अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई तथा नगर पंचायत बनबसा के लिए अध्यक्ष पद के लिए धनपत कुमार मुख्य कृषि अधिकारी तथा सदस्य पद के लिए संजीव भट्ट सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रशांत कुमार अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को अध्यक्ष पद के लिए तथा राजीव पाठक खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को सदस्य पद के लिए आरक्षित किया गया है। डीएम ने बताया कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के लिए नामांकन पूर्णागिरि तहसील परिसर में तथा मतगणना स्थल राजकीय पीजी कॉलेज टनकपुर में कक्ष संख्या 8 में बनाया गया हैं।नगर पालिका परिषद चम्पावत के लिए नामांकन स्थल तहसील परिसर चम्पावत तथा मतगणना स्थल वन पंचायत भवन गोरल चौड़ मैदान में बनाया गया है।

नगर पालिका परिषद, लोहाघाट के लिए तहसील परिषद लोहाघाट में नामांकन स्थल तथा उप जिलाधिकारी लोहाघाट के वन पंचायत भवन मीटिंग हॉल में मतगणना स्थल बनाया गया है। इसके अलावा नगर पंचायत बनबसा के लिए तहसील पूर्णागिरि, टनकपुर के तहसील परिसर में नामांकन स्थल तथा मतगणना स्थल राजकीय पीजी कॉलेज टनकपुर कक्ष संख्या 14 में बनाया गया है। नियुक्त किए गए रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की स्थानीय निकाय निर्वाचन से संबंधित आवश्यक बैठक 6 नवंबर 2024 को जिला कार्यालय सभागार में अपराह्न 3 बजे से आहूत की गई है।



खटीमा कोतवाली में विधायक के खिलाफ तहरीर सौंपते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# विधायक के खिलाफ सौंपी तहरीर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता कैलाश मनराल ने पुलिस को तहरीर सौंपकर क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। कहा कि सोशल मीडिया में उन पर झूठे आरोप गए हैं जिससे उनकी भावना आहत हुई है।

कोतवाली पहुंच कैलाश मनराल ने पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसमें कहा है कि विधायक ने उन पर आरोप लगाए हैं कि सुरई रेंजर उनके भाई हैं और उनकी शह उन्हें प्राप्त है। वह अपने भाई के माध्यम से लकड़ी काटते हैं और वह लकड़ी दूध डेयरी के बॉयलर के लिए सप्लाई करते हैं। जबकि उनके द्वारा दूध डेयरी को लकड़ी सप्लाई का कोई न तो ठेका है और न ही कोई लेना-देना। यह भी कहा है कि रेंजर 35 साल की नौकरी में 25 साल खटीमा की चार रेंजों में नौकरी कर रहे हैं। यही बात उन्होंने सोशल मीडिया के साथ-साथ समाचार पत्रों में भी कही है। मनराल ने कहा कि सारे आरोप राजनीतिक द्वेष और व्यक्तिगत रंजिश के कारण लगाए गए हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई की मांग की है। तहरीर सौंपने पहुंचे लोगों में भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, कामिल खान आदि थे। इधर कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने कहा कि तहरीर मिली है जिसपर जांच के बाद कारवाई की जाएगी।

# तीन हादसों में चार लोग गंभीर घायल

संवाददाताः बाजपुर

**दुर्घटना**

- तीन मंदिर के पास आमने सामने से टकराईं दो बाइकें
- घटना के चलते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई

**अमृत विचार:** दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार देर रात आठ बजे ग्राम रानी नागल फौजी कॉलोनी निवासी सतदेव (40) पुत्र टोपी राम बेरिया रोड स्थित फार्म से ड्राइवरी का कार्य करके अपने घर की ओर लौट रहा था। इस दौरान रामराज रोड स्थित तीन मंदिर के समीप सामने से आ रही बाइक से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में सतदेव गंभीर घायल हो गया।

बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार की देर रात्रि आठ बजे ग्राम रानी नागल फौजी कॉलोनी निवासी सुखवीर सिंह (18) पुत्र इंदर सिंह अपने साथी ताराचंद पुत्र कालीचरण के साथ आलापुर से राजमिस्त्री का कार्य करके बाइक से अपने घर की ओर जा रहा था। रामराज रोड स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया के नजदीक बाइक और स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में सुखवीर घायल हो गया। जबकि उसका साथी ताराचंद बाल-बाल बच गया। घटना के चलते मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सोमवार देर रात्रि नौ बजे वार्ड नंबर 7 ग्राम नंदपुर नरका टोपा निवासी कमला (40) पत्नी नरेंद्र गांव में ही लगा साप्ताहिक हाट बाजार से सामान खरीदकर अपने घर पैदल लौट रही थी। इसी बीच ग्राम नंदपुर नरका टोपा निवासी पंकज शर्मा (18) पुत्र विजेंद्र शर्मा घर से बाइक पर बाजार जा रहा था।

ग्राम नंदपुर नरकटोपा कॉलोनी में स्थित एक दुकान के नजदीक पैदल जा रही महिला को सामने से टक्कर मार दी टक्कर लगने के बाद दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## वर्ग पहेली-237

**बाएं से दाएं**

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट–भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | | |
| 7 | | ■ | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -236 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कँ | ग | ला | ■ | 2 अ | ■ |
| टि | ■ | ■ | ■ | व | ■ |
| या | ■ | 3 की | ■ | स | ■ |
| ■ | 4 फ | ट | का | र | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | वा | ■ |
| 5 सु | दे | श | ■ | दि | ■ |
| धि | ■ | 6 क | र | ता | ल |

## सुडोकू -150

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | 2 | | 6 | 5 |
| | | 1 | | 5 | 9 | | | |
| 4 | 8 | | | | 7 | | | 2 |
| | 7 | | 6 | | | 4 | | |
| 9 | | | 5 | | 1 | | | 3 |
| | | 3 | | | 4 | | 2 | |
| 1 | | | 4 | | | | 8 | 7 |
| | | | 2 | 1 | | 9 | | |
| 2 | 4 | | 7 | 3 | | | | |

### सुडोकू - 149 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–कार्तिक, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–त्रयोदशी 13.15 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–हेमंत।
चन्द्रबल– मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–हस्त 21.43 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष:** आज स्वयं को शांत रखने का प्रयास करें। रात में परिजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। शिक्षा और प्रतियोगिता में विजय मिल सकती है। आप अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे रहेंगे। प्रेम विवाह के काफी अच्छे योग बन रहे हैं।

**वृष:** आज संपत्ति संबंधी मामलों को टालना बेहतर होगा। अपना काम स्वयं करें दूसरों पर बिल्कुल भी न छोड़ें। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए समय बहुत ही अच्छा है। घर के माहौल को खुशनुमा बनाए रखें। फेफड़ों में संक्रमण होने की संभावना है।

**मिथुन:** आज आपकी नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। गृहकार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ न्यूनता हो सकती है। आपको धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। कलात्मक गतिविधियों से आप जुड़े रहेंगे।

**कर्क:** आज स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे लोगों को संभलकर निवेश करना चाहिए अन्यथा बड़ा आर्थिक घाटा हो सकता है। जॉब में आपका प्रभाव और महत्व बढ़ेगा। आपका मूड रोमांचक कार्यों की तरफ बार–बार प्रवृत्त होता रहेगा।

**सिंह:** आज किसी भी काम को हल्के में न लें। धन को लेकर परेशानी दूर होगी। बच्चों के व्यवहार से मन में गर्व की अनुभूति होगी। आपकी योग्यता और कार्यशैली की प्रशंसा आपके विरोधी जन भी करेंगे। लव लाइफ में कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**कन्या:** आज व्यापार से जुड़े लोगों का फंसा हुआ धन प्राप्त होगा। इससे आप आर्थिक परेशानियों से काफी हद तक निकल पाएंगे। पिछले कुछ समय से यदि स्वास्थ्य समस्या थी तो दूर हो सकती है। स्वयं को ऊर्जा से महसूस करेंगे। प्रेमीजन के प्रति काफी आकर्षित रहेंगे।

**तुला:** आज वातावरण में हो रहे बदलाव को लेकर चिंतित रहेंगे। अपने व्यवहार में ज्यादा परिवर्तन न करें। संवेदनशीलता के कारण आपका मूड स्विंग होता रहेगा। अपने अनुभवों का सही लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसीलिए बुद्धिमान लोगों से सलाह अवश्य लें।

**वृश्चिक:** आज विद्यार्थी अपने करियर और अध्ययन को लेकर सचेत रहेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों को किसी विशेष बड़े अभियान में सफलता मिल सकती है। घर के रखरखाव में आप विशेष रुचि लेंगे। मित्र आपका काफी सहयोग करेंगे।

**धनु:** आज साझेदारी में किए गए कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। कर्जों को चुकाने का बेहतरीन समय है। जॉब में आपको अधिकार और प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाएंगे। अधिकारियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**मकर:** आज रचनात्मक कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। जॉब में स्थानांतरण होने की संभावना है। अनावश्यक चर्चाओं में आपका समय बर्बाद हो सकता है। आपका समय बच्चों के साथ बीतेगा। राजनीतिक लोगों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। छात्रों को मेहनत का परिणाम मिलेगा।

**कुंभ:** आज किसी मित्र के व्यवहार से आपको ठेस लग सकती है। नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी न होने दें। क्योंकि इसका सीधा प्रभाव आपके आत्मविश्वास पर पड़ेगा। किसी को भी धन उधारने से बचें।

**मीन:** आज शेयर मार्केट से आपको धन लाभ हो सकता है। छात्रों को काफी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन इसके बाद सफलता निश्चित है। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। गठिया के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जंगल — सुबह : 10.50
- केदारनाथ — रात : 08.43

&pictures
- हसीना मान जाएगा — सुबह : 09.25
- तुम्बाड — रात : 09.00

SONY PIX
- वंडर वुमन — सुबह : 09.55
- मोर्टल कॉम्बेट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- तेरी मेरी कहानी — सुबह : 09.00
- हम आपके हैं कौन — रात : 07.25

ZEE ACTION
- साथी — सुबह : 11.01
- अजय — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर रात : 08.43 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मेकअप पोते लड़की की स्कूटी भैंस से टकरा गई।
लड़की स्कूटी मैकेनिक के पास लेकर गई।
लड़की– स्कूटी की सर्विस करानी है।
मैकेनिक– मैडम इंजन में दिक्कत है और ब्रेक भी सही से काम नहीं कर रहे।
लड़की– अरे वो छोटी मोटी बातें होती रहती हैं।
पहले इसका शीशा ठीक करो प्लीज...

पति आधी रात को अपनी मोटी बीवी को जगाकर बोला– घुट–घुट कर मरना सही है या फिर एकदम से मर जाना?
पत्नी– एकदम से मर जाना अच्छा होता है।
पति– तो अपनी दूसरी टांग भी मेरे ऊपर रखे दे और किस्सा खत्म कर मेरा।

# अल्मोड़ा में धनतेरस पर हुआ 27 करोड़ का कारोबार

## धनतेरस पर खरीदारी के लिए उमड़ी लोगों की भारी भीड़, ज्वैलरी, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल दुकानों पर रही भीड़-भाड़

- वाहन के साथ सोने-चांदी के सिक्के, एलईडी, फ्रिज की रही भारी डिमांड

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** धनतेरस पर खरीदारी को लिए अल्मोड़ा की बाजार में भारी भीड़ जुटी रही। इससे व्यापारियों के चेहरे खिले रहे। लोगों ने जमकर खरीदारी की। कारोबारियों के मुताबिक इस बार धनतेरस में करीब 27 करोड़ का कारोबार हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में पांच करोड़ अधिक रहा।

मंगलवार को धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर लोग घरों से निकले और सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी की। कारोबार व्यापारियों के उम्मीद पर खरा उतरा। सर्राफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल, कपड़े, सजावट के सामान और बर्तनों की भारी बिक्री हुई।

नगर के लाला बाजार, चौक बाजार, जौहरी बाजार, बाटा चौक, लोहाशेर, कारखाना बाजार, कहचरी बाजार, थाना बाजार, धारानौला समेत अन्य क्षेत्रों में बाजार ग्राहकों से गुलजार रहा। लंबे समय बाद धनतेरस पर बाजार में खरीदारी को उमड़ी भीड़ देख व्यापारियों के भी चेहरे खिले रहे। इस बार चांदी और सोने के सिक्के, पायल सेट, एलईडी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, ड्राइफूड, पूजा आइटम, मोबाइल आदि की ज्यादा डिमांड रही।



अल्मोड़ा में मंगलवार को धनतेरस पर बर्तन की एक दुकान पर उमड़ी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा में मंगलवार को धनतेरस पर लोगों ने ज्वैलरी की भी खरीदारी की।

### बर्तनों की दुकानों में रही भीड़

धनतेरस पर जिलेभर में बर्तनों की दुकानों में खरीदारों की सबसे ज्यादा भीड़ रही। लोगों ने स्टील, पीतल, तांबे के गिलास, चम्मच, कटोरे, डिनर सेट, बर्तन, मूर्मियों की खरीदारी की। व्यापारियों ने कई उत्पादों में छूट दी थी। अल्मोड़ा कारखाना बाजार स्थित बर्तन कारोबारी संजीव अग्रवाल टीटू ने बताया कि इस बार एक करोड़ से अधिक बर्तन कारोबार का अनुमान है।

### ऑटोमोबाइल सेक्टर में रिकॉर्ड कारोबार

धनतेरस पर ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी जमकर धनवर्षा हुई। मारूती शोरूम के मैनेजर हीरा सिंह बिष्ट ने बताया कि उनके यहां जिलेभर में 10 करोड़ की गाड़ियों बिक्री हुई। धनतेरस में 20 चौपहिया वाहन की डिलीवरी की। होंडा शोरूम के संचालक दीपक कुमार भट्ट ने बताया कि इस बार 60 से अधिक स्कूटी और बाइकों की बिक्री हुई है। वहीं, हीरो, बजाज, टीवीएस, रॉयल इनफिल्ड समेत अन्य शोरूम मे भी दोपहिया वाहनों की जमकर खरीदारी हुई। ऑटोमोबाइल में करीब 15 करोड़ से अधिक रुपये का कारोबार हुआ है।

### इलेक्ट्रॉनिक कारोबार में इजाफा

इलेक्ट्रॉनिक के सामान की खपत में धनतेरस के मौके पर काफी इजाफा हुआ। धनतेरस पर एलईडी टीवी, फ्रिज ही नहीं स्मार्टफोन, लैपटॉप, मोबाइल और अन्य आधुनिक गैजेट्स लेने में भी ग्राहक पीछे नहीं रहे। शहर में लगभग 30 और जिले भर में दो करोड़ से अधिक की खरीदारी हुई है। नगर के कचहरी बाजार स्थित प्रकाश इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी प्रकाश रावत की इस बार इलेक्ट्रॉनिक कारोबार में अन्य सालों की अपेक्षा कारोबार अच्छा हुआ है।

### सोने के आभूषणों की भी हुई अच्छी बिक्री

धनतेरस को लेकर नगर के अधिकतर ज्वैलर्स की दुकानों में लोगों ने चांदी के बर्तन, गिलास, कटौरे, चम्मच, प्लेट, मूर्तिया व हॉल मार्क के सोने व चांदी के सिक्कों की बड़ी मात्रा में खरीदारी की। इस दौरान कई लोगों ने पहले दिए आर्डर के आधार पर जेवरात की भी खरीद की। सर्राफा व्यापारी व होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया कि इस साल सर्राफा कारोबार में तेजी रही। उन्होंने बताया कि करीब तीन करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

### मिठाई कारोबारी खुश

नगर के प्रमुख प्रतिष्ठानों में धनतेरस के अवसर पर खोये, अनाज व छेने की मिठाइयों की भारी मात्रा में बिक्री हुई। इस बार सबसे अधिक बिकने वाली मिठाईयों में बंगाली और चॉकलेट मिठाई रही। इनकी कीमत 350 से 480 रुपये किलो रही। दिन भर नगर के मालरोड स्थित मिठाइयों की दुकानों में लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

### पटाखा बाजार में खूब हुई खरीदारी

**अल्मोड़ा :** दीवाली पर्व को लेकर अल्मोड़ा नगर के एडम्स इंटर कॉलेज के खेल मैदान में दुकानें सज गई हैं। यहां लगभग पचास से अधिक आतिशबाजी की दुकान लगाई गई हैं। इस बार आतिशबाजी बाजार में बीयर अनार पटाखा नया है। इस पटाखे को जलाने पर आप रंग बिरंगी रौशनी और म्यूजिक का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं पिछली बार की अपेक्षा इस बार पटाखे दस से पचास रुपये तक मंहगे हो गये हैं।



अल्मोड़ा बाजार में मंगलवार को धनतेरस पर बाजार में रही भीड़भाड़।

# धनतेरस के अवसर पर जमकर हुई खरीदारी

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** नगर में दीपावली पर्व को लेकर बाजार सजकर तैयार है। धनतेरस पर मंगलवार को भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने बर्तन सहित विभिन्न सामग्री खरीदी।

दुकानों में बिजली की विभिन्न लाइटें सहित सजावटी सामान, मूर्तियां, कपड़ों की दुकान आदि लगी हुई है। पुलिस प्रशासन ने बाजार क्षेत्र में केएमयू स्टेशन से रोडवेज स्टेशन तक बैरियर लगाकर सभी वाहनों की प्रवेश पर रोक लगा दी है।

धनतेरस के अवसर पर बर्तनों की दुकानों में काफी भीड़ देखी गई। सुरक्षा के चलते बाजार क्षेत्र में पुलिस बल व अग्निशमन दस्ते को तैनात किया गया है।



रानीखेत में धनतेरस पर बर्तन की एक दुकान पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### धनतेरस पर्व पर टनकपुर में जमकर हुई खरीदारी

**टनकपुर :** मंगलवार को धनतेरस पर्व पर टनकपुर में लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की गई। नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में लोग खरीददारी के लिए बाजार पहुंचे जिसके कारण बाजार में खासी चहल-पहल रही। धनतेरस पर्व पर ज्यादातर बर्तनों की खरीददारी लोगों ने खूब की। इस बार भी मेन मार्केट में मार्ग पर ठेला फड़ की दुकानें लगाई गई हैं। जिसके कारण इस मार्ग में दोपहिया और बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। इस बार भी सुरक्षा को देखते हुए गांधी मैदान में पटाखे की दुकान लगाई गई है। यहां भी लोग पटाखे खरीदने पहुंच रहे हैं। दीपावली पर्व को देखते हुए इस समय नगर क्षेत्र में सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए गए हैं। वहीं पड़ोसी देश नेपाल से भी भारी संख्या में लोग खरीददारी के लिए टनकपुर बाजार पहुंच रहे हैं।

### मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में दीपावली पर हुईं प्रतियोगिताएं

**बनबसा :** मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में दीपावली पर्व से पूर्व छात्रों के बीच कार्ड मेकिंग, बॉटल पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओ में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उप प्रधानाचार्या फिलीस जार्ज और प्रबंधक गिरीश चंद्र जोशी ने छात्र छात्राओं को दीपावली पर्व के बारे में विस्तारसे जानकारी दी। उन्होने छात्रो को बताया कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी एनसीसी व शैलेश मटियानी पुरस्कार प्राप्त नरेन्द्र सिंह रोतेला के द्वारा एक पर्सनल डेवलपमेंट क्लास का भी आयोजन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर क्लिफटन शिफवे व सचिव यूजिन जॉर्ज ने छात्र छात्राओं को दीपावली पर्व पर बधाई दी गई।



प्रतियोगिता के दौरान रंगोली बनाती छात्राएं।



अल्मोड़ा में क्रॉस कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

### क्रॉस कंट्री में धीरज और पूर्णिमा ने मारी बाजी

**अल्मोड़ा :** राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला खेल विभाग और जिला प्रशासन की ओर से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। पुरुष ओपन वर्ग में धीरज सिंह और बालिका वर्ग में पूर्णिमा पहले स्थान पर रही। मंगलवार को हुई क्रॉस कंट्री का चौघानपाटा से जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, रेडक्रॉस चेयरमैन मनोज सनवाल, हरीश कनवाल ने संयुक्त रूप से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। दौड़ चौघानपाटा से करबला, पुलिस लाइन होते हुए वापस चौघानपाटा में आकर समाप्त हुई। जिसमें ओपन पुरूष वर्ग में धीरज सिंह बिष्ट और महिला वर्ग में पूर्णिमा पहले स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यहां डॉ. जेसी दुर्गापाल, जीवन प्रकाश, हरीश गोस्वामी, विक्रम भंडारी, हीरा कनवाल, रीता बिष्ट, लता साह, प्रभा नेगी, करिश्मा नायक, कविता थापा, वंदना भंडारी, कैलाश राम आर्या, यशवंत कुमार, प्रेम सिंह रावत, योगेश कुमार, मदन कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय बाक्सिंग में बागेश्वर ने जीते दो स्वर्ण

**बागेश्वर :** पिथौरागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय आमंत्रण बाक्सिंग प्रतियोगिता में बागेश्वर के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण व एक सिल्वर पदक जीते। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। पिथौरागढ़ में 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय आमंत्रण बाक्सिंग प्रतियोगिता में बागेश्वर के गोकुल कुमार व भूमिका कोरंगा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया जबकि शुभम जोशी ने सिल्वर पदक प्राप्त किया। इसके अलावा मन्नू खेतवाल, पवन देव, प्रियांशु रौतेला, नीरज दानू ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को मंगलवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई व अनुशासन के साथ ही जीवन में खेल का भी काफी महत्व है। उन्होंने कहा कि बागेश्वर जनपद के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि जनपद में खेल गतिविधियों को अधिक बढ़ावा दिया जाय तथा युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बाक्सिंग कोच सुंदर गढ़िया के प्रयास की भी सराहना की। इस दौरान अंतर्राष्टीय बाक्सिंग कोच सुंदरसिंह गड़िया व कोच तनुज कुमार आदि उपस्थित थे।

# इको पार्क को बनाएं आकर्षक: डीएम

- डीएम ने इको टूरिज्म की विभिन्न परियोजनाओं की बैठक ली
- जंगल सफारी समेत तमाम परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में मंगलवार को डीएम ने इको टूरिज्म की बैठक ली।

**अमृत विचार :** इको टूरिज्म की विभिन्न परियोजनाओं को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में वन विभाग द्वारा प्रस्तावित इको टूरिज्म परियोजनाओं और सफारी परियोजनाओं को लेकर चर्चा की गई।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए स्थानों पर पोस्टर और क्यूआर कोड लगाए जाएं। जिनमें पेड़-पौधों, फूलों और जानवरों के नाम और उनके बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो। वहीं, विवरणों में पेड़ और पौधों की प्रजातियों के साथ उनके लाभ, फूलों की विशेषताएं और जानवरों की आदतों, उनके पर्यावरणीय महत्व व उनके संरक्षण के उपायों के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में स्थानीय लोगों और छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि इको टूरिज्म को स्थानीय समुदाय से जोड़कर एक समृद्ध अनुभव बनाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए की इको पार्क और गार्डन को पर्यटकों के लिए आकर्षक और रोचक बनाया जाए, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले और पर्यटक इन स्थलों की ओर आकर्षित हो। यहां बैठक में सीडीओ दिवेश शाशनी, डीएफओ दीपक सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश सिंह खत्री आदि मौजूद रहे।

## रानीखेत में रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन

**रानीखेतः** क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा नौवें आयुर्वेद दिवस 2024 और भगवान धनवन्तरी जयन्ती के अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, डॉ. वीबी कुमावत, अनुसंधान अधिकारी (आयु.) द्वारा राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, भोले बाबा आयुर्वेदिक, चिकित्सालय और छावनी परिषद्, रानीखेत के साथ सहयोगात्मक रूप से नरसिह ग्राउंड से गांधी चौक रानीखेत होते हुए वापस नरसिह ग्राउंड तक रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन किया गया। जिसका फ्लैग ऑफ डॉ. विधायक प्रमोद नैनवाल व संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनन्द संयुक्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गणेश उपाध्याय, डॉ. विजयशील उपाध्याय, गजेन्द्र राव आदि रहे।

# किशोरों में नशे की प्रवृत्ति पर लगाएं रोक : भटगांई

संवाददाता, बागेश्वर

- बाल श्रमिक मिलने पर करें कानूनी कार्रवाई
- डीएम ने ली बाल हितधारकों की बैठक

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने किशोरों में नशे व वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि बाल श्रमिक मिलने व नाबालिगों को नशीला पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

जिला स्तरीय अम्ब्रेला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाल हित के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिए कि वे बच्चों के नशा करने वाले स्थान समेत खेल मैदानों के समीप नजर रखें व नशे में लिप्त लोगों पर कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने श्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि बाल श्रम को रोकने के लिए निरंतर छापामारी की जाय। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक व एआरटीओ को स्कूल वाहनों की नियमित चेकिंग करने के साथ ही किशोरों के वाहन चलाने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी हेम तिवारी, सीएमओ डॉ. आदित्य कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, एआरटीओ हरीश रावल, श्रम परिवर्तन अधिकारी आरआर सैल, संतोष जोशी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने ताड़ीखेत ब्लॉक ऑफिस का निरीक्षण किया

संवाददाता, रानीखेत

- कोऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री रानीखेत का भी लिया जायजा जानकारियां लीं

**अमृत विचार :** जनपद में पद ग्रहण करने के पश्चात पहली बार यहां पहुंचे जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने रानीखेत क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने ताड़ीखेत ब्लॉक का निरीक्षण कर पटलों की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी से मनरेगा, ग्राम्य विकास जैसे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचना ब्लॉक का महत्वपूर्ण दायित्व है, इसलिए इस कार्य को मनोभाव एवं बिना भेदभाव के किया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसे कार्यों में प्रगति लाई जाए तथा विभिन्न योजनाओं से भी लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। तत्पश्चात तहसील रानीखेत तथा कोऑपरेटिव ड्रग फैक्ट्री रानीखेत का भी निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए।

## गृहणियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में जारी सतर्कता जागरूकता अभियान में पावर स्टेशन के कार्मिकों की गृहणियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को कविता पाठ प्रतियोगिता में 9 गृहणयों ने भाग लिया। आयोजक सतर्कता विभाग के प्रमुख शिव कुमार श्रीवास्तव, संगीता व्यास, डॉ. मीना प्रसाद, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार वत्स द्वारा संचालित की गई। आनंद राज सहायक प्रबंधक ने सहयोग दिया।

# छात्र संघ चुनाव कराए सरकार: मनोज

- विधायक ने सरकार से जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग उठाई

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में मंगलवार को प्रेस वार्ता करते विधायक मनोज तिवारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि प्रदेश सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़ छात्र संघ चुनाव जल्द कराए। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए छात्रसंघ चुनाव न करवाने के फैसले की आलोचना की।

कहा कि सरकार की हठधर्मिता के चलते छात्र उग्र हो रहे है और आत्मदाह जैसे कदम उठा रहे है। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक तिवारी ने कहा कि सरकार को सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से चर्चा कर जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव करवाना चाहिए, ताकि छात्रों की मांगों को सम्मान दिया जा सके। वहीं, उन्होंने केदारनाथ उप चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा हताश-निराश नजर आ रही है। वहां की जनता कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के पक्ष मतदाता मतदान करेंगे और कांग्रेस की जीत दर्ज करेगी। यहां प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

- जनपद चम्पावत में मनाया गया राष्ट्रीय एकता व अखंडता दिवस

संवाददाता, टनकपुर



चम्पावत में राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाते एसपी अजय गणपति।

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत में राष्ट्रीय एकता व अखंडता दिवस मनाया गया। चम्पावत में रश्मि परेड का आयोजन कर लोगों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया गया। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को देशभर में पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आयोजित की जाती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनपद पुलिस द्वारा "रन फॉर यूनिटी तथा रश्मि परेड" का भी आयोजन किया जाता है। 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम जनपद चम्पावत में 31 अक्टूबर के स्थान पर मंगलवार 29 अक्टूबर को आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा पुलिस लाइन चम्पावत में पुलिस, एसएसबी, आईटीबीपी, होमगार्ड तथा पीआरडी के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाते हुए उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन में प्रकाश डालते हुए सभी को उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा खटकाना पुल चम्पावत से- मुख्य बाजार से जीआईसी तक रश्मि परेड का आयोजन कर लोगों को समाज में एकता, भाईचारे और सामंजस्य की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ साथ नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।

## उत्तर प्रदेश

## घर से सब्जी लेने गई युवती लापता

**मुरादाबादः** कटघर थाना क्षेत्र में घर से सब्जी लेने के लिए बाजार गई युवती लापता हो गई। युवती की बहन ने एक युवक पर बहलाफुसला कर अगवा करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 20 वर्षीय बहन 21 अक्टूबर की शाम लगभग 4 बजे घर से सब्जी लेने के लिए बाजार गई थी। उसके बाद से वापस घर नहीं लौटी। महिला का आरोप है कि गोविंदनगर निवासी विमल कुमार नाम का युवक उसे बहलाफुसला कर ले गया है। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

# मैजिक से भिड़ंत के बाद कैंटर पलटा, एक की मौत

संवाददाता, कुंदरकी (मुरादाबाद)

**अमृत विचारः** मंगलवार सुबह मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे स्थित कुंदरकी बाईपास पर एक मैजिक वाहन से भिड़ंत के बाद कैंटर पलट गया।

हादसे में बदायूं निवासी सहायक की मौत हो गई। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक की तहरीर पर मैजिक वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उत्तराखंड के जिला कोटद्वार में पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र के गांव मैड निवासी चालक इस्लामुद्दीन पुत्र बशीर अहमद के अनुसार, वह सोमवार को नोएडा से कैंटर में माल भरकर बदायूं आ रहा था। मंगलवार सुबह 6:30 बजे कुंदरकी क्षेत्र के गांव जैतपुर पट्टी के पास बाईपास पर पहुंचा तभी बिलारी की ओर से आ रहे मैजिक वाहन के चालक ने उसके कैंटर को टक्कर मार दी। इससे उसका कैंटर पलट गया।

हादसे में वह घायल हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद सहायक काजिम इकबाल उर्फ कल्लू (26) वर्ष पुत्र इकबाल जावेद निवासी मोहल्ला चौधरी सराय थाना व जिला बदायूं की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के मैजिक वाहन चालक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन – तुलसी 2460, राज श्री 1790, फॉर्चुन कि. 2265, रविन्द्रा 2355, फॉर्चुन ली. 2085, जय जवान 1990, सचिन 2060, सूरज 2015, अवसर 2085, राग गोल्ड 2200, गृहणी ली 2065, क्लासिक (किलो) 2190, मीर 2185, चक्र टिन 2230, ब्लू 2235, आशीर्वाद मस्टर्ड 2235, स्वास्तिक 2430 । किराना – (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 31000, लाल मिर्च 18000–21000, धनिया 8500–10000, अजवायन 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल– (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4700, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो, 5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जैनिब 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन– मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छोटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11200, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15000–15500, अरहर कोरी छोटी 15800 । चीनी – डालमिया 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070, बहेड़ी 4080 ।

## हल्द्वानी मंडी

चावल: शरबती– 5300 मसूरी– 5100 बासमती– 9200 परमल– 3800 दाल दलहन: काला चना– 8700 साबुत चना दाल– 9200 मूंग साबुत– 10600 राजमा– 11400–15200 दाल उड़द– 10400 साबुत मसूर दाल– 7200 मसूर दाल– 8500 उड़द साबुत– 11200 काबुली चना– 12500–14600 अरहर दाल– 12600–14000 लोबिया/करमानी– 8200 सोयाबीन– 5100 मूंगफली– 11500 मटर (सूखी)– 5600 मक्का– 3900

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 81350 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 80350 |
| सिल्वर (पक्की) | 988 (अनुमानित) |

# भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण विकास अवसर

### सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सप्ताह में एसईफॉरऑल की निदेशक ने कहा

सिंगापुर, एजेंसी

- चावला बोलीं- भारत में अधिक विनिर्माण से सुरक्षा में सुधार और आयात पर निर्भरता कम होगी

विएना स्थित अंतर्राष्ट्रीय सतत विकास एजेंसी के अनुसार भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण विकास अवसर हैं। सस्टेनेबल एनर्जी फॉर ऑल (एसईफॉरऑल) की निदेशक एवं चीफ ऑफ स्टाफ कनिका चावला ने कहा कि भारत सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर गहरी तथा निरंतर प्रतिबद्धता दिखाई है।


सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सप्ताह से इतर चावला ने कहा कि भारत में अधिक विनिर्माण (नवीकरणीय ऊर्जा) हो रहा है, जिससे सुरक्षा में भी सुधार होगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय



ऊर्जा सप्ताह का आयोजन 21 से 25 अक्टूबर तक किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत विनिर्माण के लिए प्रदर्शन-संबंधी प्रोत्साहन जैसी नीतियों का इस्तेमाल कर रहा है। यह बेहद प्रशंसनीय है और लोगों के लिए ऊर्जा आर्थिक समृद्धि लाता है। उन्होंने कहा कि भारत हिमाचल प्रदेश, कश्मीर और लद्दाख में भूतापीय ऊर्जा के विकल्प भी तलाश रहा है। पवन ऊर्जा के लिए अपतटीय अन्वेषण कार्य जारी है और गुजरात तथा तमिलनाडु में व्यापक विकल्प मौजूद हैं। चावला ने कहा कि भारत अब भी मूल्य के प्रति बहुत संवेदनशील बाजार है, इसलिए नवीकरणीय ऊर्जा इकाइयों की लागत कम करने की आवश्यकता है। उन्होंने हरित हाइड्रोजन मिशन द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं और जारी प्रयासों, जैसे कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व्यवस्था का उल्लेख भी किया। भारत ने सीओपी-26 ग्लासगो में 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से करीब 50 प्रतिशत संचयी विद्युत स्थापित क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया है।

# हाइब्रिड : निवेश के लिए आधुनिक और संतुलित साधन

हाइब्रिड फंड्स निवेश के एक आधुनिक और संतुलित साधन के रूप में उभरे हैं, जो विभिन्न परिसंपत्तियों में निवेश का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करते हैं। इनमें इक्विटी और डेट का संयोजन होता है, जिससे निवेशकों को जोखिम और लाभ का संतुलन मिलता है। ये फंड्स बाजार की उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रहने का एक प्रभावी तरीका प्रदान करते हैं, जबकि संभावित उच्च रिटर्न की भी उम्मीद रखते हैं। चाहे आप एक अनुभवी निवेशक हों या नए, हाइब्रिड फंड्स आपको विविधता और स्थिरता के साथ दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण में मदद कर सकते हैं। इस लेख में, हम हाइब्रिड फंड्स की प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे, ताकि वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।



### हाइब्रिड के प्रकार

- **इक्विटी हाइब्रिड :** इनमें इक्विटी और डेट का मिश्रण होता है, जिसमें इक्विटी का अनुपात अधिक होता है।
- **डेब्ट हाइब्रिड :** इनमें डेट का अनुपात अधिक होता है, जिससे स्थिरता बढ़ती है।
- **बैलेन्स्ड :** इक्विटी और डेट का अनुपात समान होता है।

### निवेश से लाभ

- **विविधता :** एक ही फंड में कई परिसंपत्तियों में निवेश से जोखिम कम होता है।
- **स्थिरता :** डेट के निवेश से स्थिर रिटर्न की संभावना होती है।
- **बाजार की वृद्धि :** इक्विटी में निवेश से संभावित उच्च रिटर्न मिल सकता है।

### फंड्स के जोखिम

- बाजार : शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होने पर नुकसान हो सकता है।
- कम रिटर्न : यदि डेट की दरें कम हों, तो रिटर्न भी सीमित हो सकता है।
- प्रबंधन : फंड मैनेजर की निवेश रणनीति पर निर्भरता।

### निवेश से पहले सावधानियां

- उद्देश्य समझें : अपने निवेश के लक्ष्य और जोखिम सहिष्णुता को समझें।
- फंड की परफॉर्मेंस : फंड की पिछली परफॉर्मेंस और ट्रैक रिकॉर्ड की जांच करें।
- फंड के शुल्क : निवेश में विभिन्न शुल्क और खर्चों को ध्यान में रखें।
- लॉन्ग टर्म : हाइब्रिड में निवेश आमतौर पर दीर्घकालिक होना चाहिए।

### कैसे करें निवेश?

- **फंड का चयन :** विभिन्न ईएलएसएस फंड्स की तुलना करें और अपने निवेश लक्ष्यों के अनुसार उपयुक्त फंड का चयन करें।
- **केवाईसी प्रक्रिया :** निवेश के लिए केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें। इसमें पहचान और पते के प्रमाण की आवश्यकता होती है।
- **निवेश का तरीका :** आप एकमुश्त या सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

इन बिंदुओं के माध्यम से निवेशक हाइब्रिड फंड्स के बारे में एक व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त कर सकते हैं और अपनी वित्तीय योजनाओं को बेहतर तरीके से बना सकते हैं साथ ही एक बेहतर लाभ पा सकते हैं।

# बैंक, पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स में उछाल

मुंबई, एजेंसी

- तीस में से 16 लाभ में तो 14 कंपनियों को नुकसान, एसबीआई में 5% की हुई वृद्धि

शेयर बाजार में मंगलवार को दूसरे दिन भी तेजी रहीं और सेंसेक्स 364 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच कारोबार के अंतिम घंटे में बैंक और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

बीएसई का सेंसेक्स नुकसान में खुला और एक समय 583.69 अंक लुढ़क गया था। हालांकि, बैंक, वित्तीय तथा पेट्रोलियम शेयरों में लिवाली से तेजी आई। सेंसेक्स एक समय 80,450.48 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 16 लाभ में जबकि 14 नुकसान में रहे। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से भारतीय स्टेट बैंक 5% उछला। आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। वहीं मारुति, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों को नुकसान हुआ।

# फार्मा कंपनियों को कैंसर की तीन दवाओं के दाम घटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने दवा कंपनियों से कैंसर की तीन दवाओं की कीमतें कम करने को कहा है ताकि सीमा शुल्क छूट और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को मिल सके। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने संबंधित दवा निर्माताओं को कैंसर रोधी तीन दवाओं- ट्रैस्टुजुमैब, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम करने का निर्देश दिया है। सरकार ने यह कदम जीवनरक्षक दवाओं की किफायती कीमतों पर उपलब्धता की प्रतिबद्धता के अनुरूप उठाया है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा कि यह कदम आम बजट में हुई घोषणा का अनुपालन करता है। बजट में तीन कैंसर-रोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की गई थी। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने इस साल 23 जुलाई को तीनों दवाओं पर सीमा शुल्क को शून्य कर दिया था।

# यूरोपीय संघ-भारत के बीच एफटीए को आगे बढ़ाने का इच्छुक स्पेन : सांचेज

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने मंगलवार को कहा कि वह यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को आगे बढ़ाने के उत्सुक हैं। उन्होंने भारत और स्पेन सहित 27 देशों के ब्लॉक यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंधों को लेकर अपार क्षमता का जिक्र करते हुए यह बात कही। यूरोपीय संघ (ईयू)-भारत ने दोनों क्षेत्रों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से एफटीए का प्रस्ताव रखा है। दोनों पक्ष एफटीए, निवेश संरक्षण संधि और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) को लेकर समझौते पर बातचीत कर



सम्मेलन के दौरान स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

रहे हैं। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी का सपना 2070 तक भारत को शुद्ध रूप से कार्बन उत्सर्जन को शून्य स्तर पर लाना है हरित ऊर्जा और हरित परिवहन अब प्राथमिकताएं हैं। पवन और सौर ऊर्जा के लिए काफी संभावनाएं हैं।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ आरोपपत्र दायर

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं में धन शोधन के आरोपों पर आप विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ मंगलवार को आरोपपत्र दायर किया। पूरक आरोपपत्र 110 पन्नों का है, जिसमें मरियम सिद्दीकी का भी नाम है, जिन्हें ईडी ने मामले में आरोपी के तौर पर गिरफ्तार नहीं किया है। अदालत 4 नवंबर को इस पर विचार कर सकती है। ईडी ने खान को दो सितंबर को उनके ओखला स्थित आवास से गिरफ्तार किया था और वह इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने मंगलवार को खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई सात नवंबर तक के लिए टाल दी।

### पलामू : एके-47 के साथ तीन टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार

**डालटनगंज।** झारखंड में पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र से पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय प्रस्तुति सम्मेलन कमेटी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को बताया कि टीएसपीसी के तीन-चार सदस्य पांकी थाना क्षेत्र के कारीमाटी जंगल में हथियारों के साथ देखे गए हैं। उनकी मंशा विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने और संवेदकों से लेवी वसूलने एवं संगठन विस्तार की है। पांकी और मनातू थानों की पुलिस टीम ने कारीमाटी जंगल घेरकर सर्च अभियान चलाया। सखुआ पेड़ के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखे। पुलिस को देखकर वे भागने लगे, लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से तीनों को पकड़ लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए उग्रवादियों की पहचान श्रवण उरांव उर्फ हेमन्त उर्फ अभय कुमार, प्रेम गंझू उर्फ सागर उर्फ दशरथ गंझू और संतू कुमार उर्फ शैलेन्द्र जी के रूप में हुई है।

### एडीएम की मौत : माकपा नेता दिव्या की जमानत रद

**कन्नूर (केरल)।** केरल की अदालत ने कन्नूर के पूर्व अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) नवीन बाबू को आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता पीपी दिव्या की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। थालास्सेरी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश केटी निसार अहमद ने कन्नूर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष दिव्या की याचिका को रद करते हुए आदेश जारी किया। दिव्या 14 अक्टूबर को कथित रूप से बिना आमंत्रण के बाबू के विदाई समारोह में शामिल हुई थीं और चेंगलाई में एक पेट्रोल पंप की मंजूरी में कई महीनों की देरी करने का आरोप लगाते हुए उनकी आलोचना की थी। साथ ही दिव्या ने टिप्पणी की थी कि उन्होंने स्थानांतरण के दो दिन बाद ही इसकी मंजूरी दे दी थी। इससे यह संकेत मिलता है कि वह अचानक इस मंजूरी के पीछे के कारणों को जानती थीं।

# सरदार पटेल को भारत रत्न से रखा वंचित : शाह

### पटेल की जयंती से पहले रन फॉर यूनिटी दौड़ को गृहमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले- सरदार पटेल के प्रयासों से 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ और देश एकजुट हुआ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश के प्रति महान योगदान को मिटाने और कम करके दिखाने के प्रयास हुए तथा उन्हें लंबे समय तक भारत रत्न से वंचित रखा गया। शाह ने पटेल की जयंती से पहले रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि यह देश के प्रथम गृह मंत्री की दूरदर्शिता तथा सूझबूझ के कारण ही संभव हो सका कि 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ और देश एकजुट हुआ।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के प्रयासों से ही लक्षद्वीप, जूनागढ़, हैदराबाद और अन्य सभी रियासतों का भारत में विलय हुआ। शाह ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में उपस्थित



नई दिल्ली में रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाने का रवाना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उनके साथ एलजी वीके सक्सेना, मनसुख एल मडाविया।

लोगों से कहा कि देश के लिए सरदार पटेल के महान योगदान को मिटाने और कम करके दिखाने के प्रयास किए गए। उन्हें भारत रत्न से भी लंबे समय तक वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केवड़िया में पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की और उन्हें उचित सम्मान दिया तथा उनकी स्मृति को जीवित रखा है।

मोदी ने 2018 में गुजरात के केवड़िया में पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी- का उद्घाटन किया था। उन्होंने 2013 में उस समय इस परियोजना की आधारशिला रखी थी जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। शाह ने कहा कि सरदार पटेल के दृष्टिकोण, विचारों और हर क्षेत्र में संदेश को प्रधानमंत्री मोदी ने मूर्त रूप दिया है। सरदार पटेल को 1950 में उनके निधन के 41 वर्ष बाद 1991 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान- भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। शाह ने कहा कि देश के लोग अब एकजुट हैं और उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। गृह मंत्री ने कहा कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन आमतौर पर पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को होता है, लेकिन इस साल उस दिन दिवाली होने से इसे दो दिन पहले आयोजित किया गया। गृह मंत्री ने कहा कि आज धनतेरस है और हम इस शुभ अवसर पर दौड़ का आयोजन कर रहे हैं।

# मोदी ने वायनाड में पुनर्वास कार्यों की उपेक्षा की : प्रियंका

**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराकर पुनर्वास कार्यों की उपेक्षा कर रही है। प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव में लड़ रही हैं। उन्होंने 13 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का रुख लोगों और राष्ट्र का सम्मान नहीं करने के उनके भाव को दर्शाता है और यह बात 10 वर्ष के शासन के दौरान बनाई नीतियों से स्पष्ट है। कांग्रेस नेता ने ईंगापुझा में नुक्कड़ सभा में यह बात कही।



# हरियाणा चुनाव पर कांग्रेस के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग बोला- पार्टी नतीजों पर कर रही संदेह

निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितता से संबंधित कांग्रेस के आरोपों को मंगलवार को खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी पूरे चुनाव नतीजों की विश्वसनीयता के बारे में उसी तरह का संदेह पैदा कर रही है, जैसा उसने अतीत में किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे पत्र पर आयोग ने कहा कि किसी राष्ट्रीय राजनीतिक दल से इस तरह की उम्मीद नहीं की जाती है। आयोग देश में चुनावी लोकतंत्र को बनाए रखने और मजबूत करने में राजनीतिक दलों के सुविचारित नजरिये की गंभीरता की सराहना करता है और आश्वासन देता है कि वह समय पर शिकायत निवारण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। आयोग ने कहा कि एक बार फिर उसे उसका उल्लेख करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि किसी भी वैधानिक चुनावी कदम से समझौता किए जाने का कोई सबूत नहीं होने के बावजूद कांग्रेस चुनाव नतीजों की विश्वसनीयता के बारे में उसी तरह का संदेह पैदा कर रही है, जैसा उसने अतीत में किया था।

साथ ही, पत्र में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग कांग्रेस से आग्रह करता है कि वह अपने दृष्टिकोण में बदलाव करने के लिए पार्टी की लंबी और शानदार रुतबे के अनुरूप ठोस कदम उठाए। आयोग ने कहा कि इस तरह के तुच्छ और निराधार संदेह उस स्थिति में परेशानी पैदा करने की क्षमता रखते हैं, जब मतदान और मतगणना जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया जारी होती है।

# मंदिर में मची भगदड़, 150 से अधिक घायल

- आतिशबाजी से निकली चिंगारी से पटाखों के भंडार में लगी आग

कासरगोड (केरल), एजेंसी

केरल में नीलेश्वरम के पास मंदिर में थेय्यम प्रस्तुति के दौरान आग लगने की घटना में 150 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इनमें से 10 लोग गंभीर हैं। आग लगने का वास्तविक कारण अभी ज्ञात नहीं है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आतिशबाजी से निकली चिंगारी पटाखों के भंडार में गिरी, जिससे थेय्यम प्रस्तुति देख रहे लोगों में दहशत फैल गई। घटना केरल के उत्तरी जिले कासरगोड में नीलेश्वरम



दुर्घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

के निकट वीरारकावू मंदिर में हुई।

नीलेश्वरम पुलिस ने आतिशबाजी से दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज किया है। इस घटना के संबंध में आठ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है और ये सभी मंदिर समिति के सदस्य हैं। उन्होंने आशंका जताई कि सुरक्षा नियमों एवं दिशानिर्देशों का पालन किए बिना ही आतिशबाजी की गई थी। मंदिर में सैकड़ों लोग थे। थेय्यम केरल के मालाबार (उत्तरी केरल) क्षेत्र के मंदिरों और कावु (पवित्र उपवनों) में आयोजित किया जाने वाला सदियों पुराना अनुष्ठान है।

### जांच के लिए एसआईटी के गठन की घोषणा

कासरगोड जिला पुलिस प्रमुख डी. शिल्पा ने आग लगने की घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की घोषणा की है। जिला प्रशासन ने कहा कि अतिरिक्त संभागीय मजिस्ट्रेट को घटना की अलग से जांच करने और रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

# देश में एकाधिकार बचाओ सिंडिकेट सक्रिय: राहुल

- कांग्रेस नेता ने फिर माधवी बुच पर हितों के टकराव का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से जुड़े मामले का हवाला देते हुए मंगलवार को दावा किया कि देश में एकाधिकार बचाओ सिंडिकेट सक्रिय है, जिसके मूल में अडाणी समूह, प्रमुख नियामक संस्थाएं तथा भाजपा के बीच की खतरनाक सांठगांठ है। कांग्रेस ने एक बार फिर सेबी प्रमुख माधवी बुच पर हितों के टकराव का आरोप लगाया है। कांग्रेस का आरोप है कि बुच ने अपनी संपत्ति इंडियाबुल्स समूह से जुड़े व्यक्ति से संबंधित कंपनी को किराये पर दे दी, जबकि यह कंपनी सेबी की जांच के दायरे में थी। आरोपों पर बुच या अडाणी समूह की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# जम्मू में मुठभेड़ के दौरान दो और आतंकी ढेर

जम्मू, एजेंसी

### सेना के काफिले पर हमला

- 27 घंटे तक चली मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों की संख्या हुई तीन

जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर के गांव के पास वन क्षेत्र में छिपे दो आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मंगलवार सुबह मार गिराया, जिससे नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 27 घंटे तक चली मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों की संख्या तीन हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सोमवार सुबह सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल एंबुलेन्स पर गोलीबारी करने वाले तीन आतंकियों में से एक को विशेष बलों और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) कमांडो द्वारा शुरू किए अभियान में शाम तक मार गिराया गया। अभियान के दौरान बीएमपी-द्वितीय पैदल सेना लड़ाकू वाहनों का इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अन्य दो आतंकवादियों को मंगलवार को सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने बट्टल-खौर क्षेत्र के जोगवान गांव में अस्सन मंदिर के पास हमले के दो घंटे के बाद मार गिराया था। रात भर की निगरानी के बाद आज सुबह भीषण गोलीबारी हुई। अभियान और सामरिक उत्कृष्टता के कारण तीन आतंकियों को मार गिराया गया। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा कि इस अभियान में युद्ध जैसे सामान की बरामदगी भी हुई, जो क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये आतंकी रविवार रात सीमा पार से घुसपैठ कर काफिले को निशाना बनाया था।

# विस में कैग रिपोर्ट पेश करने संबंधी याचिका पर आप से जवाब तलब

- कोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य संबंधित लोगों को नोटिस किया जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आप सरकार से भाजपा विधायकों की उस याचिका पर मंगलवार को जवाब मांगा, जिसमें शराब शुल्क, प्रदूषण और वित्त से संबंधित कैग की 12 रिपोर्ट विधानसभा के समक्ष पेश करने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने इसके बाद दिल्ली सरकार, विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय, उपराज्यपाल, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और दिल्ली के महालेखाकार (लेखा परीक्षा) को नोटिस जारी किया। मामले में आगे की सुनवाई नौ दिसंबर को होगी।

# आईएएस समेत अन्य के ठिकानों पर छापा

**रांची।** ईडी ने कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन में मंगलवार को आईएएस विनय चौबे, कुछ अन्य सरकारी अधिकारियों और झारखंड एवं छत्तीसगढ़ में कई कारोबारियों से संबद्ध परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी पर संज्ञान लेते हुए संघीय एजेंसी के झारखंड कार्यालय द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद रांची और रायपुर में 15 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं।

# डिजिटल अरेस्ट कर 70 वर्षीय व्यक्ति से 40 लाख की ठगी

**इंदौर।** इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के ताजा मामले में ठगों ने निजी कंपनी में काम करने वाले 70 वर्षीय व्यक्ति को जाल में फंसाया और उसे 40.70 लाख का चूना लगा दिया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग गिरोह के दो सदस्यों ने खुद को मुंबई पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर 70 वर्षीय व्यक्ति को फोन किया। ठगों ने इस व्यक्ति को झांसा दिया कि उसके नाम पर मुंबई में केनरा बैंक के एक खाते के जरिये 2.60 करोड़ की धोखाधड़ी वाला लेन-देन किया गया है। ठगों ने वीडियो कॉल कर बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट किया और उसे अलग-अलग निर्देश देते रहे। ठगों की धमकियों से घबराए बुजुर्ग ने अपनी जमा-पूंजी के 40.70 लाख उनके बताए अलग-अलग बैंक खातों में भेज दिए।

# राकांपा (एसपी) ने पांच और नाम किए घोषित

**मुंबई।** शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (एसपी) ने मंगलवार को महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए अपने पांच और नामों को घोषित कर दिया। इस तरह राकांपा (एसपी) अब तक 87 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। पार्टी ने सोमवार को 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की थी। इसमें नागपुर जिले के कटोल विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक अनिल देशमुख की जगह उनके बेटे सलिल को टिकट दिया गया है।

# अदालत ने कहा- पीएमएलए कैदी बनाने का औजार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- धन शोधन मामले में सत्येंद्र जैन के दो सहयोगियों को मिली जमानत

दिल्ली हाईकोर्ट ने आप नेता सत्येंद्र जैन की संलिप्तता वाले कथित धन शोधन मामले में दो आरोपियों वैभव और अंकुश जैन को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति मनोज ओहरी ने दोनों को यह कहते हुए राहत दी कि धन शोधन मामले में एक आरोपी की तुलना हत्या, दुष्कर्म या डकैती जैसे अपराधों में शामिल लोगों से नहीं की जा सकती। कोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 पर कहा कि इसका उपयोग कैद के लिए एक औजार के रूप में नहीं किया जा सकता है। निर्देश दिया कि दोनों आवेदकों को संबंधित जेल अधीक्षक/अदालत की संतुष्टि के लिए एक लाख के संबंधित निजी बांड और इतनी राशि की जमानत के साथ रिहा किया जाना चाहिए।

# स्पेन के रोड्री और बोनमाती ने जीता बैलोन डी'ओर पुरस्कार

पेरिस, एजेंसी

स्पेन के मिडफील्डर रोड्री और एताना बोनमाती ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी का पुरुष और महिला बैलोन डी'ओर पुरस्कार जीता। रोड्री ने सोमवार को पहली बार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को अपने नाम किया। इस 28 साल के खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी को प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने के साथ स्पेन की यूरोपीय चैंपियनशिप जीत में मुख्य भूमिका निभाई थी। रोड्री ने आठ बार के विजेता अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी का स्थान लिया।

इस पुरस्कार के पूर्व विजेता जॉर्ज वीह ने जब रोड्री के नाम की घोषणा की तब इस खिलाड़ी ने अपने चेहरे पर हाथ रख लिया। चोट के कारण बैसाखी के सहारे इस कार्यक्रम में पहुंचे रोड्री ने कहा मेरे लिए यह अविश्वसनीय रात है। मैं हमेशा खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करता हूं। बोनमाती को बार्सीलोना को स्पेनिश लीग, स्पेनिश कप और चैंपियंस लीग जीतने में मदद करने के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया। इस 26 साल की खिलाड़ी लगातार दूसरी बार इस खिताब को जीता। उन्होंने अपनी टीम के साथी नॉर्वे की कैरोलिन ग्राहम हैनसेन और स्पेन की सलमा पारलुएलो को पछाडा। बार्सिलोना के तीनों खिलाड़ी शीर्ष तीन स्थान पर रहे।

ऑस्कर विजेता नताली पोर्टमैन से पुरस्कार प्राप्त करने वाले बोनमाती ने कहा यहां दोबारा आना खुशी की बात है। मेरे साथियों और क्लबों को धन्यवाद जो मुझे हर साल एक बेहतर फुटबॉल खिलाड़ी बनाते हैं।

रोड्री ने इस पुरस्कार के लिए विनिसियस जूनियर, जूड बेलिंगहैम और दानी कार्वाजल को पीछे छोड़ा। पिछले 16 साल में यह पहला मौका था जब इस खिताब के लिए अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेस्सी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो इसके दावेदारों की सूची में नहीं थे। इस दोनों ने इस दौरान 13 बार इस खिताब को साझा किया जिससें मेस्सी ने आठ और रोनाल्डो के नाम पांच खिताब रहे हैं।



<< 68वें बैलोन डी'ओर पुरस्कार समारोह के दौरान ट्रॉफी के साथ एताना बोनमती (बाएं) और रोड्री।

- **16 साल में पहली बार मेस्सी और रोनाल्डो सूची में नहीं थे शामिल, रोड्री ने लिया मेस्सी का स्थान**
- **यूरोपीय चैंपियनशिप जीत में स्पेन के मिडफील्डर रोड्री ने निभाई थी मुख्य भूमिका**

### यमल को कोपा ट्रॉफी

लैमिन यमल 18 साल से कम उम्र के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने अंडर-21 खिलाड़ियों की कोपा ट्रॉफी जीती है वह केवल 17 साल के हैं। यह कोई बड़ा आश्चर्य नहीं है क्योंकि लेमिन यमल ने स्पेन की यूरो 2024 जीत में बहुत महत्वपूर्ण था, जिसमें सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ एक आश्चर्यजनक गोल भी शामिल था। वह अब तक के सबसे कम उम्र के ला लीगा स्कोरर हैं।

### केन और एम्बाप्पे को गर्ड मुलर ट्रॉफी

कार्यक्रम में कार्ल-हेंज रममेनिग ने घोषणा की कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर पुरस्कार के दो विजेता हैं - हैरी केन, और किलियन एमबीप्पे। पुरस्कार स्वीकार करने के लिए केवल केन पेरिस में हैं। दोनों ने पिछले सीजन में सभी प्रतियोगिताओं में 52 गोल किए। दोनों के लिए यह पहली बार है जब उन्होंने गर्ड मुलर ट्रॉफी जीती है, जिसे 2021 में पेश किया गया था। इसके बाद समारोह में यशिन ट्रॉफी का खिताब एमिलियानो मार्टिनेज को दिया गया। लगातार दूसरे वर्ष, एस्टन विला और अर्जेंटीना के एमी मार्टिनेज ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता। पुरस्कार लेते समय मार्टिनेज को अंतरराष्ट्रीय टीम के साथी लुटारो मार्टिनेज ने गले लगाया।

# बोपन्ना-एब्डेन ने एटीपी फाइनल्स में बनाई जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

- **इनाल्पी एरेना में 10 से 17 तक आयोजित होगा एटीपी फाइनल्स आठ जोड़ियां हिस्सा लेंगी**

भारत के स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सत्रांत होने वाले प्रतिष्ठित एटीपी टेनिस फाइनल्स में जगह बना ली है। नथानील लेमोन्स और जैकसन विथ्रो की जोड़ी के रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से बाहर होने के साथ बोपन्ना और एब्डेन ने टूर्नामेंट में जगह बना ली।

तूरीन में होने टूर्नामेंट में बोपन्ना और एब्डेन के अलावा वेस्ली कूलहोफ और निकोला निकोला मैकटिक, केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पेटेन, मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच, मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस, साइमन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी और मैक्स पुर्सेल और जोर्डन थॉम्पसन की पुरुष युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। एटीपी फाइनल्स का आयोजन इनाल्पी एरेना में 10 से 17 नवंबर तक होगा जिसमें दुनिया की सिर्फ शीर्ष आठ जोड़ियां हिस्सा लेंगी। बोपन्ना और एब्डेन ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी इस दौरान 43 साल 331 दिन की उम्र में दुनिया का नंबर एक बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना। बोपन्ना और एब्डेन ने मियामी ओपन का भी खिताब जीता।

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेड ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न।** टी-20 विश्व कप 2021 विजेता मैथ्यू वेड ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया और अब वह ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के ढांचे में कोचिंग की भूमिका निभाएंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज वेड पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला में आंद्रे बोरोवेच के कोचिंग स्टाफ में होंगे। वेड ने अपने 13 वर्ष के करियर में 36 टेस्ट, 97 वनडे और 92 टी-20 मैच खेले हैं। वह आखिरी बार इस साल टी-20 विश्व कप खेले थे। वह तस्मानिया के लिए घरेलू क्रिकेट और होबर्ट हरिकेंस के लिए बिग बैश लीग में खेलते रहेंगे। वेड ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी बयान में कहा पिछले टी-20 विश्व कप में ही मुझे पता था कि मेरा अंतर्राष्ट्रीय करियर अब खत्म हो रहा है। मैं पिछले छह महीने से जॉर्ज बेली और एंड्रयू मैकडोनाल्ड के संपर्क में हूं। पिछले कुछ साल से मैं कोचिंग के बारे में सोच रहा था। इस मौके के लिए मैं शुक्रगुजार हूं। अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेते समय मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम में अपने साथियों, स्टाफ और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैने इस सफर का पूरा मजा लिया है। अपने आसपास इतने अच्छे लोगों के बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाता।

### पेरिस मास्टर्स के पहले दौर में जीते सिटसिपास

**पेरिस।** स्टेफानोस सिटसिपास ने रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस के पहले दौर में जीत दर्ज की और सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स में प्रवेश की दौड़ में बने हुए हैं। अमेरिका के टॉमी पॉल को फ्रांस के एड्रियन मानारिनो ने 3-6, 5-7 से मात दी। वहीं स्थानीय सितारे हुगो हुम्बर्ट ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। नीदरलैंड के टालों ग्रीकस्पूर ने लूसियानो डारडेरी को 6-3, 6-4 से हराया और अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंटर ज्वेरेव से होगा।



### पीसीबी ने मसरूर को बनाया फील्डिंग कोच

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने स्थानीय प्रथम श्रेणी खिलाड़ी मोहम्मद मसरूर को ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच बनाया है। अपने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के लिए मशहूर रहे मसरूर को तीन दौरों का अनुबंध दिया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट में टीम के साथ रहे थे। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच जैसन गिलेस्पी ने ही उनके नाम की सिफारिश की क्योंकि वह मसरूर के काम से बहुत खुश थे। मसरूर पाकिस्तान शाहीन और अंडर 19 टीमों के मुख्य कोच रह चुके हैं।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड के टीम प्रबंधक हैग को हटाया

**लंदन।** प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सीजन की निराशाजनक शुरुआत के बाद टीम प्रबंधक एरिक टेन हैग को पद से हटा दिया है। मई 2022 में क्लब में शामिल हुए टेन हैग रविवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड से 2-1 से हारने के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब छोड़ रहे हैं। यूनाइटेड लीग तालिका में 14वें स्थान पर हैं। यह 35 वर्षों में मैनचेस्टर यूनाइटेड का सबसे खराब प्रदर्शन है। उसने पहले नौ मैचों में से केवल तीन में जीते हैं। टेन हैग को हटाने के कार्यकाल के दौरान 2022-23 में ईएफएल कप जीता और 2023-24 सीज़न में एफए कप खिताब अपने नाम किया। हालांकि, प्रीमियर लीग और यूरोपीय प्रतियोगिताओं में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण डचमैन को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, खास तौर पर उन हाई-प्रोफाइल साइनिंग के कारण जिसमें वह अपना असर छोड़ने में विफल रहे।

# मैच के साथ भारत ने जीती श्रृंखला

## स्मृति ने जड़ा शतक, कौर का अर्धशतक, भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया




अहमदाबाद, एजेंसी

दीप्ती शर्मा (तीन विकेट) और प्रिया मिश्रा (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के बाद स्मृति मंधाना (100) की शतकीय तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 59) रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड छह विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है।

न्यूजीलैंड के 232 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और चौथे ही ओवर में हैन्ना रो ने शेफाली वर्मा (12) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफी डिवाइन ने यास्तिका (35) को आउट कर दूसरी सफलता दिलाई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को उसके समय एक और झटका लगा जब 41वें ओवर में हैन्ना रो ने स्मृति मंधाना (100) को बोल्ड आउट कर दिया। हरमनप्रीत कौर ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 44.2 ओवर में चार विकेट पर 236 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की पारी को 232 के स्कोर पर रोक दिया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने 88 रनों पर पांच विकेट गवां दिये थे। पांचवें नंबर पर आयी ब्रूक हैलिडे ने इसाबेला गेज के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी हुई।



तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड की कप्तान का विकेट लेने के बाद जश्न मनातीं भारतीय महिला खिलाड़ी। ● एजेंसी

### आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग : दीप्ति शर्मा करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर

**दुबई।** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति को हाल ही में अपने शानदार फॉर्म का फल मिला जब आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में वह करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर पहुंच गई। यूएई में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में दीप्ति ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3.42 की इकॉनामी रेट से दो मैचों में तीन विकेट लिए। इंग्लैंड की सोफी एक्सेलेटन वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड की ली ताहुहू (तीन पायदान चढकर 12वें स्थान पर), एमेलिया केर (एक पायदान चढकर 13वें) और सोफी डिवाइन (नौ पायदान चढकर 30वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में डिवाइन (तीन पायदान चढकर आठवें) और केर (एक पायदान चढकर 11वें) को भी फायदा हुआ है। भारत की जेमिमा रौड्रिग्स तीन पायदान चढकर 30वें स्थान पर पहुंच गई।

**2-1** से भारतीय महिला टीम ने जीती तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला

**59** रनों की नाबाद पारी खेलते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिताया आखिरी मैच

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड (महिला) 232/10 (49.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| बेट्स रन आउट (जेमिमा/ यास्तिका) | 4 | 14 | 0/0 |
| जॉर्जिया प्लिमर का दीप्ति बो प्रिया | 39 | 67 | 6/0 |
| लौरेन डाउन का यास्तिका बो साइमा | 1 | 5 | 0/0 |
| सोफी डिवाइन बो प्रिया | 9 | 11 | 2/0 |
| ब्रूक हैलिडे का राधा बो दीप्ति | 86 | 96 | 9/3 |
| मैडी रन आउट (जेमिमा/ यास्तिका) | 15 | 19 | 2/0 |
| इसाबेल गेज का एवं बो दीप्ति | 25 | 49 | 1/0 |
| हान्ना रो पगबाधा दीप्ति | 11 | 18 | 0/0 |
| लिया तहुहू नाबाद | 24 | 14 | 2/1 |
| ईडन कार्सन का राधा बो रेणुका | 2 | 3 | 0/0 |
| फ्रेना जोन्स रन आउट साइमा | 2 | 4 | 0/0 |

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : रेणुका सिंह 10-1-49-1, साइमा ठाकोर 9.5-1-44-1, प्रिया मिश्रा 10-1-41-2, दीप्ति शर्मा 10-2-39-3 राधा यादव 4-0-21-0, हरमनप्रीत 6-0-34-0

**भारत (महिला) 236/4 (44.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मृति मांधना बो हान्ना | 100 | 122 | 10/0 |
| शेफाली वर्मा का गेज बो हान्ना | 12 | 11 | 2/0 |
| यास्तिका भाटिया का/बो डिवाइन | 35 | 49 | 4/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 59 | 63 | 6/0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स पगबाधा जोनास | 22 | 18 | 4/0 |
| तेजल हसबनिस नाबाद | 0 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : लिया तहुहू 6-0-30-0, हान्ना रो 8-0-47-2, ईडन कार्सन 10-0-45-0, सोफी डिवाइन 7.2-0-44-1, सूजी बेट्स 4-0-18-0, फ्रान जोनास 9-1-50-1

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता दौड़ आरंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश के पहले गृहमंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर एकता दौड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकता दौड़ का आयोजन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में किया।

सरदार पटेल की जयंती को हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज यहां इस अवसर पर शाह ने कहा इस बार 31 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार है। इसलिए एकता दौड़ का आज 29 अक्टूबर धनतेरस के शुभ अवसर पर आयोजित करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2014 को देश की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल की याद में हर वर्ष एकता दौड़ का आयोजन करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि यह दौड़ सिर्फ भारत की एकता का संकल्प नहीं है, अब विकसित भारत का संकल्प भी बन गया है।

# हर्षित राणा आखिरी टेस्ट में टीम से जुड़ेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- **युवा तेज गेंदबाज को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम में मिली जगह**

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में दिल्ली की पहली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम में शामिल होंगे।

राणा को पुणे में खेले गये दूसरे टेस्ट से पहले असम के खिलाफ दिल्ली के मैच के लिए रिलीज कर दिया गया था। भारतीय टीम को इस मैच में 113 रन की शिकस्त मिली थी। टीम इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड से 0-2 से पिछड़ गयी। यह 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर टीम की टेस्ट श्रृंखला में पहली हार है। राणा वानखेड़े स्टेडियम में मैच शुरू होने से दो दिन पहले बुधवार को मुंबई में भारतीय टीम में शामिल होंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी रिजर्व के तौर पर होगी या टीम के सदस्य के तौर पर। इस 22 साल के गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पांच टेस्ट मैचों के लिए मुख्य टीम में चुना है।

### तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे केन विलियमसन

**मुंबई।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे केन विलियमसन भारत के खिलाफ एक नवंबर से मुंबई में शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में विलियमसन की फिटनेस सुनिश्चित करने के मद्देनजर वह तीसरे टेस्ट के लिए भारत नहीं जाएंगे। न्यूजीलैंड टीम के कोच गैरी स्टीड के हवाले से एनजेडसी ने कहा केन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसलिए हमारे विचार में उन्हें अभी न्यूजीलैंड में रिहैब करना चाहिए ताकि वह इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए तैयार हो सकें।

# मजाक उड़ाने के लिए कोहली ने किया था ब्लॉक : मैक्सवेल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया है कि विराट कोहली ने उन्हें इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया था क्योंकि 2017 बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कंधे की चोट के बाद उन्होंने भारत के दिग्गज बल्लेबाज का मजाक उड़ाया था।

कोहली और मैक्सवेल तब तक अच्छे दोस्त नहीं थे जब तक कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 2021 में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से नहीं जुड़ गया। बेंगलुरू की टीम ने उन्हें 14.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। मैक्सवेल ने कहा कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर कोहली को फॉलो करने की कोशिश की लेकिन उन्हें पता चला कि उन्हें पूर्व भारतीय कप्तान ने ब्लॉक कर दिया है। मैक्सवेल ने लिस्टएनआर स्पोर्ट पर विलो टॉक पॉडकास्ट के दौरान कहा जब मुझे पता चला कि मैं आरसीबी में जा रहा हूं तो विराट मुझे मैसेज करने वाले और टीम में मेरा स्वागत करने वाले पहले व्यक्ति थे।

## बॉलीवुड हलचल



# सोने के गहनों में परंपरा की खूबसूरती : रश्मिका

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की स्टार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का कहना है कि सोने की खूबसूरती और उसका महत्व हमेशा बना रहता है और सोने के गहनों में परंपरा की खूबसूरती बसती है। रश्मिका मंदाना ने कहा अपने बिजी शेड्यूल के साथ, मैं खास मौकों के दौरान अपने परिवार के साथ बिताए समय को सच में वैल्यू करती हूं। धनतेरस एक खूबसूरत त्योहार है जो सभी के लिए खुशी और सकारात्मक ऊर्जा लाता है। धनतेरस नई शुरुआत का दिन है और मुझे सकारात्मक बदलावों और नई शुरुआत का स्वागत करने का विचार पसंद है। इस साल मैंने कुछ खास नहीं खरीदा है, लेकिन मैं अपने रास्ते में आने वाले नए अनुभवों और अवसरों को लेकर उत्साहित हूं। रश्मिका ने बताया कि वह हमेशा अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए सोने के गहनों के लिए अपनी मां की ओर रुख करती हैं। सोने की खूबसूरती और महत्व हमेशा बना रहता है। मेरी मां के पास सोने के खूबसूरत गहने हैं और मुझे खास मौकों पर उन्हें उनसे लेना अच्छा लगता है। इससे परंपरा का एक प्यारा सा स्पर्श जुड़ जाता है।

# चिरंजीवी को मिला एएनआर राष्ट्रीय पुरस्कार

हैदराबाद, एजेंसी

बॉलीवुड के महान अभिनेता अमिताभ बच्चन ने तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार चिरंजीवी को अक्किनेनी नागेश्वर राव (एएनआर) राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार अक्किनेनी इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक समारोह में सोमवार को दिया गया। यह पुरस्कार चिरंजीवी के सिनेमा में आजीवन योगदान के लिए दिया गया है। यह उनकी उपलब्धियों का सम्मान है। चिरंजीवी ने बीग बी का सम्मान करते हुए उनके पैर छुए और आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अमिताभ बच्चन ने कहा कि वह तेलुगु फिल्म उद्योग का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने अपने तेलुगु डेब्यू की भी चर्चा की, जो इस साल प्रभास स्टारर फिल्म कल्कि 2898 एडी में हुई थी। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2005 में हुई थी और इसका उद्देश्य सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए कलाकारों को सम्मानित करना है। इससे पहले यह पुरस्कार देव आनंद, लता मंगेशकर, शबाना आजमी, हेमा मालिनी, रेखा, एसएस राजामौली और श्रीदेवी जैसी महान हस्तियों को दिया जा चुका है। इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चिरंजीवी 13वीं हस्ती हैं।



पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिष्ठित एएनआर की 100वीं जयंती मनाई गई।इस अवसर पर चिरंजीवी की मां अंजना देवी, पुत्र राम चरण और कई लोकप्रिय टॉलीवुड हस्तियां मौजूद थीं। अभिनेता चिरंजीवी ने एक्स पर लिखा अक्किनेनी नागेश्वर राव गारू के शताब्दी वर्ष में उनके नाम पर प्रतिष्ठित एएनआर नेशनल अवार्ड प्राप्त करके अपने को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान मुझे मेरे सदैव गुरु अमित जी के हाथों मिला है। मैं अपनी सिनेमाई यात्रा और अपनी हर उपलब्धि में योगदान देने वाले हर किसी का शुक्रिया अदा करता हूं। चिरंजीवी की अगली फिल्म विश्वंभरा 10 जनवरी को रिलीज होने वाली है, जो एक फैंटेसी फिल्म है जिसका निर्देशन मल्लिदी वासिस्ठा ने किया है। इस फिल्म में चिरंजीवी के साथ तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में हैं।

# आंखों की गुस्ताखियां में नजर आएंगे विक्रांत मैसी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में काम करते नजर आएंगे। फिल्म 12वीं फेल की सफलता के बाद से विक्रांत मैसी सुर्खियों में बने हुए हैं। विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती एक्सप्रेस जल्द हीं रिलीज होने जा रही है। विक्रांत मैसी ने एक और नई फिल्म साइन कर ली है, जिसका नाम आंखों की गुस्ताखियां है। इस फिल्म की कहानी एक लव स्टोरी पर आधारित होगी जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है।इस फिल्म के जरिए शनाया कपूर पहली बार बड़े पर्दे पर आएंगी। फिल्म आंखों की गुस्ताखियां का निर्माण मानसी और वरुण बागला अपने बैनर मिनी फिल्म्स के तहत कर रहे हैं। संतोषी सिंह इसके निर्देशक हैं। विक्रांत मैसी ने कहा, एक लवर ब्वॉय की भूमिका निभाना एक रोमांचक चुनौती है। आंखों की गुस्ताखियां का स्टेल बहुत ही ग्रैंड है। एक रोमांटिक लीड के रूप में मानसी का मुझ पर विश्वास लगातार बना हुआ है और हम साथ मिलकर कुछ खास बना रहे हैं। इस अविश्वसनीय अवसर के लिए मैं मानसी और वरुण बागला को धन्यवाद देता हूं और संतोष सिंह के साथ फिर से काम करना बहुत ही क्रिएटिव होने वाला है। इस फिल्म में लोगों का दिल जीतने के सभी तत्व हैं और मैं शनाया की पहली फिल्म में उनके साथ काम करने के लिए वास्तव में उत्साहित और उत्सुक हूं। फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को निरंजन अयंगर और मानसी बागला ने लिखा है। यह फिल्म रस्किन बॉन्ड की एक शॉर्ट स्टोरी पर आधारित है। यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### उत्तर कोरिया ने अपने विदेश मंत्री को रूस भेजा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उसके शीर्ष राजनयिक रूस की यात्रा कर रहे हैं। यह रूस के साथ उसके गहराते रिश्ते का एक और संकेत है। वहीं, प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया और पश्चिमी देशों ने आरोप लगाया है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में रूस के युद्ध में मदद के लिए अपने हजारों सैनिकों को भेजा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि विदेश मंत्री चोई सोन हुई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रूस के लिए रवाना हुआ।

### नौका पलट जाने से मिस्र के 12 प्रवासियों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के 13 प्रवासियों को यूरोप ले जा रही एक नौका के लीबिया के तट के पास पलट जाने से 12 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों और एक लीबियाई समूह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लीबिया में प्रवासियों को मानवीय सहायता प्रदान करने वाले समूह अल-अबरीन ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर बताया कि नौका सोमवार शाम तोब्रुक शहर से 60 किलोमीटर पलट गई। समूह के अनुसार, एक प्रवासी की जान बच गई, जबकि मारे गए 12 प्रवासियों के शव बरामद कर लिये गये हैं।

### जापान के कृषि मंत्री ने की इस्तीफे की घोषणा

**टोक्यो।** जापान के कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन मंत्री यासुहिरो ओज़ातो ने रविवार को निचले सदन के चुनावों में अपनी हार के बाद इस्तीफा देने की घोषणा की है। ओज़ातो एकल-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र में विपक्षी प्रत्याशी से हार गए और पार्टी सूचियों के माध्यम से पुनः चुनाव जीतने में भी विफल रहे। जापानी समाचार एजेंसी क्योदो ने ओज़ातो का हवाला देते हुए कहा, सांसदी जाने के बाद, मैं अपने मंत्री पद के कर्तव्यों का पालन नहीं कर पाऊंगा। उन्होंने अपने इस्तीफे की तिथि नहीं बतायी है।

### बीजिंग में चाकू से हमले में पांच लोग घायल

**बीजिंग।** चीन की राजधानी में सोमवार को एक स्कूल के पास चाकू से किए गए हमले में तीन बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह हमला बीजिंग के उत्तर-पश्चिमी हैडियन जिले में दोपहर के समय हुआ और इसमें किसी को भी जानलेवा चोट नहीं आई। बयान में कहा गया कि संदिग्ध व्यक्ति तांग (50) को घटनास्थल से हिरासत में ले लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है।

### ऑस्ट्रेलिया ने इजरायली प्रतिबंधों का विरोध किया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम कर रही संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के काम को प्रतिबंधित करने के इजरायल के कदम की निंदा की है। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया इज़रायल की संसद नेसेट की ओर से पारित कानूनों का विरोध करता है, जिसमें यूएनआरडब्ल्यूए को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया है और 90 दिनों के अंदर प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# यूक्रेन के दो बड़े शहरों पर हवाई हमले, चार की मौत

• मिसाइल, ड्रोन और बम से हमले में 15 लोग घायल भी हुए

**कीव, एजेंसी**

रूस की ओर से रात को यूक्रेन के दो बड़े शहर कीव और खारकीव पर मिसाइल, ड्रोन और बम से हमले किए गए, जिसमें चार लोगों की जान चली गई और 15 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि यूक्रेन के उत्तर पूर्व में खारकीव में एक घर को निशाना बनाते हुए रूस की ओर से तड़के करीब तीन बजे किए गए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हमले में आसपास के लगभग 20 घरों को भी नुकसान हुआ है। मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया कि इससे कुछ घंटों पहले रूस ने खारकीव शहर के केंद्र में ऐतिहासिक डेरजप्रोम इमारत पर बम गिराया था, जिसमें सात लोग घायल हो गए। पैलेस ऑफ इंडस्ट्री कहलाने वाली डेरजप्रोम इमारत यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में आधुनिक वास्तुकला के उदाहरण के तौर पर दर्ज है। कीव में अधिकारियों ने बताया कि रूस की ओर से किए गए ड्रोन हमले को उन्होंने नाकाम कर दिया लेकिन उनका मलबा गिरने से छह लोग घायल हो गए।

## शेनझोउ-19 चालक दल का चीन ने किया खुलासा

**जिउक्वान।** चीनी अंतरिक्ष यात्री काई शुज़े, सोंग लिंगडोंग और वांग हाओज़े शेनझोउ-19 चालक दल वाले अंतरिक्ष उड़ान मिशन में शामिल होंगे और काई शुज़े इस टीम के कमांडर होंगे। चीन की चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। एजेंसी के प्रवक्ता लिन शिकियांग ने बताया कि शेनझोउ-19 चालक दल वाले इस अंतरिक्ष यान का बुधवार तड़के चार बजकर 27 मिनट (बीजिंग समयानुसार) पर उत्तर पश्चिमी चीन के जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपण किया जाएगा। शुज़े ने 2022 में शेनझोउ-14 अंतरिक्ष मिशन पूरा किया था।

# उल्लास और खुशी के प्रतीक पटाखे



दीपावली, जिसे दीपों का त्योहार भी कहा जाता है, भारतीय संस्कृति में एक विशेष महत्व रखता है। पटाखे दीपावली के उल्लास और खुशी का प्रतीक हैं। दीपावली का त्योहार अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का संकेत है। आइए पटाखों से संबंधित जानकारी और सावधानियों पर एक नजर डालते हैं।

### पटाखों के प्रमुख उत्पादक राज्य

भारत में पटाखों का उत्पादन मुख्य रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में होता है। तमिलनाडु के मदुरई और शिवकाशी जैसे क्षेत्रों में पटाखों का बड़े पैमाने पर निर्माण होता है। उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर पटाखे बनते हैं, जैसे कि आगरा और लुधियाना। इन क्षेत्रों में पटाखे बनाने की एक लंबी परंपरा है, और यहां कई छोटे और बड़े कारखाने संचालित होते हैं।

### सावधानियां

पटाखे हमेशा खुली और हवादार जगह पर जलाएं। जब पटाखे जलाए जा रहे हों, तो सभी लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखें। सुरक्षा चश्मा और हाथ में दस्ताने पहनें, खासकर जब बड़े पटाखे या फव्वारे जलाए जा रहे हों। हमेशा पास में पानी, बाल्टी या अग्निशामक यंत्र रखें ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत उपयोग किया जा सके।

### बचाव

अगर कोई जल गया है, तो तुरंत ठंडे पानी से जले हुए स्थान को धोएं और आवश्यकतानुसार चिकित्सा सहायता लें। यदि आग लग जाए, तो तुरंत अग्निशामक यंत्र का उपयोग करें। आग नियंत्रण में नहीं आती है, तो फायर ब्रिगेड को बुलाएं। अगर धुआं बहुत ज्यादा है, तो जमीन पर झुककर भागें।

### प्रयुक्त रसायन और पदार्थ

**नाइट्रेट्स :** पोटेशियम नाइट्रेट, जो ऑक्सीकरण का कार्य करता है।

**सोडियम बाइकार्बोनेट :** इससे गैस उत्पादन होता है, जो विस्फोट के समय धुआं पैदा करता है।

**गंधक :** यह जलने पर तेज ध्वनि और रंग का उत्पादन करता है।

**अल्यूमिनियम या मैग्नीशियम :** ये धातुएं पटाखों में चमक और रंग जोड़ने के लिए उपयोग की जाती हैं।

**फास्फोरस :** यह भी रंग और विस्फोट के प्रभाव को बढ़ाता है।

**दानेदार सामग्री :** जैसे कि लकड़ी का चारकोल, जो जलने में मदद करता है।

# ब्राजील का बीआरआई में शामिल होने से इंकार


## समर्थन न करने वाला ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश

• ब्राजील के राष्ट्रपति के विशेष सलाहकार एमोरिम ने कहा- चीनी निवेशकों के साथ साझेदारी के वैकल्पिक तरीके खोजेंगे

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन की बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) योजना को झटका देते हुए ब्राजील ने बीजिंग की अरबों डॉलर की इस पहल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। इस प्रकार वह ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश बन गया है, जिसने इस विशाल परियोजना का समर्थन नहीं किया है।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने सोमवार को कहा कि ब्राजील बीआरआई में शामिल नहीं होगा, बल्कि चीनी निवेशकों के साथ साझेदारी के वैकल्पिक तरीके खोजेगा। उन्होंने ब्राजील के अखबार ओ ग्लोबो से कहा कि ब्राज़ील चीन के साथ संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाना चाहता है, बिना किसी परिग्रहण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एमोरिम ने कहा, हम कोई संधि नहीं कर रहे हैं। हांगकांग से संचालित अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार ब्राजील का यह फैसला चीन की इस योजना के विरोधाभासी है



कि 20 नवंबर को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ब्रासीलिया की राजकीय यात्रा के दौरान इसे मुख्य रूप से अंजाम दिया जाए। अखबार के अनुसार ब्राजील के अर्थव्यवस्था और विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों ने हाल में इस विचार का विरोध किया था। ब्राजील से पहले फिलीपींस और इटली ने भी बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। अब अफ्रीका के छोटे-छोटे देश ही चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा रह गए हैं।

### क्या है बीआरआई

बीआरआई (बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव) चीन द्वारा शुरू की गई एक वैश्विक विकास रणनीति है, जिसका उद्देश्य एशिया, यूरोप और अफ्रीका के देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस योजना की शुरुआत 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा की गई थी। यह योजना सिल्क रोड आर्थिक बेल्ट और 21वीं सदी के समुद्री सिल्क रोड में विभाजित है। इसके तहत भूमि और समुद्री मार्गों के माध्यम से देशों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जाता है। बीआरआई के अंतर्गत सड़कें, रेल नेटवर्क, बंदरगाह, एयरपोर्ट, और ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। बीआरआई के तहत देशों के बीच आर्थिक साझेदारी और निवेश को बढ़ावा देने का लक्ष्य है, जिससे विकासशील देशों की आर्थिक वृद्धि को सहायता मिले।

## ईरान मूल के जर्मन कैदी के मृत्युदंड पर जर्मनी का विरोध

**बर्लिन।** जर्मनी ने अमेरिका में रहने वाले ईरान मूल के जर्मन नागरिक जमशेद शर्महद को 2020 में ईरानी सुरक्षाबलों द्वारा दुबई से अगवा करने और उसे मृत्युदंड दिये जाने को लेकर मंगलवार को ईरान के सामने विरोध दर्ज कराया और परामर्श के लिए अपने राजदूत को बर्लिन वापस बुला लिया। (जर्मन) विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि तेहरान के इस कदम पर अपना तीखा विरोध दर्ज कराने के लिए यहां ईरान के दूतावास प्रभारी को तलब किया गया। मंत्रालय ने कहा कि उसे आगे का कदम उठाने का अधिकार है। उसने कहा कि साथ ही, जर्मन राजदूत मार्कस पोत्जेल ने ईरान के विदेश मंत्री के सामने जमशेद शर्महद की हत्या का कड़ा विरोध किया।

# बाइडन ने दीपावली का त्योहार मनाया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में दिवाली समारोह का आयोजन किया जिसमें देश भर के सांसदों, अधिकारियों और कॉर्पोरेट जगत के दिग्गजों समेत 600 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी शामिल हुए।

बाइडन ने व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में कहा, राष्ट्रपति के तौर पर मुझे व्हाइट हाउस में अब तक के सबसे बड़े दिवाली समारोह की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला है। मेरे लिए इसका बहुत महत्व है। सीनेटर, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति के तौर पर दक्षिण एशियाई अमेरिकी मेरे स्टाफ के प्रमुख सदस्य रहे हैं। चुनाव प्रचार में व्यस्त होने के कारण उपराष्ट्रपति



व्हाइट हाउस में आयोजित दिवाली समारोह में शामिल भारतीय अमेरिकी।

• देश भर के सांसदों, अधिकारियों और कॉर्पोरेट जगत के दिग्गजों समेत 600 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी शामिल हुए

कमला हैरिस और बाइडन की पत्नी डॉ. जिल बाइडन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं। बाइडन के भाषण से पहले अमेरिकी सर्जन जनरल वाइस एडमिरल विवेक एच. मूर्ति, सेवानिवृत्त नौसैन्य अधिकारी एवं नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और इंडियन-अमेरिका यूथ एक्टिविस्ट श्रुति अमूला ने भी समारोह को संबोधित किया। इस दौरान सुनीता ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश भेजा।

# पूर्वी लेबनान पर इजरायली हवाई हमला, 60 की मौत

**बेरूत, एजेंसी**

लेबनान के पूर्वी बेका घाटी पर हुए इजरायली हवाई हमलों में दो बच्चों सहित कम से कम 60 लोग मारे गए जबकि 58 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को दी।

मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में घाटी के 12 इलाके प्रभावित हुए हैं, जिनमें से अधिकांश बालबेक क्षेत्र में हैं और मरने वालों की संख्या प्रारंभिक है क्योंकि बचाव कार्य अभी भी जारी हैं। बालबेक के गवर्नर बाचिर खोदर ने लेबनान और इज़रयइल के बीच संघर्ष की शुरुआत होने के बाद से क्षेत्र पर सबसे हिंसक हमले की निंदा की।

### इजराइली हमले में मरने वालों की संख्या 60 हुई

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी)।** गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि विस्थापित लोगों के आश्रय वाली एक इमारत पर इजराइली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है। मंत्रालय में फील्ड हॉस्पिटल विभाग के निदेशक डॉ. मारवान अल-हम्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को हुए हमले में मारे गए लोगों की संख्या की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 17 अन्य लोग लापता हैं।

## हिजबुल्ला ने नईम कासिम को अपना नया नेता चुना

**बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्ला चरमपंथी समूह ने नईम कासिम को अपना नया नेता चुना है, जो इजराइली हवाई हमले में मारे गए हसन नसरल्ला की जगह लेगा। हिजबुल्ला ने यह जानकारी की। कासिम लंबे समय से नसरल्ला का सहायक था और उसकी मौत के बाद से वह इस चरमपंथी समूह के कार्यवाहक नेता के रूप में काम कर रहा



है। समूह ने एक बयान में बताया कि हिजबुल्ला की निर्णय लेने वाली शूरा परिषद ने तीन दशक से अधिक समय तक नसरल्ला के उपनेता रहे कासिम को नया महासचिव चुना है। हिजबुल्ला ने नसरल्ला की नीतियों को तब तक जारी रखने का संकल्प लिया जब तक जीत हासिल नहीं हो जाती।

# पाकिस्तान में फ्रंटियर कोर के दो जवानों की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के लोअर कुर्रम जिले में अज्ञात हमलावरों के साथ गोलीबारी में फ्रंटियर कोर (एफसी) के दो जवान मारे गए हैं। अज्ञात हमलावरों ने सोमवार को चार खेल इलाके में टॉल स्काउट्स पर गोलीबारी की जिसमें दो जवान मारे गये। मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई।

डॉन की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला ऐसे समय में किया गया जब जिले में अनिश्चित स्थिति के कारण पाँच लाख निवासियों को दैनिक वस्तुओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, कई सड़कें बंद हैं और सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद है। पुलिस ने कहा कि एफसी कर्मियों को लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था।

### अलगाववादियों के हमले में पांच मजदूर मारे गए

**कराची।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत के पांजगुर जिले में संदिग्ध अलगाववादियों ने मंगलवार को एक बांध पर हमला कर दिया और पांच मजदूरों की जान ले ली। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि चरमपंथियों ने बांध में कार्यरत सुरक्षा अधिकारियों और मजदूरों पर हमला कर दिया। रिंद ने कहा, पांच लोग मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने इस बात की पुष्टि नहीं की कि हमले में क्या कोई सुरक्षा अधिकारी भी मारा गया है। रिंद ने कहा कि जिले में सुबह के समय प्रम इलाके में यह हमला किया गया।

## पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण करने वालों पर हमला

**पेशावर (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार को पोलियो टीकाकरण दल पर हमला करने वाले तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। सूत्रों ने यहां बताया कि एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने उसी प्रांत के एक डिस्पेंसरी में पोलियो टीकाकरण करने वाली टीम को बंधक बना लिया। पहली घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे औरकजई कबायली जिले में हुई, जहां पोलियो टीकाकरण कर्मियों पर हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कम से कम तीन आतंकवादियों को मार गिराया। किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उत्तरी वजीरिस्तान की तहसील शेवा में हुई दूसरी घटना में आतंकवादियों ने ममेत कोट डिस्पेंसरी में पोलियो टीकाकरण टीम को बंधक बना लिया।

# राजस्थान में सड़क हादसे में 12 की मौत

• अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के नीचे दीवार से टकराई बस, कम से कम 30 लोग घायल

• घायलों में से कुछ को जयपुर रेफर किया गया, अन्य का स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा इलाज

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान के सीकर जिले में मंगलवार अपराह्न एक भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना लक्ष्मणगढ़ में अपराह्न करीब दो बजे की है जब सालासर से आ रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के नीचे दीवार से टकरा गई, जिससे चालक की तरफ वाला हिस्सा तहस नहस हो गया।

सीकर के पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने संवाददाताओं से कहा, 12 लोगों की मौत की सूचना है। घायलों में से कुछ को जयपुर रेफर किया गया है। बाकी का स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। सिंह ने बताया कि मृतकों और घायलों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित किया जा रहा है और घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक





क्रेन से हटाई जाती क्षतिग्रस्त बस। • एजेंसी

भुवन भूषण यादव ने बताया कि सालासर से लक्ष्मणगढ़ आ रही निजी बस फ्लाईओवर के पास से मुड़ना था लेकिन संभवतः तेज गति के कारण चालक बस को मोड़ नहीं पाया और चालक की तरफ वाला हिस्सा फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि बस का एक तरफ का हिस्सा तहस नहस हो गया। मृतकों में विनीता (32), सीमा (22), किरण कंवर, कमला (35), बनारसी (55), आदित्य (16) तथा प्रमोद सिंह (35) शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

# शेख हसीना की अवामी लीग पर लग सकता है प्रतिबंध

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग (एएल) पार्टी पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। भले ही अवामी लीग अभी अपनी राजनीतिक गतिविधियों को जारी रख सकती है, लेकिन अंतरिम सरकार द्वारा इसकी छात्र शाखा-छात्र लीग (बीसीएल) पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पार्टी पर प्रतिबंध लगने की संभावना बढ़ गया है।

आवामी लीग पर प्रतिबंद्ध लगाए जाने की संभावना इसलिए अधिक है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) एएल की संभावित वापसी को रोकने के लिए जमात-ए-इस्लामी का समर्थन मांग रही है। बीएनपी नेताओं ने चुनावी मतपत्र में अवामी लीग के खिलाफ एकजुट हमले का आह्वान किया है।

### कुशासन का संग्रहालय बनेगा गणभवन : यूनुस

**ढाका।** मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा है कि वह उनके पारिवारिक निवास गणभवन (पीपुल्स हाउस) को उनके कुशासन का प्रतिनिधित्व करने वाले संग्रहालय में बदलने की योजना बना रही है। यूनुस ने अपने कैबिनेट के सलाहकारों के साथ सोमवार को गणभवन का दौरा कर इसकी घोषणा की।

अमेरिकी चुनाव | अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ अंतिम चरण में

# ट्रंप व हैरिस ने एक-दूसरे पर किए तीखे हमले

**अटलांटा, एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दौड़ के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बीच उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनावी जंग के लिहाज से अहम उन राज्यों के मतदाताओं को लुभाने के लिए एक-दूसरे पर तीखे हमले बोले जो इस बेहद कड़े मुकाबले का नतीजा तय कर सकते हैं।

रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने सोमवार को अटलांटा में जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के परिसर में मैककैमिश पवेलियन में एक रैली को संबोधित किया। ट्रंप ने रैली में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं द्वारा उनकी तुलना नाजियों से करने के प्रयासों को खारिज कर दिया। उन्होंने जॉर्जिया की राजधानी में कहा,



रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सोमवार को एक सम्मेलन के दौरान पादरी पाउला व्हाइट के साथ। • एजेंसी

कमला और उनके चुनाव अभियान की सबसे नयी बात यह है कि जो कोई भी उन्हें वोट नहीं दे रहा है वह नाजी है। जॉर्जिया चुनावी जंग के लिहाज से अहम उन सात राज्यों में से एक है जो पांच नवंबर के चुनाव को निर्णायक रूप से किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मोड़ सकता है। ट्रंप ने कहा, मैं नाजी नहीं हूं... मैं एक नाजी के विपरीत हूं। ट्रंप ने हैरिस को फासीवादी कहकर उनकी आलोचना की। ट्रंप ने कहा, वह फासीवादी हैं। न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में ट्रंप की रविवार की रैली के बाद हैरिस की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने इसकी तुलना आयोजन स्थल पर 1939 की नाजी सभा से की।

इस सप्ताह अंतिम राष्ट्रव्यापी सीएनएन सर्वेक्षण में पाया गया कि 47 प्रतिशत संभावित मतदाता हैरिस का समर्थन करते हैं और इतने ही मतदाता चुनाव में ट्रंप का समर्थन करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना कॉलेज की ओर से 20 से 23 अक्टूबर तक किये गए अंतिम राष्ट्रीय सर्वेक्षण में, दोनों उम्मीदवार 48 प्रतिशत के साथ बराबरी पर रहे। शेष चार प्रतिशत मतदाताओं को अभी अपनी प्राथमिकता तय करनी है। व्हाइट हाउस की दौड़ जीतने के लिए सफल उम्मीदवार को 538 में से 270 इलेक्टोरल वोट हासिल करने होंगे।

# ईरान के महत्वपूर्ण सैन्य अड्डे पर नुकसान का पता चला

• सेटेलाइट तस्वीरों ने इजराइल के ईरान पर किए हमले को लेकर नये सवाल खड़े कर दिए

**दुबई, एजेंसी**

सेटेलाइट तस्वीरों से मंगलवार को पता चला कि इजराइल के हमले में ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड के महत्वपूर्ण सैन्य अड्डे को क्षति पहुंचने की संभावना जताई गई है, जिसमें बैलिस्टिक मिसाइल का निर्माण किया जाता है और उसके अतंरिक्ष कार्यक्रम के तहत रॉकेट प्रक्षेपण के लिए भी इस स्थान का उपयोग किया जाता है।

शाहरूद में सैन्य अड्डे पर हुए नुकसान ने इजराइल द्वारा शनिवार तड़के ईरान पर किए हमले को लेकर नये सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर इसलिए क्योंकि यह हमला ऐसे क्षेत्र में हुआ, जिसे लेकर तेहरान ने पहले कोई बात नहीं कही है। ईरान ने केवल इलम, खुजेस्तान और तेहरान प्रांतों में होने वाले इजराइली हमलों की पहचान की है। उसने ग्रामीण सेमनान प्रांत में हमले के बारे में कुछ नहीं कहा है। इस नुकसान से रेवोल्यूशनरी गार्ड की बैलिस्टिक मिसाइलों के निर्माण की क्षमता भी संभावित रूप से प्रभावित होगी, जिनकी उसे इजराइल के खिलाफ जवाबी हमले के लिए आवश्यकता है। ईरान लंबे समय से इस सैन्य अड्डे पर निर्भर रहा है क्योंकि वह पश्चिम के उन उन्नत हथियारों को नहीं खरीद सकता है जिनसे इजराइल और तेहरान के खाड़ी अरब पड़ोसी वर्षों से खुद को लैस कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने इस संबंध में टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।